बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 14 मई 2024
वर्ष 2, अंक 263, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारी बर्फबारी बन सकती है भूकंप का कारण 18

वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख 2

राहुल बोले-अब जल्दी करनी पड़ेगी शादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली की रैली में एक समर्थक के सवाल पर दिया जवाब

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब उन्हें जल्दी शादी करनी पड़ेगी। सोमवार को रायबरेली में आयोजित जनसभा में एक समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया।

रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन करने के बाद वह सोमवार को पहली बार महराजगंज स्थित मेला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इस सवाल का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी ने सभा में अपने संबोधन के समापन के समय अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को बुलाया और उनके कंधे पर हाथ रखते हुए रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सामने की ओर इशारा करते हुए कहा कि राहुल पहले समर्थक के सवाल का जवाब दें। समर्थक का सवाल है कि वह शादी कब कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि अब जल्दी ही करनी पड़ेगी।

- दोनों ही कक्षाओं में त्रिवेंद्रम रीजन का सबसे अच्छा प्रदर्शन

10वीं में 93.60 और 12वीं में 87.98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण, सर्वोच्च स्थान पाने वाले छात्रों को मिलेगा मेरिट प्रमाण पत्र

सीबीएसई के नतीजे घोषित : शिखर पर फिर छात्राएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किए गए नतीजों के अनुसार 10वीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्राएं जबकि 12वीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि 12वीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और 10वीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।

बोर्ड ने पहले 12वीं के नतीजे घोषित किए और उसके करीब एक घंटे बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिए। इस बार सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10वीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जाएगा।

इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए हैं। सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 93.60 रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक सफल हुए हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है। सीबीएसई की 12वीं के नतीजे में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बना है। वहीं, प्रयागराज का परिणाम 78.25 प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है।

वहीं, 10वीं कक्षा में भी त्रिवेंद्रम रीजन का नतीजा 99.75 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 प्रतिशत के साथ के साथ विजयवाड़ा क्षेत्र है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई क्षेत्र है। सबसे खराब नतीजा गुवाहाटी क्षेत्र का 77.94 प्रतिशत है।

दिल्ली क्षेत्र में 2,95,792 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी और 2,80,925 छात्र सफल हुए हैं। दिल्ली में 94.97 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होंगी

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होगी। बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को यह घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है।

10वीं में सबसे अधिक नंबर गणित में मिले 12वीं में चित्रकला में

सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जबकि 12वीं कक्षा में छात्रों ने सबसे अधिक यह उपलब्धि चित्रकला विषय में हासिल की है। आंकड़ों के मुताबिक 10वीं कक्षा में 11,253 छात्रों ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके बाद संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का स्थान है जिनमें क्रमश : 6700 और 6,269 विद्यार्थियों ने यह कारनामा कर दिखाया। 12वीं कक्षा में 10,402 विद्यार्थियों ने चित्रकला में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

एक नजर

केजरीवाल को पद से हटाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 4.83 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4.85 प्रतिशत के स्तर पर थी जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़ोतरी के साथ 8.70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8.52 प्रतिशत के स्तर पर थी।

प्रदेश में लोकसभा की 13 सीटों पर हुआ शांतिपूर्ण मतदान

चौथे चरण में 58.09% वोटिंग

- खीरी में सबसे ज्यादा 64.73, कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत वोटिंग
- शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 58.09 प्रतिशत मतदान हुआ। खीरी में सबसे ज्यादा 64.73 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.24 प्रतिशत, धौरहरा में 64.45 प्रतिशत, सीतापुर में 61.91 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.57 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.79 प्रतिशत, उन्नाव में 55.44 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 58.97 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.38 प्रतिशत, कन्नौज में 61 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.66 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष रखे जाने व प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए कुल 14,126 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 5420 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी।

पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियों (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवाएं व मतदान कार्मिक) में 35,045 मतदाताओं ने मतदान किया।

दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

इस चरण में कई दिग्गज नेताओं समेत 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। दिग्गज प्रत्याशियों में कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, खीरी से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, भाजपा सांसद साक्षी महाराज, सपा से अन्नू टंडन आदि शामिल हैं।

10 राज्यों की 96 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 63.18 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर मतदान कराया गया। इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में क्रमश : 68.20 और 64.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

वोट डालने के बाद प्रसन्न मुद्रा में अजय मिश्र टेनी।

मतदान के दौरान आईं 150 शिकायतें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर 150 शिकायतें मिलीं। इनमें ईवीएम खराब होने, फर्जी मतदान होने आदि शामिल हैं। जांच कराने पर शिकायतें सही नहीं पाई गईं। सबसे ज्यादा शिकायतें कन्नौज व सबसे कम खीरी से दर्ज हुईं। मॉक पोल के दौरान कुल 131 बैलेट यूनिट, 210 कंट्रोल यूनिट व 286 वीवीपैट बदले गए व मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 53 बैलेट यूनिट, 53 कंट्रोल यूनिट व 201 वीवीपैट बदले गए। ददरौल में मॉक पोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, तीन कंट्रोल यूनिट व पांच वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व तीन वीवीपैट बदले गए। शिकायतें आने पर समय पर ईवीएम को बदला गया।

ईवीएम की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

राहुल वोट मांगते हैं रायबरेली से, समर्थन पाते हैं पाकिस्तान से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने पूछा-आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं
- गाय हमारी माता है, इसे काटोगे तो हो जाएगा दो-दो हाथ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के लिए बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा है। योगी ने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं।

कांग्रेस को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय हमारी माता है, अगर इसे काटोगे तो दो-दो हाथ तय है। बाराबंकी के हैदरगढ़ में योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास घोटालों का रहा है। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए वोट की अपील की। रायबरेली के सरेनी में मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की।

पाकिस्तान में एक किलो आटे को मारामारी

बांदा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते योगी ने कहा कि देश में 80 करोड़ जरुरतमंदों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। वहीं, आज एक अखबार में छपा है कि पाकिस्तान में एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है। वहां दंगे हो रहे हैं। बोले कि पीओके में लोग भारत का हिस्सा बनने को आंदोलित हैं क्योंकि उनका मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

फूलों की बारिश के बीच निकला मोदी का भव्य रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मानो कोई भव्य बरात हो और उसमें अधिकांश काशीवासी शामिल हों। इस दौरान बुजुर्ग, युवा, महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते बना। मौका था नामांकन से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो का। वाराणसी के इस रोड शो में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। फूलों की बारिश के बीच मोदी खुले वाहन में सवार होकर वाराणसी की सड़कों पर निकले और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

मोदी के रोड शो का संचालन महिलाएं करतीं दिखीं। लगभग पांच हजार से ज्यादा महिलाएं उनके स्वागत के लिए आगे आगे चल रही थीं। मुस्लिम महिलाएं भी मोदी के स्वागत को आगे आईं। महिला, पुरुष दोनों नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए फूल माला लेकर उनका इंतजार करते रहे। प्रधानमंत्री के साथ वाहन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे।

रोड शो के रास्तों पर हर तरफ शंख और शहनाई गूंज रही थी। हर-हर महादेव का उद्घोष भी हो रहा था। रोड शो को देखने के लिए छोटे-छोटे बच्चे भी सड़क किनारे खड़े दिखे। हर तरफ दृश्य भगवामय था। गोदौलिया चौराहे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। यादव समाज की ओर से कलाकारों ने मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का दावा करने वाली हिमांगी सखी भी रोड शो में पहुंचीं।

रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

- नामांकन से पहले वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़
- शहनाई की धुन, शंख की गूंज के बीच हर-हर महादेव का होता रहा उद्घोष

प्रधानमंत्री आज करेंगे नामांकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा शासित और गठबंधन वाले 12 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। एनडीए के प्रमुख घटक रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर समेत अन्य केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सुबह करीब 9 बजे मोदी दशास्वमेध घाट पर गंगा को नमन करेंगे फिर उनका क्रूज़ से नमो घाट तक जाना भी प्रस्तावित है। यहां से काल भैरव मंदिर जाएंगे फिर वहां से नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे।

दिल्ली सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल से अभद्रता, केजरीवाल के स्टॉफ पर आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य द्वारा उन पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचीं और यह आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास और (आप) की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

- फोन पर सूचना के बाद थाने पर की मौखिक शिकायत

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके. मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल आया जिसमें महिला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में उनपर हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद सांसद थाने आईं।

जांच टीम भेजेगा महिला आयोग : राष्ट्रीय महिला आयोग स्वाति मालीवाल पर कथित हमले की जांच के लिए एक टीम भेजेगा। आयोग ने कहा कि वह इस मामले में कार्रवाई रिपोर्ट भेजने के लिए दिल्ली पुलिस को औपचारिक पत्र भी भेजेगा।

भाजपा ने की प्रकरण की जांच की मांग

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसी घटना किसी भी महिला के साथ होती है तो उसे न्याय मिलना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में 14 इनामी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, एजेंसी

- इनमें से 11 के सिर पर था 41 लाख का इनाम

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 11 के सिर पर कुल 41 लाख रुपये का इनाम है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी-पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने गिरफ्तारियां कीं। बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत रविवार को डीआरजी बीजापुर और गंगालूर थाना के दल के गश्त के लिए रवाना किया गया था। पीड़िया-मुतवेंडी के मध्य जंगल में घेराबंदी कर 14 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।

गढ़चिरौली में तीन नक्सली मारे गए : महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिनमें दो महिलाएं हैं। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में हुई मुठभेड़ में एक पुरुष और दो महिला नक्सली मारे गए। मौके से एक एके-47 राइफल, एक कार्बाइन, एक इंसास राइफल मिले।

भाजपा प्रत्याशी माधवी लता के खिलाफ एफआईआर

- मुस्लिम महिलाओं का नकाब हटाकर चेहरा दिखाने का आरोप

हैदराबाद। हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार माधवी लता का सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह बुर्का पहनी महिला मतदाताओं से कथित रूप से नकाब हटाने और चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं ताकि पहचान पत्र से उनके चेहरे का मिलान किया जा सके। यह वीडियो सामने आने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।

मां-बाप की सीट कैसी, क्या इटली से लेकर आए थे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अमित शाह ने एक इंटरव्यू में राहुल गांधी और रायबरेली सीट पर दी प्रतिक्रिया
- बोले, सीट किसी की नहीं होती, जनता चुनती है अपना जनप्रतिनिधि

अमृत विचार : गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मां की सीट, बाप की सीट कहने की गांधी परिवार ने मीडिया को आदत डाल दी है। मां की सीट कैसे हो सकती है, इटली से लेकर आए थे क्या? कोई सीट किसी की नहीं होती है। जनता तय करती है कि उनका जनप्रतिनिधि कौन होगा।

अमित शाह सोमवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से लोस चुनाव लड़ने के एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि, दो जगह से चुनाव तो लड़ सकते हैं, लेकिन राहुल ने हार के भय से वायनाड के साथ रायबरेली चुना। यह अच्छी बात नहीं है। पारदर्शिता रखनी चाहिए।

आरक्षण को लेकर अमित शाह ने कहा कि फेक वीडियो क्यों बनाना पड़ा। वह लोग आत्मविश्वास खो चुके हैं। जहां तक आरक्षण का सवाल है। हमारे पास दस साल से पूर्ण बहुमत है। हमने इसका इस्तेमाल आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक हटाने, राम मंदिर बनाने के लिए पूर्ण बहुमत का इस्तेमाल किया है। आरक्षण पर आघात इन लोगों ने ही किया है। हमने कोई भेद करने वाला काम नहीं किया है।

2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर की गई अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी पर अमित शाह ने कहा, फिर स्पष्ट कर देता हूं, 2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे और 29 के बाद भी वे ही हमारी पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

केजरीवाल को फिर तिहाड़ जाना है

अरविंद केजरीवाल पर ही अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अमित शाह ने कहा, केजरीवाल की याचिका थी कि मैं दोषमुक्त हूं मुझे रिहा कर दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना, फिर उन्होंने याचिका को मोडिफाई किया और कहा कि हमें बेल दे दीजिए वो भी कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। उसके बाद फिर से याचिका संशोधित की गई और कहा कि चुनाव प्रचार के लिए हमें अंतरिम बेल दीजिए जिसे सुप्रीम कोर्ट ने माना और एक तारीख तक के लिए अंतरिम बेल दी है, दो तारीख को उन्हें फिर से तिहाड़ जाना है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

प्ले ऑफ की दौड़ में आगे जाने की कोशिश में लखनऊ और दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या

टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। राहुल अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है।

औसत नहीं, प्रभाव के आधार पर चुने जाएंगे खिलाड़ी: मिलर

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा।

पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाई है। मिलर ने कहा मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है, लेकिन टी20 में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण। जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है।

आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर नतीजे देने की क्षमता दिखाई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। दस दिन पहले अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर चल रही आरसीबी ने जोरदार वापसी की और उसके पास नॉक आउट में जगह बनाने का भी मौका है। मूडी ने से कहा एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई।

आक्रामक नीति से मिल रही है जीत: डुप्लेसी

बेंगलुरु। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि नई आक्रामक नीति के कारण उनकी टीम को लगातार पांच मैचों में जीत मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को रविवार रात हुये मुकाबले में 47 रनों से हराने के बाद आरसीबी के कप्तान डुप्लेसी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हमें गर्व है कि हमने एक साथ प्रदर्शन किया।

खेल डायरी

भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बने पी श्याम निखिल

दुबई। पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर (जीएम) नॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्यामनिखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा। श्यामनिखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गये टूर्नामेंट में हासिल किया। इस खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिये थे।

स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के बीच से हटे चोटिल रमित टंडन

काहिरा। भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

कोरियाई सांस्कृतिक केन्द्र के छह ताइक्वांडो छात्र राष्ट्रीय टीम में

नई दिल्ली। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के छह ताइक्वांडो छात्रों को भारतीय राष्ट्रीय टीम में स्थान मिला है। ये प्रतिभाशाली छात्र 14 मई को वियतनाम के दा नांग में शुरू होने जा रही एशियाई ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के प्रतिभाशाली छह छात्र अविनाश कुमार साहनी, अनुराग यादव, शिल्पा थापा, हर्षवर्द्धन गुरुंग, कुणाल कुमार और रितिका नेगी इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

निकहत, मीनाक्षी, अनामिका ने की विजयी शुरुआत

अस्ताना (कजाकिस्तान)। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को यहां एलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया पर 5-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने भी अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। मीनाक्षी ने कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया, वहीं अनामिका ने पहले दौर में झुमाबायेवा अराइलीम को हराया। सोनिया (54 किग्रा) को हालांकि चीन की चांग युआन के खिलाफ 0-5 की हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में इश्मीत सिंह (75 किग्रा) को कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मैंट ने 5-0 से हराया। शिव थापा (63.5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को चुनौती पेश करेंगे।

टी-20 विश्व कप में नीदरलैंड के कप्तान होंगे स्कॉट

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी।

आईपीएल से हटे लियाम, इंग्लैंड लौटे बटलर, जैक्स और टॉपली

पाकिस्तान श्रृंखला और टी-20 विश्व कप के लिए वापस जाएंगे बाकी खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। लिविंगस्टोन के अलावा जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), विल जैक्स और रीस टॉपली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) ने भी 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टीम में शामिल होने के लिए आईपीएल छोड़ दिया है।

पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा। पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया। स्वदेश लौटने के कारण लिविंगस्टोन

राजस्थान रॉयल्स (15 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (19 मई) के खिलाफ पंजाब किंग्स के अंतिम दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लिविंगस्टोन की चोट गंभीर नहीं है लेकिन सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही घरेलू टी20 श्रृंखला से पहले उन्हें उपचार के लिए अधिक समय देने का फैसला किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के बाद गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज रवाना होगी जहां वह बारबडोस के ब्रिजटाउन में चार जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में खेल रहे इंग्लैंड की विश्व कप टीम में शामिल मोईन अली (चेन्नई सुपरकिंग्स), सैम कुरेन, जॉनी बेयरस्टो (दोनों पंजाब किंग्स) और फिल सॉल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) जल्द ही स्वदेश लौट जाएंगे।

गोयनका के भड़ास पर बोले क्लूसनर, दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच की ठोस बातचीत थी

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने टीम मालिक संजीव गोयनका के कप्तान केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास उतारने के मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि यह दो क्रिकेटप्रेमियों की आपस की बातचीत थी। पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ की शर्मनाक हार के बाद गोयनका को सार्वजनिक तौर पर राहुल पर भड़ास उतारते हुए देखा गया था। राहुल के लखनऊ का कप्तान बने रहने को लेकर भी अनिश्चितता जताई जा रही है लेकिन क्लूसनर ने कहा कि इस विषय पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच इस बात की बातचीत में कोई समस्या नहीं है। हमें ठोस बातचीत पसंद है। इसी से टीमों का प्रदर्शन बेहतर होता है। हमारे लिये यह बड़ी बात नहीं है।

अहमदाबाद में बारिश ने रोका मुकबला

अहमदाबाद। प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाइ कर चुकी केकेआर और अपनी खराब फार्म से जूझती गुजरात की टीम का मुकाबला अहमदाबाद के खराब मौमस के चलते रोका गया। बता दें कि गुजरात की टीम का प्लेऑफ में जाना लगभग नामुमकिन लग रहा है। कई आंकड़ों और बहुत सारे गुणा भाग के बाद ही गुजरात को प्ले ऑफ में जगह मिल सकती है। वहीं केकेआर की टीम अंकतालिका में शीर्ष पर है और प्ले ऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाइ कर चुकी है। अहमदाबाद के मुकाबले से केकेआर को कोई खासा फर्क नहीं पड़ेगा। अगर गुजरात जीत जाती है तो 14 अंकों के साथ अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	12	9	3	18	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
बेंगलुरु	13	6	7	12	+0.387
दिल्ली	13	6	7	12	-0.482
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

रोम। नोवाक जोकोविच इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरूआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गए थे।

सीधे फेड कप फाइनल्स में खेलेंगे चोपड़ा और जेना

भुवनेश्वर। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

सात्विक-चिराग करेंगे थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई

बैंकॉक, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी आज से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों के सामने थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया

डबलिन। पाकिस्तान ने पहले टी-20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। आयरलैंड ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने सात विकेट पर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने 140 रन की साझेदारी कर मैच जीत लिया। इससे पहले मैच के दौरान शाहीन अफरीदी जब ड्रेसिंग रूम से मैदान की तरफ जा रहे थे, तब अफगान फैन ने उनको लेकर अपशब्द कहा। अफरीदी ने मामला सिक्योरिटी को बताया और फैन को मैदान से बाहर निकाला गया। वीडियो में सुरक्षा अधिकारी को फैन को बाहर निकलाते हुए देखा जा सकता है।

एटलेटिको ने सेल्टा को हराया चैंपियंस लीग में पहुंचने के करीब

मैड्रिड, एजेंसी

एटलेटिको मैड्रिड यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था। एटलेटिको की यह लगातार तीसरी जीत है और टीम तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सीलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया को 3-2 से हराया और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई।

आभा ने महिला शॉट पुट में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



भुवनेश्वर। आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 18.41 मीटर की दूरी के साथ महिलाओं के गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रही आभा इस प्रतियोगिता से पहले मनप्रीत कौर के साथ 18.06 मीटर की संयुक्त रिकॉर्ड धारक थीं।

उन्होंने हालांकि यहां के कलिंगा स्टेडियम में पांचवें प्रयास में 18.41 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। उनका प्रयास ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर 18.80 मीटर से काफी कम था। ओलंपिक क्वालीफाई का समय 30 जून को खत्म हो रहा है।

बॉलीवुड हलचल

गदर मचाने को तैयार जूनियर एनटीआर

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अब बॉलीवुड में भी गदर मचाने के लिये तैयार हैं। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के बाद जूनियर एनटीआर शोहरत की बुलंदियों पर है। जहां साउथ में वह फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आएंगे, वहीं हिंदी में फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आयेंगे। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर ने अब अपने काम को संभालने के लिए एक टॉप एजेंसी हायर की है। यह एजेंसी उनके ऐड्स का काम तो देखेगी ही साथ ही उनके हिंदी प्रोजेक्ट्स का काम भी देखेगी। जूनियर एनटीआर हिंदी सिनेमा में अपने करिअर को और आगे ले जाना चाहते हैं। वॉर 2 के जरिए जूनियर एनटीआर पहली बार किसी हिंदी फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट 1 को लेकर भी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन कोराटाला शिवा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दो पार्ट में बनेगी।

वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपने बेटे आर्यन की वेबसीरीज स्टारडम में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। आर्यन 'स्टारडम' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टारडम की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी एडिटिंग का काम शुरू होने वाला है।कहा जा रहा है कि शाहरुख भी स्टारडम में खास किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री में जिस तरह की जिंदगी होती है, शाहरूख का किरदार स्टारडम में वैसा हीं है। कहा जा रहा है कि वेब सीरीज स्टारडम में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर, बॉबी देओल जैसे सितारों के भी कैमियो रोल में नजर में आ सकते हैं। इसके साथ ही शाहरूख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में भी नजर आएंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

युवाओं में दिखा उत्साह

कानपुर देहात। जनपद में हुए मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवा मतदान को लेकर उत्साह से लवरेज देखे गए। युवा मतदाताओं ने न केवल खुद मतदान किया। बल्कि अपने परिवार के बडे-बुजुर्गों को बूथ तक लाने में अहम भूमिका निभाई है। सोमवार को गर्मी के मौसम में भी युवाओं का उत्साह और बढ़ गया। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक 18 से 22 वर्ग के युवाओं में अपने मताधिकार को लेकर काफी जोश दिखा। वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों ने खुशी जताई और अपने विचार रखे।

--- बोले युवा ---

पहली बार वोट डालकर काफी खुशी हुई। मतदान केंद्र पर चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था थी। ईवीएम मशीन से वोट डालते ही वीवीपैट मशीन से पर्ची भी निकली। जिसे देखकर संतुष्टि हो गई कि मजबूत सरकार बनाने के लिए मैने अपना वोट किया। **-पारुल**

हम ऐसी सरकार चुनना चाहते हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा व युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के बेहतर से बेहतर स्तर उपलब्ध कराए। नफरत की राजनीति करने वाले पसंद नहीं हैं। भारत लोकतांत्रिक देश है। **-आराधना मिश्रा**

सारे काम छोड़ कर सबसे पहले वोट का नारा हमने सिद्ध कर दिखाया। सुबह ही बूथ पर पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान प्रक्रिया से रूबरू होने का अवसर मिला। मतदान करके बेहद खुशी महसूस हो रही है। लोगों को प्रेरित कर मतदान केंद्र पहुंच वोट डालने को कहा है। **-ज्ञानी विश्नोई**

बचपन से ही वोट डालने में रुचि थी, लेकिन तब हम छोटे थे। मतदान के दिन मां के साथ जाते थे। वोट डालने का भी मन करता था। जात-पात को नजर अंदाज करते हुए विकास के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए वोट डाला है। **-कोमल सेंगर**

मतदान के बाद खुशी का इजहार करतीं महिलाएं और युवतियां। अमृत विचार

रसूलाबाद में मतदान के लिए लोगों की कतार लगी रही। अमृत विचार

कंट्रोल रूम में सुबह से शाम तक घनघनाते रहे फोन

कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव के लिए कलक्ट्रेट भवन में बनाए गए कंट्रोल रूम में सुबह सात बजे से फोन की घंटी बजने लगी। यहां मुस्तैद कर्मचारी हर वोटर की शिकायत सुनकर निस्तारण की कोशिश करते रहे। सभी शिकायत दर्ज की गईं। एक शिकायत दर्ज नहीं हो पाती और दूसरा फोन बजने लगता। फोन पर कोई पूछता कि मतदाता सूची में नाम न होने के बाद वोट डाल सकते हैं, लेकिन यहां तो मना किया जा रहा है।

वोटरों में दिखा जोश, 59.56 फीसदी मतदान

वर्ष 2019 के चुनाव में 60.50 फीसदी हुआ था मतदान, धूप में भी कतार में खड़े रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के अंतर्गत जनपद में सोमवार को वोट डाले गए। गर्मी व उमस के बावजूद मतदाताओं का जोश देखने लायक रहा। जिले में कुल 59.56 फीसदी मतदान हुआ। जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 60.50 प्रतिशत वोट पड़े थे।

सोमवार को सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। लेकिन बूथों पर लगी कतारें मतदाताओं का हौसला नहीं तोड़ सकीं। युवा और महिलाओं में मतदाप के प्रति उत्साह देखा गया। वहीं बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। हालाकि दोपहर में कड़ी धूप व गर्मी के चलते मतदान की रफ्तार हुई और सन्नाटा पसरा नजर आया, लेकिन धूप का असर कम होते ही फिर से मतदान में तेजी आ गई और भीड़ उमड़ने लगी।

वहीं धूप की वजह से मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं रहा और सुबह से मतदान को लेकर उतार-चढ़ाव चलता रहा।

शाम को आए आंकड़ों के मुताबिक जिलेभर में 59.56 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के मतदाताओं ने अकबरपुर, इटावा व कन्नौज लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान किया। इस दौरान एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह, डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने अपनी टीम के साथ अकबरपुर, डेरापुर आदि क्षेत्रों का दौरा किया। वहीं एडीएम, एसडीएम व सीओ भी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

बारा मतदान केंद्र पहुंचे एडीजी आलोक कुमार और एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

मतदान के बाद बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर पर बैठाकर बाहर छोड़ने में सहयोग करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

ईवीएम जमा कराने में हुई खासी जद्दोजहद

मतदान खत्म होने के बाद अकबरपुर-रनियां, सिकंदरा व रसूलाबाद विधानसभा की ईवीएम जमा कराने का काम अकबरपुर डिग्री कालेज में शुरू हुआ। तीनों विधानसभाओं की ईवीएम जमा करने के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। जल्दबाजी के चक्कर में बड़ी संख्या में मतदान कार्मिक अभिलेख पूरे नहीं लाए। उनको अभिलेख पूरे करने के लिए कहा गया तो वह वहीं बैठकर कागजात दुरस्त करने में लग गए। मतदान कार्मिकों को लेकर पहुंची बसों व अन्य वाहनों की वजह से अकबरपुर अंडरपास चौराहा से माती रोड पर जाम लग गया। जिसमे लोग फंसे रहे। अकबरपुर डिग्री कालेज में मेला सा नजारा रहा। वहीं ईवीएम जमा करने आए मतदान कार्मिकों को कागजात पूरे करने के निर्देश अधिकारी लाउडस्पीकर से देते रहे। अधिकारियों ने कहा कि अभिलेख पूरे होने के बाद ही ईवीएम जमा की जाएगी। अगर किसी ने काम अधूरा छोड़ा है तो उसे घर से बुलाकर फिर पूरा कराया जाएगा।

यूं चला मतदान

सुबह 7 से 9 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 14.35 प्रतिशत
सिकंदरा : 10.96 प्रतिशत
रसूलाबाद : 13.34 प्रतिशत

सुबह 9 से 11 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 29.29 प्रतिशत
सिकंदरा : 23.61 प्रतिशत
रसूलाबाद : 28.02 प्रतिशत

सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 42.28 प्रतिशत
सिकंदरा : 36.81 प्रतिशत
रसूलाबाद : 41.18 प्रतिशत

दोपहर 1 से 3 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 50.86 प्रतिशत
सिकंदरा : 45.18 प्रतिशत
रसूलाबाद : 49.63 प्रतिशत

दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 60.44 प्रतिशत
सिकंदरा : 54.09 प्रतिशत
रसूलाबाद : 58.24 प्रतिशत

शाम 5 से 6 बजे तक
अकबरपुर-रनियां : 62.59 प्रतिशत
सिकंदरा : 56.17 प्रतिशत
रसूलाबाद : 59.93 प्रतिशत

वोट की चोट में अकबरपुर-रनियां के मतदाता अव्वल

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

अमृत विचार। तीन संसदीय सीट के लिए सोमवार को जिले के मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान की दौड़ में अकबरपुर-रनियां विधानसभा के मतदाता सबसे आगे निकल गए। यहां सबसे अधिक 62.59 फीसदी मतदान हुआ। जबकि रसूलाबाद व सिकंदरा विधानसभा के मतदाताओं के बीच कांटे की टक्कर रही। सुबह सात से लेकर शाम छह बजे तक कई बार उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

जनपद कानपुर देहात के पास खुद की कोई लोकसभा सीट नहीं है। लेकिन यहां के मतदाता चार सांसदों को संसद तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अकबरपुर-रनियां, सिकंदरा, रसूलाबाद व भोगनीपुर चार विधानसभाएं हैं। जहां के मतदाता अलग-अलग संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान करते हैं। सोमवार को चौथे चरण के लिए तीन संसदीय क्षेत्र के लिए अकबरपुर-रनियां, रसूलाबाद व सिकंदरा

- **दूसरे नंबर पर रसूलाबाद के मतदाताओं ने 59.93 फीसदी किया मतदान**
- **सिकंदरा विधानसभा के मतदाता फिसड्डी, केवल 56.17 फीसदी पड़े वोट**

विधानसभा में वोट डाले गए। गर्मी व उमस के बीच मतदाताओं ने मतदान में हौसला दिखाया। सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ तो चुनावी दौड़ में अकबरपुर-रनियां विधानसभा के मतदाता सबसे आगे जाते दिखे।

दूसरे नंबर रसूलाबाद और तीसरे पर सिकंदरा विधानसभा के मतदाता रहे। इसके बाद अगले चार घंटों तक 9 से दोपहर 1 बजे तक इसी तरह का क्रम बना रहा। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत में अकबरपुर-रनियां व रसूलाबाद विधानसभा के बीच मामूली अंतर रहा। दोपहर में कड़ी धूप के दौरान अकबरपुर के मतदाताओं ने फिर से हौसला दिखाया और मतदात में तेजी रही। दोपहर बाद 3 से 5 बजे की रेस में अकबरपुर-रनियां के मतदाताओं ने किसी को आगे नहीं निकलने दिया। शाम छह बजे तक फाइनल दौड़ में अकबरपुर-रनियां विधानसभा के मतदाताों ने बाजी मारी और सबसे अधिक मतदान 62.59 प्रतिशत किया। जबकि दूसरे नंबर रसूलाबाद विधानसभा के मतदाताओं ने 59.93 फीसदी मतदान किया। वहीं सिकंदरा विधानसभा फिसड्डी रहा। यहां 56.17 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया।

वोट डालने आई 100 वर्षीय शकुंतला।

पैदल वोट डालने आई 85 वर्षीय अगाना।

मतदान के बाद बुजुर्ग गायत्री देवी।

उम्र नहीं रोक सकी वोट का जज्बा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। इस बार मतदान को लेकर लोगों में जमकर उत्साह रहा। यहां भी उम्र भी मतदान के बीच आड़े नहीं आई। दरअसल रनियां क्षेत्र के कटका गांव निवासी उम्रदराज

- **100 बरस की शकुंतला ने बेटे के साथ पहुंचकर किया मतदान**

सौ वर्षीय शकुंतला देवी भी अपने पुत्र दुर्गा प्रसाद द्विवेदी के साथ बूथ पर पहुंची तो उन्हें व्हीलचेयर पर बैठाकर कक्ष तक पहुंचाया गया। इसी तरह 85 वर्षीय अगाना करीब एक किलोमीटर पैदल चलकर अकबरपुर-रनियां विधानसभा के करचल बूथ पर पहुंची। वहीं राजपुर क्षेत्र में 75 वर्षीय गायत्री देवी समेत अन्य बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी जज्बा दिखा।

बूथों में उत्साह, सड़कों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इसका असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। मतदान के बाद लोग अपने घरों में पहुंचकर वोटिंग प्रतिशत जानने के लिए टीवी व मोबाइल पर जमे रहे और सड़कों पर सन्नाटा रहा। साथ ही बाजार भी बंद रहे। जिला प्रशासन ने मतदान केंद्र के दो सौ मीटर के दायरे में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई थी, लेकिन मुख्य सड़कों व अन्य स्थानों पर कोई रोक नहीं थी। इसके बावजूद बाजार भी पूरी तरह से बंद रहे। शाम पांच बजे के बाद कस्बाई इलाकों में कुछ दुकानें खुली। चुनाव में जाने के चलते रोडवेज बसों की संख्या भी सड़कों पर नहीं दिखी।

रसूलाबाद की मुख्य बाजार में पसरा सन्नाटा और बंद दुकानें। अमृत विचार

एक नजर

सपा नेता को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया

रसूलाबाद। पुलिस ने सोमवार को सपा नेता एवं असालतगंज से जिला पंचायत सदस्य विश्राम सिंह उर्फ मटल्लू कहिंजरी में मतदान कर जैसे ही बाहर निकले, तभी पुलिस ने चुनाव में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के चलते हिरासत में ले लिया और रसूलाबाद थाने में बैठाए रखा।

विधायक पर पैसा बांटने का आरोप, वीडियो वायरल

रसूलाबाद। सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश यादव द्वारा रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार पर मितई नवादा गांव में पैसा बांटने का आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में विधायक गांव में कुछ लोगों के साथ बैठी दिखाई दे रही हैं।

रुका मतदान — रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार ने चुनाव के बाद सड़क बनवाने का दिया आश्वासन, तब गांव वालों ने किया मतदान

दो गांवों में 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का गूंजा नारा, अफसर पहुंचे

बहिष्कार के चलते उड़नवापुर के मतदान केंद्र पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

मतदान बहिष्कार कर रहे उड़नवापुर के लोगों को समझाते अधिकारी।

मतदान बहिष्कार पर भीटीकुर्सी के लोगों को समझातीं विधायक पूनम संखवार।

संवाददाता, रसूलाबाद/संदलपुर

अमृत विचार। कन्नौज लोकसभा से जुड़ी रसूलाबाद विधानसभा के भीटीकुर्सी गांव व इटावा लोकसभा की सिकंदरा विधानसभा के उड़नवापुर गांव के मतदाताओं ने सोमवार को न सड़क नहीं तो वोट नहीं की बात कहते हुए मतदान से बहिष्कार कर दिया। विधायक व अधिकारियों ने मौके पर जाकर समस्या निराकरण का आश्वासन दिया। जिस पर कई घंटों बाद मतदान दोबारा शुरू हो सका।

रसूलाबाद विधानसभा के भीटीकुर्सी गांव में एक हजार के आसपास मतदाता हैं। यहां के लोगों ने बताया कि सड़क खस्ताहाल होने से उन्हें आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। जिसपर वह मतदान बहिष्कार पर मजबूर हुए। जानकारी पर रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार व खंड विकास अधिकारी डीपी यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने चुनाव के बाद सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। जिसपर लोग मतदान को राजी हुए। सुबह से बहिष्कार के बाद दोपहर करीब एक बजे मतदान फिर से शुरू हो सका। भीटीकुर्सी ग्राम प्रधान मुन्ना द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीणों को सड़क बनवाने का विधायक ने आश्वासन दिया है।

इसी तरह सिकंदरा विधानसभा के उड़नवापुर गांव में सुबह करीब सवा दस बजे तक 27 वोट पड़ने के बाद मतदाताओं ने सड़क बनवाने की मांग करते हुए मतदान से बहिष्कार कर दिया। जानकारी पर एडीएम केशव नाथ गुप्त व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और समस्या निराकरण का आश्वासन दिया। जिसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे दोबारा मतदान शुरू हो सका।

चुनाव की झलक

बैरी असई केंद्र पर मतदान कर निकलतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और उनके पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी। अमृत विचार

राज्यमंत्री ने पूर्व सांसद पति के साथ किया मतदान

शिवली। अकबरपुर-रनियां विधानसभा से विधायक व प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सोमवार को अपने पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी के साथ अकबरपुर लोकसभा के बैरी असई मतदान केंद्र में पहुंच कर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

मिल्किनपुरवा बूथ पर मतदान के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति और सीडीओ लक्ष्मी एन.।

एसपी और सीडीओ ने कतार में खड़े होकर डाला वोट

कानपुर देहात। सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने भी अकबरपुर विकासखंड क्षेत्र के मिल्किनपुरवा प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर मतदान किया। इसके पूर्व एसपी ने कतार में लोगों के बीच खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। मतदान के बाद एसपी व सीडीओ ने सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

पूर्व राष्ट्रपति के पैतृक गांव परौंख में मतदान कर निकलतीं महिलाएं।

पूर्व राष्ट्रपति के पैतृक गांव में खूब बरसे वोट

डेरापुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव डेरापुर तहसील क्षेत्र के परौंख में भी मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। यहां मुस्लिम व घूंघट की ओट में पहुंची महिलाओं ने वोट डाला। गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र पर टैंकर से पेयजल की व्यवस्था मुहैया कराई गई।

व्हीलचेयर न मिलने से हिंसावा के मतदान बूथ में जाते दिव्यांग दंपति।

व्हीलचेयर न मिलने से परेशान हुए दिव्यांग

संदलपुर। निर्वाचन आयोग की तरफ से सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद विकासखंड संदलपुर की ग्राम पंचायत हिंसावा के बूथ नंबर 214, 215, 216 पर व्हीलचेयर की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दी। जिसके चलते मतदान को पहुंचे दिव्यांग दंपति समेत अन्य लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।

ईवीएम में खामी से आधे घंटे प्रभावित रहा मतदान

राजपुर। कस्बा के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में बूथ संख्या 348 में पटेल नगर के 916 मतदाता हैं। सोमवार दोपहर करीब 01:55 बजे ईवीएम में तकनीकी खराबी आ गई। जिससे मतदान बाधित हो गया। पीठासीन अधिकारी मयंक तिवारी ने इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी। जिसके बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट ईश्वर कांत मिश्रा ने ईवीएम की तकनीकी खराबी दूर कराया। उसके बाद मतदान शुरू हुआ। इस दौरान करीब आधा घंटे तक मतदान प्रभावित रहा।

आंधी से करियावर बूथ पर गिरा टेंट

रसूलाबाद। मौसम विभाग की ओर से 13 मई को तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई थी। सुबह से क्षेत्र में बादल छाए रहे। इसी बीच तेज आंधी चलने लगी। जिससे रसूलाबाद क्षेत्र के करियावर परिषदीय स्कूल में बने बूथ संख्या 93 के बाहर छाया को लगा टेंटा गिर गया। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया। जिससे हादसा होते बच गया। आंधी थमने के बाद फिर से टेंट को लगाया गया। वहीं इस मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था न होने से दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को कक्ष तक जाने में दिक्कत उठानी पड़ी।

आंधी से करियावर बूथ पर गिरा पड़ा टेंट।

फेसबुक पर सेल्फी अपलोड कर मतदान का संदेश

कानपुर देहात। एक तरफ जहां प्रशासन ने मतदान के लिए दिन तक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं पूरे दिन फेसबुक की ओर से यूजर्स को मतदान के लिए प्रेरित करता रहा। साथ ही लोगों को सेल्फी के साथ फोटो अपलोड करने के अनुरोध करता रहा। मतदाताओं ने मतदाधिकार का प्रयोग करने के बाद फेसबुक पर जमकर अपनी सेल्फी पोस्ट की।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

रसूलाबाद में मतदान के लिए कतार में खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

रसूलाबाद में पिंक बूथ में मतदान के लिए आवाजाही करते लोग। अमृत विचार

कंट्रोल रूम से मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते रहे डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

एडीएम के समझाने के बाद पीतंबरपुर में डाले गए वोट

नगर पंचायत में शामिल करने की मांग पर बहिष्कार, साढ़े चार घंटे बाधित रहा मतदान

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। इटावा लोकसभा की सिकंदरा विधानसभा के पीतंबरपुर गांव को राजपुर नगर पंचायत में शामिल करने की मांग को लेकर मतदाताओं ने मतदान बहिष्कार कर डीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे एडीएम ने मांग पत्र लेकर निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग मतदान को राजी हुए। इस दौरान करीब चार घंटे 24 मिनट मतदान बाधित रहा।

पीतंबरपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में मतदान के लिए बूथ बनाया गया था। बूथ संख्या 340 में पितंबरपुर व वदनपुर डेरा के 1119 मतदाताओं को वोट करना था, लेकिन लोग सुबह से ही वोट डालने नहीं पहुंचे और बहिष्कार कर दिया। गांव के संदीप कटियार, ओमप्रकाश पाल, नीरज पाल आदि ने बताया कि वर्ष 2019 में यह गांव पैलावर ग्राम पंचायत में जुड़ा था। पैलावर ग्राम पंचायत को राजपुर नगर पंचायत में शामिल कर लिया गया। उसके बाद पीतंबरपुर गांव बेसहारा हो गया।

पिछले ग्राम पंचायत के चुनाव में इस गांव को बुधौली ग्राम पंचायत में शामिल कर मतदान कराया गया था, लेकिन गांव में विकास कार्य नहीं हुए। ऐसे में उनके गांव को राजपुर नगर पंचायत में जोड़ा जाए। मतदान बहिष्कार की सूचना पर एसडीएम शिखा संखवार, तहसीलदार संतोष कुमार व ब्लॉक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास, लेकिन ग्रामीण डीएम को मौके पर बुलाने पर अड़ गए।

जानकारी मिलने पर एडीएम वित्त केशव नाथ गुप्त मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से लिखित पत्र लेकर समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग मतदान को राजी हुए और पहला वोट सुबह करीब 11:25 बजे डाला जा सका।

मतदान बहिष्कार कर रहे पीतंबरपुर के लोगों को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

महुआ महोई में दो वोट न पड़ने पर हंगामा

संवाददाता, डेरापुर

- ग्रामीणों ने समय से पांच मिनट पहले मशीन बंद करने का लगाया आरोप
- हंगामे की सूचना पर पहुंचे भाजपाई, मगर वोट नहीं डाल पाईं दोनों महिलाएं

अमृत विचार। तहसील अंतर्गत महुआ महोई गांव में पोलिंग बूथ के अंदर पांच मिनट शेष रहते हुए दो महिला वोटर अपना वोट डालने के लिए पहुंची। तभी पीठासीन अधिकारी ने समय का हवाला देते हुए मशीन को बंद कर दिया और वोट डालने से मना कर दिया। जिससे वहां मौजूद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया।

वहां मौजूद एजेंट राघवेंद्र सिंह सेंगर ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की। मौके पर इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया के पुत्र व भाजपा के पदाधिकारी भी पहुंचे। उन्होंने पीठासीन अधिकारी से बात की तो बताया की मशीन को समय पर बंद किया गया है, लेकिन एजेंट और ग्रामीणों ने बताया कि एक बूथ पर मशीन को पांच मिनट पहले ही बंद कर दिया गया था।

दोनों महिलाओं की वोटर पर्ची बनने के बाद भी वोट न डाले जाने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। मौके पर पहुंचे भाजपा पदाधिकारी ने जिला प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भाजपा पदाधिकारियों व ग्रामीणों को समझाया। हालाकि दोनों महिलाएं वोट नहीं डाल सकी।

महुआ महोई बूथ पर हंगामा करते लोगों को समझाते अधिकारी व पुलिस कर्मी।

पेड़ से भिड़ी वैन चालक की मौत

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के नौहा नौगांव निवासी प्रदीप सेंगर की वैन चुनाव में अधिग्रहीत की गई थी, लेकिन माती जिला मुख्यालय में गाड़ियों की संख्या पर्याप्त होने से वापस कर दी गई। प्रदीप के परिवार का ही जितेंद्र उर्फ रितेंद्र वैन लेकर वापस गांव लौट रहा था, तभी अंगदपुर दहेलिया गांव के पास वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे जितेंद्र उर्फ रितेंद्र (38) की मौके पर ही मौत हो गई।

जितेंद्र के मौत की खबर जैसे ही परिजनों को पता चली तो कोहराम मच गया। मां धन्ना देवी दहाड़ मारकर रोने लगी। जितेंद्र का बड़ा भाई शैलेंद्र सिंह अक्सर बीमार रहता है। बीमारी के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जितेंद्र की कमाई से ही घर का खर्च चलता था। जितेंद्र ही पूरे परिवार का सहारा था। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बुर्का पहनकर वोट डालने पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं। अमृत विचार

घूंघट की ओट में वोट डालकर निकलीं महिलाएं। अमृत विचार

घूंघट की ओट में उत्साह से वोट की चोट

कानपुर देहात। कभी चौका-चूल्हा में सिमटी आधी आबादी अब पर्दे से बाहर निकलकर पुरुषों से भी आगे निकलते देखी जा रही है। ऐसा ही कुछ सोमवार को हुए मतदान में नजर आया। अधिकतर बूथों पर महिलाओं की खूब भीड़ देखने को मिली। महिलाएं घर से निकलकर बूथ पर पहुंची और जमकर मतदान किया। उन्होंने यह भी दिखा दिया कि वह भी किसी से कम नहीं हैं। सुबह सात बजे से ही बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार देखने को मिली। खासकर युवतियां पूरे जोश के साथ मतदान करने को उत्साहित मिली। उनकी जुबां पर रोजगार, शिक्षा व महिला संबंधित सुरक्षा को लेकर मुद्दे रहे। वहीं सुबह से लेकर शाम तक महिला मतदाता पूरे दिन बूथों पर वोट डालती नजर आईं। गांव में महिलाएं घूंघट की ओट में भी बूथों पर नजर आईं।

रनियां क्षेत्र के कटका में युवा बूथ पर मतदान कर निकलते युवा। अमृत विचार

हाईवे पर ट्रक से भिड़ी कार, युवक की मौत

पुखरायां। छतेनी गांव के समीप रविवार की देर शाम कार व ट्रक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से कानपुर हैलट रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के मीरपुर निवासी रवि यादव (30) अपने साथी पुखरायां कस्बा के राजेंद्र नगर निवासी अमित के साथ रविवार की देर शाम कार से कानपुर की ओर जा रहा था। तभी कानपुर-झांसी हाईवे पर छतेनी गांव के समीप कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। जिससे कार सवार दोनों युवक घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रवि यादव को जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

जूडो-कराटे व लाठी चलाने में माहिर होंगी गांव की बेटियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले के 670 उच्च प्राथमिक विद्यालय चिह्नित, 40 मिनट का होगा प्रशिक्षण

अमृत विचार। जिले में संचालित 670 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकृत छात्राएं अब विपरीत परिस्थिति में अपनी आत्मरक्षा खुद कर सकेंगी। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना व सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को 24 दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जूनियर स्कूलों में कार्यरत अनुदेशक छात्राओं को शिक्षा के साथ जूडो व कराटे में दक्ष करेंगे।

विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के सामने कई बार विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया है। बालिकाओं को अपनी रक्षा स्वयं करने तथा स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक ने बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र जारी किया है।

बेसिक शिक्षा के अधीन संचालित स्कूलों में कार्यरत अनुदेशकों की मदद से छात्राओं को जूडो कराटे, ताइक्वांडो, लाठी चलाने आदि विधाओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बालिकाओं का मनोबल बढ़ेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लापरवाही न हो, इसके लिए नियमित निगरानी का प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक स्कूल में माह के 24 दिन 40 मिनट का प्रशिक्षण होना अनिवार्य है। प्रतिदिन वीरांगना एप पर इसकी फोटो व अन्य गतिविधियों को अपलोड भी करना होगा। बीएसए ने कहा कि हाल ही में पत्र मिला है। फिलहाल अभी इसकी तैयारी चल रही है। जल्द ही प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी।

प्रशिक्षकों को मिलेगा निर्धारित मानदेय

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए चिंहित 670 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बैनर, प्रमाण पत्र व पुरस्कार मद में 500 रुपये, मानदेय मद में प्रति स्कूल 2500 रुपये की धनराशि का आवंटन शासन से हुआ है। आवंटित धनराशि विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में भेजी जाएगी। आवंटित धनराशि से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उपभोग प्रमाण पत्र बिल बाउचर समेत कार्यालय में जमा करना होगा।

रमईपुर के मतदान केंद्र में मतदाताओं की लगी रही कतार। अमृत विचार

सुबह चली बयार, दोपहर में थमी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोपहर एक बजे से तीन तक सिर्फ सात फीसदी वोट पड़े
- तीन बजे के बाद आई तेजी 58.70 प्रतिशत मतदान

अमृत विचार: अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही मतदान की बयार तेज हो गई, मगर दोपहर में तल्ख धूप बढ़ने के साथ ही रफ्तार धीमी पड़ गई। दोपहर के एक बजे से तीन बजे के बीच सिर्फ सात फीसदी वोट ही पड़े। हालांकि तीन बजे के बाद फिर तेजी आई और मतदान की समाप्ति तक आंकड़ा 58.70 फीसदी पहुंच गया।

लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीण इलाकों में महिलाएं और पुरुष सुबह सात बजे ही मतदान केंद्र पहुंच गए, जिनमें वोट की चोट करने का खासा उत्साह दिखा।

गिरसी ग्राम पंचायत के सर्वोदय इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्र में लोग सुबह से ही वोट डालने के लिए घरों से निकल पड़े और लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान किया।

पतारा विकास खंड के क्षेत्र के अतिसंवेदनशील इटर्रा, झबैया अकबरपुर, गिरसी केंद्रों में सुबह से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान चालू हुआ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने अपने गांव मुरलीपुर में परिवार के साथ मतदान किया। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील और उनके पति सत्प्रकाश ने कस्बे के आदर्श मतदान केंद्र में वोट डाला। सुबह और शाम तीन बजे के बाद मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लगी रही।

मतदान पर एक नजर

सुबह 9 बजे	11.39 %
पूर्वाह्न 11 बजे	24.63 %
दोपहर 1 बजे	37.75 %
अपराह्न 3 बजे	44.41 %
शाम 5 बजे	55.10 %
समाप्ति तक	58.70 %

घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र | मतदान केंद्रों में सुबह से ही लगी रहीं लंबी कतारें, लोगों ने उत्साह के साथ डाले वोट, मगर नहीं खोली जुबां

मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई 'दिमाग की कसरत'

बृजेश श्रीवास्तव, कानपुर

अमृत विचार: अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल घाटमपुर विधानसभा के मतदाताओं ने चौथे चरण के चुनाव में पूरे उत्साह के साथ मतदान किया, मगर उनकी खामोशी ने चुनावी गणितज्ञों की दिमागी कसरत बढ़ा दी है। यह दीगर बात है कि यहां भाजपा और इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्यासी के बीच कांटे का मुकाबला दिखा, मगर बाजी कौन मारेगा? इसका जवाब चार जून को मतगणना के बाद ही मिल सकेगा।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मोदी की लहर थी। इस बार के प्रत्याथी देवेंद्र सिंह भोले ही भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। चुनाव प्रचार से लेकर मतदान तक उनकी जीत पक्की मानी जा रही थी, मगर इस मर्तबा स्थितियां बदली नजर आईं। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद राजाराम पाल ने इस बार कड़ी टक्कर दी है। घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में राजाराम पाल की मजबूत पकड़ से उनकी स्थिति को कम नहीं आंका जा रहा है। हालांकि इस बार का चुनाव काफी खामोशी भरा रहा। मतदान को लेकर लोगों में उत्साह तो दिखा, मगर उनकी मन की बात जुबां के बाहर नहीं आने से मुकाबला कड़ा माना जा रहा है। चुनावी गणितज्ञ भी मानते हैं कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। वर्ष 2019 में अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 60.50 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन इस बार 59.56 फीसदी पर ही सीमित रह गया।

मुरलीपुर में परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।

घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने पति सत्यप्रकाश के साथ वोट डाला।

अयोध्या में जय श्री राम अकबरपुर में राजाराम

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर दिन भर चुनावी चकल्लस चलती रही। मतदाताओं का रुख मोड़ने और उन्हें लुभाने के लिए तरह-तरह के स्लोगन और नारे सामने आते रहे। 'अयोध्या में जय श्री राम-अकबरपुर में राजाराम' का स्लोगन सबसे ज्यादा ट्रेंड करता रहा। इस स्लोगन में कुछ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए, जिनमें नारे लगाने वाले भाजपाई बताए गए। 'मांगा रोजगार मिली लाठी की मार, उखाड़ फेंकेगी जनता ऐसी सरकार' नारा भी खूब उछला।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **यशोदा पत्नी स्व0 प्रेम कनौजिया बसंत कुंजयोजना, निवासिनी – सेक्टर–एच / 14 / 24, हरदोई रोड, काकोरी जनपद लखनऊ – 227107** मैं अपनी पुत्री अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी पुत्री स्व0 प्रेम कनौजिया जो कि मुझे बिना बताये घर से चली गयी है तथा किसी व्यक्ति से अपना विवाह कर लिया है जिससे मैं व मेरा परिवार क्षुब्ध होकर उपरोक्त अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही है तथा आज के बाद अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक / गैर कानूनी कार्य के लिए जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरा व मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम JANG BAHADUR SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम JANG BAHADUR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: NARENDRA KUMAR SINGH, R/O- SAMAISA, KHERI

सूचना

पहले मेरा नाम SYED YASOOB HAIDER था अब मैंने बदलकर अपना नाम YASOOB HAIDER रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SYED ALI AFSER ABDI, R/O- 4/5/57, AKHTER PRESS IMAMBARA, FAIZABAD, AYODHYA

सूचना

सूचित हो कि **हर्षित मौर्य पुत्र सियाराम मौर्य, निवासी– हाजीपुर बरूआर, पोस्ट– मेवपुर, बरचौली, जिला–सुल्तानपुर, मो0 –7379990372**, मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक– 212192520 वर्ष 2021 वास्तव में खो गयी है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पति रमेश चंद्र जूनियर टेक्नीशियन एनटीपीसी के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम देवी दर्ज है, जो अपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम श्रीमती देवी दर्ज है, जो पूर्ण और सही है। अतः मेरे पति के सेवा अभिलेखों के मेरा पूर्ण नाम श्रीमती देवी दर्ज किया जाए। **– श्रीमती देवी पत्नी रमेश चंद्र निवासिनी – चंदेलन का ताल, मजरे – अरखा मुस्तकिल, तहसील – ऊंचाहार, रायबरेली**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD IQBAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम IQBAL ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MAULA BAKSH, R/O- BHARTIYA PO- RAHIMABAD MALIHABAD, LUCKNOW

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा नाम Sunil Kumar Yadav s/o Ram Sajeevan Yadav दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज है, जो सही है। अतः ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा सही नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज किया जाए। **– सुशील कुमार पुत्र राम सजीवन, निवासी – ग्राम – धनेही, मजरे मवई, प.– सलोन, तहसील – ऊंचाहार, जिला – रायबरेली**

महर्षि विद्या मंदिर में खुशियां मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाई गई खुशियां। अमृत विचार

इंटर में अंजलि व आर्या ने दोआबा में लहराया परचम

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा : 97 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर किया मेधा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सीबीएसई बोर्ड से संचालित दोआबा के विद्यालयों में सोमवार को जश्न का महौल रहा। बोर्ड परीक्षा जानने के लिए न सिर्फ छात्र-छात्राएं उत्सुक रहीं बल्कि उनके अभिभावक एवं विद्यालय भी लालयित दिखा। पहले इंटरमीडियट का बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित हुआ। उसके बाद हाईस्कूल का भी परिणाम की घोषणा हो गया। नतीजन विद्यालय स्टाफ को परिणाम निकालने में कभी वेबसाइट हैंग होने तो कभी नेट स्लो होने की समस्याओं से दो-चार होना पड़ा। इंटरमीडियट में अंजलि सिंह एवं आर्या गुप्ता जिला टॉपर्स रहे।

सीबीएसई बोर्ड ने इंटरमीडियट का परिणाम सोमवार की सुबह घोषित कर दिया। इसमें शहर के सीपीएस की अंजलि सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप किया है। वहीं महर्षि विद्या मंदिर की आर्या गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर अपनी प्रतिभा दिखाई। ऐसे ही सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मंलवा की शम्भवी 97.2 प्रतिशत एवं सेंट मेरी स्कूल की प्रियांशी पटेल 96.2 प्रतिशत अंक के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

परिणाम आने की सूचना पर स्कूल प्रशासन और बच्चे उत्सुकता पूर्वक परिणाम जानने के लिए कम्प्यूटर में निगाह टिकाए रहे। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर्स, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, आरएस एक्सल स्कूल, नुरूल हुदा इंग्लिश स्कूल, सेंट मेरी स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

सेंटमैरी स्कूल की मेधा के साथ अभिभावक एवं स्कूल प्रशासन। अमृत विचार

कुशल इंजीनियर बनना चाहती है मेधा

अपने अभिभावकों के साथ मेधा। अमृत विचार

सीबीएसई के इंटर की टापर्स अंजलि सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ साथ माता पिता को दिया है। इनके पिता जगनंदन सिंह आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। वहीं माता शशि सिंह कुशल ग्रहणी हैं। मेधा ने बताया कि अब आगे आईआईटी करके एक कुशल इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहते हैं। मेधा की इस उपलब्धि पर घर में खुशियां मनाई गईं। एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी गई।

- विद्यालयों में रहा जश्न का माहौल, अभिभावकों में दिखा उत्साह
- महर्षि स्कूल, सीपीएस, सेंट जेवियर्स, सेंटमैरी की धूम

सेल्फी का चला दौर

सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडियट के परीक्षा परिणाम में सफलता मिलने के बाद छात्र-छात्राओं ने साथी छात्रों के साथ सेल्फी लेना नहीं भूले। महर्षि विद्या मंदिर, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स समेत अन्य स्कूलों में बच्चों ने मोबाइल से सेल्फी लेकर खुशी का इजहार किया। वहीं बच्चों के अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर खुश नजर आए। स्कूल प्रशासन ने बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी अपनी प्रतिभा को और बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

बधाई का सिलसिला जारी

परिणाम आने के बाद शहर के महर्षि विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य पीके त्रिपाठी, सीपीएस के प्रधानाचार्य, सेंट जेवियर्स के प्रधानाचार्य समेत अन्य विद्यालयों में प्रधानाचार्यों ने बच्चों के साथ खुशियां मनाते हुए आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहने का शुभाषीश दिया।

हाईस्कूल में भी छात्र-छात्राओं ने मनवाया अपना लोहा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- महर्षि स्कूल, सीपीएस समेत अन्य विद्यालयों का रहा श्रेष्ठ परिणाम
- बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अभिभावक भी इतराते नजर आए

अमृत विचार। सीबीएसई ने सोमवार को ही इंटरमीडियट के बाद हाईस्कूल का भी परिणाम जारी कर दिया। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल 10वीं कक्षा में यशस्वी सिंह एवं प्रखर श्रीवास्तव संयुक्त रूप से 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर नुजहत फातिमा व प्रज्ञा अग्निहोत्री 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। तृतीय स्थान पर शिखा ने 96.6 प्रतिशत के साथ रहीं। दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जहां 53 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुये उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में शतत् प्रयत्नशील रहने की सीख दी। सफलता का कोई शार्टकट नही होता कठिनाई से पार जाने के लिए उससे होकर ही गुजरना पड़ता है। जिससे कठिन से कठिन कार्य भी आसान हो जाता है। इसी तरह से सीपीएस के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य, प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव आदि ने बच्चों को बधाई दी। अन्य विद्यालयों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेधाओं ने उत्कृष्ट अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पहले इंटरमीडियट का फिर हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम जारी हुआ तो जहां मेधाएं खुशी से झूम उठी तो वहीं विद्यालय परिवार भी स्कूल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ अभिभावक भी अपने पाल्यों की प्रतिभा पर इतराते नजर आए।

यह हैं इंटरमीडियट के मेधावी

अंजलि सिंह-97.6 प्रतिशत-चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर

आर्या गुप्ता-97.4 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

आयुष तिवारी-96 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

दिव्यांश रस्तोगी-95.4 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

यजदान-95.4 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनि. सेकेंडरी स्कूल

पावनी रस्तोगी-95.0 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनि. सेकेंडरी स्कूल

रामजी शुक्ला-94.6 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

इशना गुप्ता-94.0 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

परी गुप्ता-94.0 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनि. सेकेंडरी स्कूल

सिमरन-93.8 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनि. सेकेंडरी स्कूल

सुमित कुमार-93.6 प्रतिशत-महर्षि विद्या मंदिर सीनि. सेकेंडरी स्कूल

शाम्भवी-97.2 प्रतिशत- सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मलवां

रौनक रस्तोगी-94.8 प्रतिशत- सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मलवां

नीतेश कुमार-94.6 प्रतिशत- सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मलवां

श्रुति साहू-94.2 प्रतिशत- सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मलवां

हर्षित राज अग्रहरि-93.8 प्रतिशत- सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मलवां

प्रियांशी पटेल-96.2 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

कमलजीत कौर-94.8 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

वंशिका-94.4 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

आंचल उमराव-93.8 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

ईशांत सिंह-93.8 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

अशरा-93.4 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

अस्मित अवस्थी-91.8 प्रतिशत-सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

शिवानी मौर्या 90.4 प्रतिशत सेंट जेवियर स्कूल

बेटे ने मां से अपने नाम करायी भाई-बहन के हिस्से की जमीन

संवाददाता फतेहपुर

- मां की तहरीर पर बेटे समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अमृत विचार। साजिश के तहत बेटे ने मां से भाई व बहनों के हिस्से की संपत्ति का बैनामा करा लिया। मामले में मां की तहरीर पर पुलिस ने बेटे समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

जहानाबाद थाने के नसेनिया गांव निवासी मीना परिवार के साथ नई दिल्ली सुखदेव बिहार जशोला ब्लाक-जे फ्लैट नंबर आठ में रहती है। पति स्व. वीरेंद्र सिंह गौतम सेना में थे।

उसके दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। उसे अपने मायके सरकी थाना गाजीपुर में कीमती भूमि मिली है। वह तीन माह पहले बहन की पौत्री मोनी की शादी में शामिल होने दिल्ली से फतेहपुर दुगरेई आई थी। जहां से सरकी पहुंची। सरकी गांव में एक पुत्र जयसिंह रहता है। जयसिंह ने उससे हस्ताक्षर बनवा लिए।

तेज धूप के साथ गर्म हवाएं लोगों के लिए बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मई माह की गर्मी लोगों को परेशान करती नजर आ रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो रही है। बाहर निकलों या घर में बैठे लोगों को गर्मी साथ नहीं छोड़ रही है। सभी के मुंह से यही निकलता है कि उफ! ये गर्मी। सुबह आठ बजते ही चटख धूप लोगों को घर में दुबके रहने के लिए विवश करने लगती है। वहीं बिजली कटौती ने लोगों के दिन का चैन और रात की नींद हराम कर दी है।

डॉक्टर की सलाह

इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव) से बचना जरूरी है। डा. पवन बाजपेई बताते हैं कि बार बार मौसम में तब्दीली हो रही है। कभी सर्दी का एहसास होने लगता है तो कभी लू चलने लगती है। ऐसे में खुद को बचाए रखना आवश्यक है। बेवजह धूप में जाने से बचें। हीट स्ट्रोक के प्रभाव से सिर में तेज दर्द, मरोड़ ऐंठन, शरीर में कमजोरी एवं चक्कर आने जैसे लक्षण पाए जाते हैं। ऐसे में डाक्टर की सलाह से दवा लेनी चाहिए।

सोमवार को भी धूप ने परेशान कर दिया। हालांकि दोपहर तक बादलों का डेरा भी आ गया। जिससे उमस बढ़ गई है। सुबह के दस बजते बजते धूप तेज हो गई। 12 बजे के बाद से गर्म हवाओं के थपेड़े राहगीरों को लाल करते नजर आए। सोमवार को अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री पर रहा। दोपहर में शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। तीखी गर्मी से बचने के लिए राहगीर पेड़ की छांव जहां दिखी वहीं खड़े हो गए। बाहर निकलने वाले अधिकांश लोग पूरे शरीर का कपड़ों से ढक कर निकले। गर्मी शांत करने के लिए लोगों को शर्बत, गन्ना जूस, शीतल पेय पदार्थ आदि का प्रयोग करना पड़ा।

बरतें पूरी सावधानी

- घर से अधिक से अधिक पानी पीकर निकलें।
- तेज धूप में शीतल पेय, आईसक्रीम का सेवन न करें।
- घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, मच्छरों को न पनपने दें।
- उल्टी, दस्त होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।

24 साल से लापता व्यक्ति की जमीन का फर्जी बैनामा

फतेहपुर। 2000 से लापता युवक की करीब आठ बीघा जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया गया। मामले की शिकायत मलवां थाना में हुई है।

मलवां थाना क्षेत्र के मीरपुर कुरस्ती गांव के रहने वाले राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि उसके चाचा का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। वह वर्ष 2000 में अचानक लापता हो गए थे। ललौली थाना क्षेत्र के दूलापुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पैत्रक संपत्ति को गलत तरीके से अपने नाम करवा लिया है। शिकायत पर मारने की धमकी दी।

सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में बुजुर्ग को किया गिरफ्तार

संवाददाता, फतेहपुर

- शनिवार शाम बाग में दिया था घटना को अंजाम
- आम खाने के बहाने बाग में बुलाया था

अमृत विचार। सात साल की एक बच्ची के साथ शनिवार की शाम बाग की रखवाली कर रहे बुजुर्ग ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर ली थी और बच्ची को इलाज व मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया था। सोमवार को आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम सात साल की एक बच्ची गांव के बच्चों के साथ खेलते हुए गांव के बाहर आम के बाग में पहुंच गई थी। बाग की रखवाली कर रहे रामसेवक निषाद (60) निवासी सेडरा थाना कोतवाली जिला हमीरपुर ने बच्ची को आम खिलाने के बहाने रोक लिए। अन्य बच्चों को दस-दस रुपये देकर भेज दिया था। आरोपी ने इस दौरान बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया था। बच्ची के घर पहुंचने पर परिजनों को जानकारी हुई थी। जिसके बाद पिता व ग्रामीणों ने मिलकर आरोपी की पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। थाना प्रभारी बच्चे लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दुष्कर्म की शिकार किशोरी के जहर खाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

- पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप की जांच करेंगे सीओ

अमृत विचार। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की शिकार किशोरी ने पुलिस कार्रवाई न होने पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जहर खाने की खबर लगने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी व गाली गलौज का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पर लगे आरोप की सीओ जाफरगंज को जांच सौंपी गई है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी को गांव के लवलेष निषाद ने एक साल पहले प्रेम जाल में फंसाया था। शादी का झांसा देकर किशोरी का शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ दिन पहले शादी से मुकर गया। किशोरी ने आपबीती परिजनों को बताई। परिजनों ने मामले की थाने व उच्चाधिकारियों से शिकायत की। पुलिस मामले को टरकाती रही। आहत किशोरी ने 10 मई की शाम घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी देखकर परिजन उसे सीएचसी ले गए। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है।

सेठ जयपुरिया स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद खुशी मनाते बच्चे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

हाल-बेहाल | एबी व ए निगेटिव रक्त नहीं, मोदी से लेकर अखिलेश यादव के ब्लड ग्रुप उपलब्ध

वीआईपी भ्रमण की दस्तक, ब्लड बैंक में सिर्फ 22 यूनिट

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में वीआईपी नेताओं के लगने वाली जनसभा और होने वाले रोड शो कार्यक्रम के दौरान अप्रिय स्थित से निपटने के प्रबंध पर फिलहाल सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल यह है कि मौजूदा समय में जिला अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक में खून की बेहद कमी है। हालांकि आगामी चुनावी जनसभाओं के दौरान जो नेता आ रहे हैं उनके ब्लड ग्रुप का खून उपलब्ध है लेकिन बहुत ही सीमित मात्रा में।

जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अखिलेश यादव, मायावती के साथ-साथ अन्य वीआईपी जनसभाएं होनी हैं। ब्लड डोनेशन की राह दूर तक नजर नहीं आ रही है। रक्तकोष खाली पड़ा है। कमोबेश यही हालात अन्य तीन रक्तकोष के नजर आ रहे हैं। लोकसभा के चुनावी समर का समूचे देश में शोर सुनाई दे रहा है। फतेहपुर संसदीय सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में भाजपा, सपा व कांग्रेस के बड़े नेताओं का दौरा लगना है। हरेक चुनाव में वीआईपी नेताओं की सुरक्षा की दृष्टिगत सरकारी ब्लड बैंक में इन नेताओं के ग्रुप का खून रिजर्व रखने के निर्देश दिए जाते हैं। फिलहाल 250 यूनिट वाले रक्तकोष में 22 यूनिट खून ही उपलब्ध है। लैब टेक्नीशियन अशोक शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह का ब्लड ग्रुप ए-पॉजीटिव है। कांग्रेस के राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश सिंह यादव का ब्लड ग्रुप बी-पॉजीटिव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व जेपी नड्डा का ब्लड ग्रुप एबी पॉजीटिव है। मौजूदा समय में सभी नेताओं के ब्लड ग्रुप का खून बैंक में उपलब्ध है। लेकिन बहुत ही कम मात्रा में।

जिला अस्पताल रक्तकोष प्रभारी डॉ. वरद वर्धन बिसेन ने खून की कमी दूर करने के लिए महादानियों से सहयोग मांगा है। उनका कहना है कि लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी बनने का यह भी एक अच्छा मौका है। रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है बल्कि इससे शरीर को नई उर्जा मिलती है। स्वस्थ्य मनुष्य, तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है।

प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को जांचने पहुंचे मंडलायुक्त, एडीजी। अमृत विचार

पीएम की सभा की व्यवस्था देखने पहुंचे एडीजी, कमिश्नर

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार शहर के मदारीपुर कलां में चुनावी जनसभा संबोधित करेंगे। सोमवार को एडीजी प्रयागराज ने कमिश्नर और आईजी के साथ यहां कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 मई को मदारीपुर कलां में उनकी जनसभा होनी है। सोमवार को एडीजी प्रयागराज भानु भाष्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी प्रेम गौतम पुलिस लाइन पहुंचे। इन लोगों ने डीएम सी इंदुमती, एसपी उदय शंकर सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल मदारीपुर कलां, प्रस्तावित हेलीपैड और वीवीआईपी आगमन से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग एवं यातायात के सुगम आवागमन के लिए प्रस्तावित मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर लगे अधिकारी, कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

आयोग की सख्ती से प्रचार सोशल मीडिया तक सीमित

फतेहपुर। कच्ची दारू कच्चा वोट, पक्की दारू पक्का वोट का नारा देने वाले मतदाता इस बार दिखाई नहीं पड़ रहे है। निर्वाचन आयोग और प्रशासन द्वारा की गई सख्ती से प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की धमाचौकड़ी भी नदारद है। प्रत्याशी सोशल मीडिया से प्रचार में लगे हुए है। गौरतलब है कि दो दशक पूर्व तक चुनाव में एक अलग ही रंग दिखाई देता था। उस वक्त के चुनाव में न सिर्फ प्रत्याशी बल्कि मतदाता भी बेसब्री से इंतजार किया करते थे। कई मतदाता तो प्रत्याशी से महीने भर का राशन का इंतजाम भी कर लिया करते थे। जैसे-जैसे समय गुजरा वैसे-वैसे निर्वाचन आयोग ने फिजूल खर्ची पर रोक लगा दी। बता दें कि वर्ष 2000 के पहले हुए चुनाव में एक अलग ही माहौल हुआ करता था।

एक नजर

मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटा

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के जमलामऊ गांव में छत पर ईंट पत्थर फेंकने के विरोध में अनुसूचित जाति की महिला व उसके पुत्र को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जमलामऊ गांव की रहने वाली शियादुलारी पासवान न बताया कि पड़ोसी सूरज, राज सिंह, रज्जन सिंह व धीरेंद्र सिंह छत में ईंट पत्थर फेंक रहे थे। वह बेटे गोलू के साथ सूरज के दरवाजे पहुंची और ईंट फेंकने का विरोध किया। चारों ने उसे और बेटे को पीटकर घायल कर दिया। जातिसूचक शब्द बोलकर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

करंट की चपेट में आया किशोर झुलसा

बिंदकी। मलवां थाना क्षेत्र के अढेना गांव में दीपांशु (13) पुत्र सुरेश कुमार फराटा पंखे के कटे तार की चपेट में आकर करंट में चिपक गया। परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया किसी तरह उसे तार से अलग किया। लेकिन तब तक वह करंट की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस चुका था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हाल गंभीर देखते हुए डाक्टर ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पैर फिसलने से बुजुर्ग महिला की मौत

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के कपरिया उसर गांव निवासी रामसनेही की घर में अकेली रहने वाली पत्नी राजा बेटी (80) की घर के अंदर गिरने से मौत हो गई। करीब चार दिन बाद दुर्गंध फैलने पर पड़ोस में रहने वाली देवरानी छेदी घर पहुंची। ग्रामीणों को मौत का पता लगा। मामले में पड़ोसियों ने आशंका जताई कि रात में लघुशंका के समय फिसल कर गिरने से मौत हो गई। पति रामसनेही निषाद इंदौर से लौटा। इसके बाद शव का रिंद नदी किनारे अंतिम संस्कार किया। पति ने बताया कि संतान न होने के कारण राजाबेटी के कहने पर दूसरा विवाह किया था। वह इंदौर में सब्जी कारोबार करता है।

जहर खाने से महिला की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव निवासी सिकंदर की पत्नी राज कुमारी ने रविवार की देर शाम घरेलू विवाद पर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ी तो मामले की जानकारी परिजनों को हुई। मामले की जानकारी होते ह परिजनों ने उसे सीएचसी हथगाम पहुंचाया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर किया। जिला अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सभासद की हार्टअटैक से मौत

फतेहपुर। शहर के पनी मोहल्ला निवासी राहत की पत्नी सना परवीन पनी वार्ड से सभासद थीं। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम उनके सीने में अचानक तेज दर्द उठा तो परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। चांदपुर पुलिस ने मवईधाम गांव निवासी आलोक सिंह पुत्र जगत सिंह उर्फ पुत्तन के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

दो मामलों में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व उपनिरीक्षक कीर्ति गुप्ता एवं काउंसलिंग सदस्य सुरेश चन्द्र जायसवाल, मधु शर्मा और सुनीता गुप्ता के द्वारा दो मामलों में समझौता कराया गया। इस दौरान महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा व मनीषा मौजूद रहीं।

66 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीधक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 66 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 13 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

बिंदकी। मां शारदा देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा देवी की पूजा अर्चना से किया गया। इस मौके पर रुद्राभिषेक भी हुआ और इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के निकट फरीदपुर गांव में सोमवार को मां शारदा देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा देवी की आरती पूजा से हुआ। पूजा आरती कार्यक्रम के बाद रुद्राभिषेक किया गया।

हाईवे पर तीन किसानों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

खागा क्षेत्र में गेहूं की कतराई कर वापस लौट रहे थे किसान

संवाददाता, फतेहपुर

- एक किसान को गंभीर हालत में कराया गया भर्ती

अमृत विचार। खागा कोतवाली क्षेत्र के मेवात ढाबा के सामने नेशनल हाईवे पर अज्ञात ट्रक ने ट्रैक्टर की मरम्मत कर रहे तीन किसानों को रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। हादसे में दो किसोनों की अस्पताल पहुंचाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं तीसरे घायल किसान को भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हथगाम थाना क्षेत्र के इरादतपुर धर्मंगतपुर निवासी रिंकू सिंह, कज्जल सिंह और बिछहर गांव निवासी शंकर रविवार को असोथर के सातों गांव ट्रैक्टर थ्रेसर लेकर गेहूं की कतराई करने गए थे। जहां से देर रात कतराई करने के बाद वापस लौट रहे थे। तभी हाईवे में मेवात ढाबा के पास ट्रैक्टर में कुछ खराबी आ गई तो हाईवे किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर वह ट्रैक्टर की मरम्मत करने लगे। तभी प्रयागराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को रौंद दिया और मौके से भाग निकला। ढाबे में मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर खागा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को हरदों सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने रिंकू सिंह और शंकर को मृत घोषित कर दिया। वहीं कज्जल को जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सड़क हादसों में युवक की मौत, दो घायल

फतेहपुर। सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। दो हादसों में दो युवक घायल हुए हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी ब्लाक के सामने एक 28 वर्षीय एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इलाज दौरान मौत हो गई। उधर, सुल्तानपुर घोष थाने के कस्बा निवासी अनिल कुमार सिंह बाइक से प्रेमनगर जा रहा था। घर लौटते समय चौराहे के पास किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया। डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर किया। मलवां थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी विपिन कुमार पटेल बाइक से हाईवे की ओर गया था। रोड किनारे बाइक फिसलने से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पार्टी में भोजपुरी गाना बजाने पर मारपीट, तीन घायल

बिंदकी। बर्थडे के मौके पर डीजे में भोजपुरी गाना बजाने को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। जिसमें एक किशोर सहित कुल तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के वीरपुर गांव में गुलाब कुशवाहा के पुत्र शिवांश का बर्थडे था। बर्थडे के मौके पर डीजे में भोजपुरी गाना लगाकर लोग डांस कर रहे थे। भोजपुरी गाना बजाने को लेकर पड़ोसी धर्मेंद्र ने नाराजगी जाहिर की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद के बाद झगड़ा और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में एक पक्ष से नरेंद्र पुत्र रामकरण व दूसरे पक्ष से धर्मेंद्र और उनकी पत्नी कमला देवी घायल हो गई। तीनों घायलों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं दोनों पक्ष के लोगों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

टंकी के बगल में अधूरा छोड़ा नाला

पानी टंकी के फाउंडेशन में ही गिरा दिया गया नाला। अमृत विचार

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

- जल शक्ति मिशन योजना के अन्तर्गत बन रही टंकी

अमृत विचार। स्थानीय कस्बे के मजरे कीचकपुर में बन रही पानी की टंकी के पास नेशनल हाईवे की कार्यदाई संस्था पीएनसी ने गोधरौली औंग का नाला यहीं पर बनाकर छोड़ दिया है। जिससे बरसात के दौरान पानी की टंकी का कंपाउंड तालाब में परिवर्तित होने की प्रबल संभावना है।

जल शक्ति मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम कीचकपुर में करीब दस महीने से वाटर हेड टैंक के निर्माण का कार्य चल रहा है, अभी तक 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं हुआ। यह टंकी 05 करोड़ 80 लाख की कीमत से बनाई जा रही है। जिस पर नेशनल हाईवे का काला साया मंडरा रहा है। इधर टैंक का निर्माण अभी अधूरा है और दूसरी तरफ पीएनसी ने दो गांव का नाला यहीं पर बनाकर छोड़ दिया है। लोगों ने आशंका जताई है कि बरसात में नाले का पानी यहीं पर भरने से टंकी गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। पीएनसी मैनेजर शिलप्रिया का मोबाइल स्विचऑफ रहता है। पीडी ने कहा कि इसकी व्हाट्सएप पर फोटो भेज दो, दिखवाते हैं।

> पीएनसी से बात कर इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। यदि समय रहते नाले का पानी टंकी के कंपाउंड में जाने से नहीं रोका गया तो टंकी के नुकसान की संभावना है। जिसकी जिम्मेदारी नेशनल हाईवे की होगी।
>
> **ममता शुक्ला, ग्राम प्रधान औंग**

इसकी गति से ग्रामीण ठेकेदार और सम्बन्धित अधिकारियों की नीयत में खोट का पूरा नजारा देख रहे हैं।

गांव-गांव दिया मोदी की सभा में आने का न्योता

संवाददाता, फतेहपुर

- पीले चावल दे रहे भाजपा के कार्यकर्ता
- रैली प्रमुख के साथ जिलाध्यक्ष रोज कर रहे मानीटरिंग

अमृत विचार। 17 मई को होने वाली हवाई पट्टी मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को सफल बनाने को कार्यकर्ता लगे हुए हैं। पीले चावल बांटे जा रहे हैं।

जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोग प्रधानमंत्री के विचारों को सुनें इसे लेकर बूथ अध्यक्षों, व पदाधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर पार्टी को समर्थन की अपील के साथ ही रैली में शामिल होने के लिए हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता व पार्टी समर्थकों द्वारा संराय, अन्दीपुर के साथ ही यमुना कटरी के जरौली में लोगों को जनसभा के लिए आमंत्रित किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जनसभा संख्या प्रमुख की जिम्मेदारी जिला प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल को दी गई है। वहीं सभास्थल के आसपास के क्षेत्र की महामंत्री उदय लोधी के साथ ही जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह को लगाया गया है। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा रैली प्रमुख सूर्य प्रकाश व क्षेत्रीय जनसभा प्रभारी आनंद राजपाल की उपस्थिति में रोजाना मानीटरिंग की जा रही है।

लोगों तक बातें पहुंचा रही संचार क्रांति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सोशल मीडिया पर भी छिड़ा चुनावी संग्राम पूरे रंग में आया
- लोकसभा चुनाव में सूचना तकनीक आ रही काम

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सूचना एवं संचार तकनीक प्रत्याशियों और मतदाताओं के सिर चढ़कर बोल रही है। उम्मीदवारों के लिए किसी नुक्कड़ सभा या जनसभा की जरूरत नहीं है, रोज हजारों मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया ही काफी है। उम्मीदवार एवं उनके समर्थक अब रोज हजारों मतदाताओं तक सोशल मीडिया के मंचों के जरिए अपनी बातें पहुंचा रहे हैं।

सोशल मीडिया पिछले कुछ वर्षों से दृश्य, श्रृव्य एवं लेखन के जरिए विचारों के आदान प्रदान का बेहतर माध्यम बना हुआ था। अब चुनावों में भी इसका भरपूर प्रयोग दिख रहा है। सभी प्रत्याशी एवं उनके समर्थक इसका भरपूर प्रयोग कर रहे हैं। प्रत्याशी एवं उनके समर्थक सोशल मीडिया के जरिए अपने विचारों से मतदाताओं को वाकिफ करा रहे हैं। फेसबुक, व्हाट्सअप एवं ट्वीटर के द्वारा हर रोज सैकड़ों पोस्ट की जा रही हैं।

इससे लोगों को प्रत्याशियों के विचारों एवं उसके प्रचार की जानकारी मिल रही है। समर्थक रोज अपने प्रत्याशी का प्रचार करते हुए वीडियो एवं फोटो अपलोड करते हैं। जिस पर लोग कमेण्ट व लाइक भी करते हैं। मतदाताओं को बताया जाता है कि प्रत्याशी ने आज नगर के किस क्षेत्र में प्रचार किया है और वहां का क्या माहौल दिखा।

जानकारों की भी ली जा रही मदद

जिन प्रत्याशियों को स्वयं फेसबुक या व्हाट्सअप संचालित करने का पर्याप्त अनुभव नहीं है, उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को चलाने के लिए पेशेवरों की मदद ली जा रही है। प्रत्याशियों के व्हाट्सअप ग्रुप बनाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से अपना चुनाव प्रचार का प्रसार किया जा रहा है।

कमेंट व लाइक से भांप रहे हवा का रुख

प्रत्याशी एवं उनके समर्थक अपनी पोस्टों पर मिलने वाली लाइक्स एवं कमेंट से हवा का रुख भांपते दिख रहे हैं। प्रचार एवं विचार पर आने वाली टिप्पणियों से प्रत्याशियों को अवगत कराया जा रहा है। उन्हें बताया जाता है कि किसी मतदाता से या किस क्षेत्र में अभी परिश्रम की जरूरत है। सोशल मीडिया में मची हलचल से युवा वर्ग में प्रत्याशी के प्रति पनप रहे भावों का भी अंदाजा लगाया जा रहा है।

एप के माध्यम से सौ मिनट में शिकायत का समाधान

संवाददाता फतेहपुर

- सी-विजिल एप का प्रयोग कर सकेगें आम नागरिक

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोजन की ओर से सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत की जा सकती है। शिकायत करने के सौ मिनट के भीतर कार्रवाई की समय सीमा तय है।

फतेहपुर जनपद में पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसको लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। जिला प्रशासन ने भी चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजिल जारी किया गया है। एप पर चुनाव की घोषणा से मतदान दिवस तक शिकायत की जा सकती है। इस एप को मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउन लोड करके आसपास हो रहे आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की लाइव फोटो व दो मिनट का वीडियो या अन्य साक्ष्य अपलोड करना है। लोकेशन आन होने से यह आटोमैटिक जगह को चयनित कर लेगा। शिकायत के सौ मिनट में आचार संहिता से जुड़े उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। मतदाता को हो रही असुविधा को दूर किया जाएगा। एप के जरिए आचार संहिता उल्लंघन करने पर नजर रखी जाएगी।

आंबापुर-हथगाम मार्ग की पुलिया की बाउंड्रीवॉल टूटी

संवाददाता थरियांव

पुलिया में बाउंड्रीवॉल न होने से मंडरा रहा खतरा। अमृत विचार

अमृत विचार। आंबापुर-हथगाम मुख्य मार्ग की पुलिया की बाउंड्री वॉल कई वर्षों से टूटी पड़ी है। पुलिया की बाउंड्रीवॉल टूट जाने से खतरा बना हुआ है। लेकिन उस ओर किसी भी नेता या जनप्रतिनिधि की नजर नहीं जा रही है। यह पुलिया हथगाम अंबापुर मार्ग में रजाबाद गांव के मोड़ के पास पड़ती है और इस पुलिया में मोड़ होने के कारण खतरा और बढ़ जाता है।

बता दें कि 20 किमी लंबे रास्ते में यह पुलिया होने के वजह से इससे सैकड़ों राहगीर गुजरते हैं और हादसे होते रहते है। ग्रामीणों ने बताया इस पुलिया में रात के समय अक्सर हादसे होते रहते हैं।

पूर्व में बाइक सवार, कार, ट्रैक्टर, रिक्शा आदि इसमें नीचे बने नहर में जा गिरे है और हादसे का शिकार हुए है। यह निचली गंगा नहर की सखियांव डिवीजन से निकली नहर में रजाबाद गांव के पास बनी हुई पुलिस जिसकी बाउंड्री वॉल सालो से टूटी पड़ी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि हथगाम की तरफ से इस मार्ग का निर्माण हो रहा जो कि करीब दस किमी का निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन अभी तक पुलिया निमार्ण का कोई कदम नहीं उठाया गया। चुनाव का दौर भी चल रहा है यहां से आयदिन जनप्रतिनिधि व अन्य नेता गुजर रहे हैं लेकिन पुलिस की बाउंड्रीवाल की ओर किसी की नजर नहीं पड़ रहा है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

कोई अधिकारी या नेता इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। जब कोई बड़ा हादसा होगा तब ही शायद प्रशासन की भी आंखें खुलेंगी।

कामता लोधी रजाबाद

मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है अगर साथ में ही पुलिस का निर्माण हो जाए तो हादसे का डर खत्म हो जाएगा। इस मार्ग में आवागमन अधिक है।

सुशील द्विवेदी, भैरमपुर नहवैया

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया अभियान

फतेहपुर। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न शॉपिंग मॉल, मुख्य चौराहा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन सोमवार को किया गया।

इस दौरान स्वीप के तहत चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान समिति के सदस्यों ने लोगों को जागरूक किया। युवा विकास समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि सभी कर्मी 20 मई को केंद्र पहुंचकर मतदान जरूर करें। साथ ही कहा कि 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर से यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वह वोट अवश्य दें।

सार-संक्षेप

पुल के नीचे बना दिया गया कूड़ा घर। अमृत विचार

ओवरब्रिज के नीचे बना डाला कूड़ा-कचरे का हब

औंग। स्थानीय कस्बे औंग स्थित हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे तीनों क्रासिंग में दोनों तरफ एक दर्जन से अधिक बड़े बड़े कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसे हटाने के लिए थानाध्यक्ष कांती सिंह ने बीते दिन दुकानदारों को आगाह किया था लेकिन किसी के कान में जूं नहीं रेंगी। यहां पर यह बताना जरूरी है कि इस ओवर ब्रिज के नीचे सबसे ज्यादा कचरा फैलाने वाली गन्ना जूस की पांच दुकानें प्रतिदिन गन्दगी फैला रही हैं। साथ ही फल, चाट के ठेले, सब्जी की करीब आधा दर्जन दुकानें कूड़ा का ढेर लगाने में इनकी खास भूमिका है। दुकानदार पूरा दिन कमाई करके निकल जाते हैं लेकिन गन्दगी साफ करने के लिए कोई नजर नहीं आता है।

हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

जहानाबाद। थाना जहानाबाद कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार हमराहियों के साथ सोमवार को गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा जानकारी मिली थाना जहानाबाद में आशीष उर्फ जग्गा पुत्र मधुर निवासी नसेनिया किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से कुल्लीहार रोड के पास खड़ा है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुल्लीहार रोड स्थित पुलिया के पास पहुंची। जैसे ही बंम्बा पुलिया रोड की तरफ पुलिस पहुंची तो आशीष उर्फ जग्गा पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया गिरफ्तार युवक पर एक दर्जन से अधिक विभिन्न थानों में मुकदमें दर्ज हैं। जिसे गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जा रही।

घर में लगी आग से बाइक समेत लाखों का सामान जला

बिंदकी। अज्ञात कारणों से एक घर में रविवार की रात को आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद ग्रामीणों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में खड़ी एक बाइक समेत लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव में रविवार की रात को राम नरेंद्र दुबे के घर में अज्ञात कारण से आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। ग्रामीणों ने मिलकर काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची आग को पूरी तरह से बुझाया गया। लेकिन तब तक एक बाइक और अन्य सामान सहित लाखों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गई। आग लगने का कारण किसी को पता नहीं चल सका। बताया कि अगर समय रहते ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू न पाया होता तो और भी नुकसान हो सकता था। आसपास के घरों में भी आग लग सकती थी।

यमुना नदी में डूबे किशोर का शव बरामद

फतेहपुर। मामा और मौसेरे भाईयों के साथ यमुना नदी में नहाने गया एक किशोर नदी में डूब गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू की थी रविवार की देर शाम तक किशोर का कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। सोमवार को गाजीपुर थाना क्षेत्र में उसका शव उतराते हुए बरामद हो गया। ललौली क्षेत्र के समदपुर निवासी निखिल और उसका भाई सागर अपने मामा गब्बर निवासी बेंदा व अपने दो मौसेरे भाई सुमित और अमित के साथ रविवार को यमुना नदी में नहाने गये थे। यमुना में नहाते समय निखिल, अमित और सागर नदी में डूबने लगे। यह देख साथ में मौजूद मामा और सुमित ने किसी तरह से अमित और सागर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान गहराई में जाकर निखिल नदी में डूब गया था। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की थी लेकिन देर शाम तक उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका था। सोमवार दोपहर में गाजीपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव के बाहर नदी में निखिल का शव उतराता देखा गया तो ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया।

हालत खराब | टैक्स देने के बाद भी व्यापारियों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं

बदहाली से घिरी बिंदकी की मंडी

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। व्यवसायिक नगरी में स्थित मंडी समिति अव्यवस्थाओं का शिकार है। लाखों रुपये का टैक्स देने वाले व्यापारियों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिससे उनमें घोर नाराजगी है।

मंडी समिति परिसर में पानी की व्यवस्था न होने के कारण बीते दिनों मंडी समिति की दुकानों में लगी आग को बुझाने के लिए पानी यहां-वहां खोजना पड़ा।

विकास के तो तमाम दावे किए जाते हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। जिसका उदाहरण है बिंदकी नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति का। व्यापारियों द्वारा प्रति माह लाखों रुपया टैक्स देने के बावजूद भी कोई सुविधा नहीं है। ना बिजली की व्यवस्था ना पानी की व्यवस्था। जिसका उदाहरण है कि पिछले दिनों जब आग लगी और कम से कम 30 लाख रुपए का सामान जल गया आग बुझाने के लिए पानी तक नहीं मिला। किसी तरह बाहर से पानी लाया गया और तब कहीं जाकर आग को बुझाया गया।

20 वर्षों से सूखी पड़ी है पानी टंकी

मंडी समिति के सैकड़ों व्यापारी प्रतिमाह लाखों रुपए का टैक्स देते हैं। जिसके कारण उन्हें सुविधाएं मिल सके लेकिन सुविधाओं के नाम पर मामला शून्य रहता है। मंडी समिति में पानी की टंकी बनी तो है लेकिन 20 साल से पानी नहीं भरा गया ना ही कोई पाइप लाइन है। इसके अलावा मंडी समिति में बिजली के खंभे तो लगे हैं लेकिन उसमें स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है।

रात के अंधेरे में हो चुकीं कई घटनाएं

शाम होते ही पूरे मंडी समिति में अंधेरा हो जाता है। जिसके कारण कई बार लूट की घटनाएं और व्यापारियों के साथ मारपीट की भी घटनाएं हो चुकी हैं। तमाम विकास की बात करने वाली सरकार के खिलाफ लोगों में गहरी नाराजगी का माहौल है। व्यापारी लगातार सुविधाओं की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन नतीजा शिफर ही रहा। लोकसभा चुनाव नजदीक है इसको लेकर व्यापारियों में नाराजगी का माहौल है।

पर्ची पर अबकी होगा मतदान केंद्र का नक्शा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को घर-घर उपलब्ध कराये जाने वाली मतदाता पर्ची पर अबकी बार मतदान केंद्र का नक्शा भी छपा रहेगा। इस पर्ची पर बीएलओ का मोबाइल नंबर व नाम भी अंकित रहेगा।

मतदान से पांच दिन पूर्व से ही बीएलओ को घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के घर पर मिलने वाली मतदाता पर्ची में मतदान केंद्र का नक्शा भी छपा रहेगा। जिससे मतदाता आसानी से अपने मतदान केंद्र व बूथ तक पहुंच सके। यह मतादाता पर्ची इस बार ए फोर पेपर पर आधे भाग में छपकर मिलेगी।

पहचान पत्र न होने पर 12 विकल्पों की सुविधा

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदान के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा है कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों के फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को पात्र माना जाएगा। सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय मंत्रालय वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज पात्र माना जाएगा।

बीआरसी के मतदान केंद्र के निकट बने सपा के बस्ते पर बैठे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव व दीपक मिश्र और अन्य लोग।

जमीन पर लगे भाजपा के बस्ते पर डटे समर्थक व एजेंट। अमृत विचार

मतदान कर पुत्र के साथ लौटता वृद्ध।

एसबीएस इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर लगीं मतदाताओं की लंबी कतारें। अमृत विचार

दिखा उत्साह, कन्नौज में 60.89 प्रतिशत मतदान

जिले के 1519 पोलिंग बूथों पर पड़े वोट, कई केंद्रों पर लगी लंबी कतारें, चुनाव के चौथे चरण में मौसम ने भी दिया साथ, छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 60.89 प्रतिशत मतदान कर इत्रनगरी फर्स्ट डिवीजन पास हो गई। प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रोमांचक होने के चलते लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और बूथों पर जमकर वोट बरसे। कई बूथों पर सुबह से हीं लंबी लाइनें लगीं रहीं। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 1519 पोलिंग बूथों पर लोगों का उत्साह देखने को मिला। बादल छाए रहे और कई स्थानों पर बारिश के चलते उमस बनी रही।

सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया तो जिले के कई पोलिंग बूथों पर वोटरों की लंबी कतार लग गई। पहले मतदान, फिर जलपान के नारे को आत्मसात करते हुए लोगों ने पूर्ण उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस सबसे बड़े महायज्ञ में आहुति डाली। सुबह 9 बजे तक जनपद में 14.32 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वहीं, दोपहर 11 बजे तक मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई और 30.99 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम को पांच बजे तक 59.06 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया, लेकिन आखिरी के एक घंटे में मतदान कम हुआ। इससे जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर 60.89 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार यदि बिधूना व रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ा जाए तो समूची लोकसभा क्षेत्र में 62 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 0.11 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ और कहीं कोई हिंसा या मतदान बाधित करने की घटना नहीं हुई।

बच्चे को गोद में लेकर मतदान कर लौटती महिला। अमृत विचार

मुस्लिम मोहम्मदिया स्कूल में जानकारी लेते डीएम, एसपी। अमृत विचार

दिव्यांग मतदाता को गोद में लेकर गोमती देवी के बूथ की ओर जाता अभिकर्ता।

फुलवारी के राजकीय विद्यालय में अमिट स्याही दिखाते लेखपाल राहुल गुप्ता।

तिर्वा में वृद्धा को मतदान के लिए चारपाई पर ले जाते परिजन। अमृत विचार

वोट डालने के बाद अमिट स्याही दिखाते इत्र उद्यमी सुबोध दीक्षित।

लोकसभा क्षेत्र में इस तरह बढ़ा मतदान प्रतिशत

विधानसभा क्षेत्र	9 बजे	11 बजे	01 बजे	03 बजे	05 बजे	06 बजे
छिबरामऊ	14.16	30.00	42.93	51.05	57.83	59.60
तिर्वा	15.07	31.55	44.91	53.35	60.36	61.92
कन्नौज	15.38	31.39	45.24	53.18	60.32	61.02
बिधूना	15.03	22.73	41.81	50.01	58.59	61.10
रसूलाबाद	14.06	28.02	41.23	49.59	58.19	59.73

2019 में यह रहा था मतदान प्रतिशत

विधानसभा क्षेत्र	मतदान प्रतिशत
छिबरामऊ	58.73
तिर्वा	61.56
कन्नौज	62.30
बिधूना	60.78
रसूलाबाद	60.96

फर्जी मतदान को लेकर विवाद

छिबरामऊ। नगर पालिका परिषद के मतदान केन्द्र पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व सांसद सुब्रत पाठक के भतीजे देर शाम पहुंच गये। इनके पहुंचते ही समर्थक हुजूम के साथ बूथ पर घुस गये। यहां फर्जी मतदान का सपा एजेंटों ने विरोध किया। इस पर विवाद बढ़ गया। सूचना पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल ने मामला शांत कराया।

पति ने वोट डालने से रोका, पिटाई...पहुंचे मंत्री

कन्नौज। नगर पंचायत तिर्वा के मोहल्ला गांधीनगर निवासी एक महिला ने समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को फोन कर कहा कि वह वोट डालना चाहती है, लेकिन पति जाने नहीं दे रहे। साथ ही उसे आए दिन की तरह पीट भी दिया। राज्यमंत्री ने बताया कि जानकारी पाकर वह सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेई व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी पति को समझाया और पीड़ित महिला को वोट डालने के लिए भेजा। दूसरी ओर आरोपी ने बताया कि महिला खाना बनाकर नहीं देती है। यहां वोट भी नहीं है। मंत्री ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीओ से कहा है।

तिर्वा के गांधीनगर में पीड़ित महिला व पति से बात करते मंत्री असीम अरुण व सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेई।

कन्नौज कछोहा में मतदान के लिए एकजुट होकर जातीं युवतियां व महिलाएं।

मतदान के बाद परिवार के साथ मौजूद पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता। अमृत विचार

परिवार के साथ मतदान करने के बाद पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी।

गुरसहायगंज में भी मतदाताओं में दिखा उत्साह

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- कई स्थानों पर भाजपा व सपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक

अमृत विचार। नगर सहित क्षेत्र के बूथों पर मतदान के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा। छुटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण मतदान हुआ।

लोकसभा निर्वाचन के लिए सोमवार सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक कोतवाली क्षेत्र के 146 मतदान केन्द्रों के 251 बूथों पर वोट पड़े। भीषण धूप के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। दोपहर में मतदान की रफ्तार धीमी तो चार बजे के बाद तेज हो गई। कुछ स्थानों पर भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं में तीखी नोंकझोंक हुई। तालग्राम, ग्राम जलालाबाद, जसोदा, तेराजाकेट, सराय प्रयाग, तिसौली स्थित बूथों पर भी जमकर मतदान हुआ। सेल्फी पॉइंट पर मतदाताओं ने फोटो खींची और सोशल मीडिया पर शेयर भी की। सेल्फ़ी पॉइंट में लोकसभा की जगह विधानसभा निर्वाचन 2024 लिखा होना भी चर्चा का विषय बना रहा।

बुजुर्ग व दिव्यांगों ने भी दिखाया उत्साह

गुरसहायगंज। जहां युवाओं ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया तो बुजुर्गों में भी खासा जोश देखने को मिला। दिव्यांग भी बैशाखी व अपने संसाधनों के सहारे बूथ तक पहुंचे और मतदान किया।

गुरसहायगंज व गुगरापुर में भिड़े सपा-भाजपा कार्यकर्ता

गुरसहायगंज। गुगरापुर ब्लॉक के ग्राम मोहनपुर में सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के भाई छोटू पाठक ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पुलिस प्रशासन से घटना की शिकायत की। गुरसहायगंज के सरस्वती शिशु मंदिर स्थित मतदेय स्थल के पास लगे सपा-भाजपा के बस्ते पर मौजूद कार्यकर्ताओं में शाम लगभग 05 बजे किसी बात को लेकर नोंकझोंक हो गई। सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के बस्ते पर पथराव कर दिया। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने शांति व्यवस्था को बहाल कर कार्रवाई की।

वाहनों के इंतजार में भटके राहगीर

गुरसहायगंज। मतदान के दौरान सबसे अधिक समस्याओं का सामना यात्रियों व राहगीरों को करना पड़ा। वाहनों को मतदान के लिए अधिग्रहित किए जाने से दिक्कत आई। चिलचिलाती धूप में यात्री चौराहा व तिराहा पर वाहनों का इंतजार करते रहे। शाम सात बजे मतदान समाप्त होने के बाद बाजार में कुछ पलों के लिए चहलपहल हुई।

जोश बूथों के लिए ट्राइसाइकिल, वाहनों, गोद व पैदल पहुंचे अशक्त वोटर, शहर के बूथों पर कहीं दिखी भीड़ तो कहीं रहा सन्नाटा

बुजुर्ग, युवाओं और दिव्यांगों में भी दिखा मतदान के लिए जबर्दस्त उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कन्नौज में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बुजुर्गों, दिव्यांगों का भी खूब योगदान रहा। धूप व गर्मी की परवाह किए बगैर वह बूथों पर पहुंचे और उत्साह के साथ वोट डाला। अशक्त शरीर को खुद पर भारी नहीं होने दिया। सैकड़ों युवाओं ने भी पहली बार वोट किया।

तहसील तिर्वा के गांव हांसापुर के मतदान केंद्र 459 में 95 वर्षीय माया देवी ने बताया कि राष्ट्रहित के लिए वोट डाला। शहर के मकरंदनगर निवासी 85 साल के महेश मिश्र ने ट्राइसाइकिल का सहारा लेकर गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज में वोट किया। फर्श मोहल्ला निवासी 84 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र नाथ टंडन ने सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में मतदान किया। उनके साथ अधिवक्ता रंजन टंडन भी रहे। इसी तरह कन्नौज कछोहा में 74 साल की गंगादेवी सदिकापुर गांव से आधार कार्ड लेकर मतदान के लिए पहुंचीं। शहर के कुतुलुपुर मोहल्ला निवासी शैलजा मिश्रा ने बताया कि उन्होंने नए मतदाता के तौर पर पहली बार वोट किया है। मतदान की प्रक्रिया सरल है। गदनपुर बड्डू निवासी प्रथा गुप्ता ने बताया कि गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज बूथ पर पहली बार ईवीएम से वोट डाला है। भीड़ अधिक होने की वजह से थोड़ी देर लाइन में लगना पड़ा। इसी तरह गदनपुर बड्डू निवासी प्रियांशी गुप्ता ने बताया कि पहली बार उन्होंने मतदान कर दिया है। वोट करने से कोई लाभ तो है नहीं। जीतने वाले नेताओं को ही फायदा होता है। शेखपुरा निवासी अर्जुन ने एसबीएस इंटर कॉलेज के बूथ पर पहली बार मतदान किया। कुतुलूपुर निवासी 70 साल की कुसुमलता ने लाठी का सहारा लेकर वोट डाला।


नरेंद्र नाथ टंडन।

अर्जुन। अमृत विचार

कुसुमलता। अमृत विचार

प्रियांशी गुप्ता।

माया देवी। अमृत विचार

महेश मिश्र। अमृत विचार

मोबाइल से खींची वोट की फोटो और कर दी पोस्ट

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ल की तमाम सख्ती और कड़ी सुरक्षा के बाद भी लोग मोबाइल लेकर मतदान कक्ष में पहुंचे। वोट डालने के बाद अपने वोट और वीवीपैट से निकली पर्ची तक की फोटो खींची और सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की।

पहली बार वोट देने के बाद स्याही दिखातीं शैलजा मिश्रा व प्रथा गुप्ता।

जसौली मतदान केंद्र पर लगी महिला मतदाताओं की कतार। अमृत विचार

झलकियां

बिजली को लेकर मतदान बहिष्कार, गांव पहुंचे मंत्री

कन्नौज। ठठिया क्षेत्र के रसूलपुर गांव में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। इसके चलते सोमवार को लोकसभा क्षेत्र के मतदान का वोटरों ने बहिष्कार करने का निर्णय लिया। मतदान बहिष्कार की जानकारी मिलते ही सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया को साथ लेकर सुबह रसूलपुर गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात कर समस्या पूछी। साथ ही जल्द समाधान कराने का भरोसा दिया। उसके बाद पूरे गांव के लोग वोट डालने के लिए राजी हो गए।

रसूलपुर व अज्यौरा में पहले बहिष्कार, फिर मतदान

तिर्वा, कन्नौज। लोकसभा कन्नौज के लिए होने वाले मतदान के लिए ठठिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर व अज्यौरा मे जैसे ही मतदान शुरू हुआ तो मतदाताओ ने बिजली की समस्या को लेकर बहिष्कार कर दिया। जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने मतदाताओं को समझाकर मतदान शुरू कराया। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि समझाने के बाद मतदान शुरू कर दिया गया।

अलमापुर में एक घंटे बाधित रहा मतदान

तिर्वा, कन्नौज। ठठिया थाना क्षेत्र के अलमापुर गांव मे जैसे ही मतदान शुरू हुआ कि करीब नौ बजे अचानक वीवीपैट ने काम करना बंद कर दिया। इससे मतदाता आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। प्रशासन ने मशीन को बदलवाया। करीब एक घंटे तक मतदान बाधित रहा।

हरौलपुर्वा में मॉकपोल के समय वीवीपैट निकली खराब

तिर्वा। मतदान शुरू होने से पहले मतदान कर्मियो द्वारा किए जा रहे मॉकपोल के दौरान थाना इंदरगढ़ के हरौलपुर्वा बूथ संख्या 288 पर वीवीपैट ने काम नहीं किया। मतदान कर्मियों ने प्रशासन को सूचना देकर मशीन को बदलवाकर मतदान शुरू करा दिया।

भाजपाइयों की शिकायत पर पीठासीन अधिकारी हटाई गईं

तिर्वा, कन्नौज। थाना ठठिया के मवईया गांव के प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 375 पर भाजपा बूथ प्रभारी व कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारी मतदाताओं को सपा के पक्ष मे मतदान करवा रही हैं। भाजपा प्रत्याशी ने निर्वाचन अधिकारी से शिकायत कर उन्हें तत्काल हटवा दिया।

सपा के एक्स हैंडल से निर्वाचन आयोग से शिकायत

तिर्वा, कन्नौज। मतदान के दौरान तिर्वा विधान सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धमकी के साथ फर्जी मतदान व दबाव की शिकायत समाजवादी पार्टी के ट्विटर (एक्स) हैंडल से डीएम के साथ साथ निर्वाचन आयोग से की गई।

सपा प्रत्याशी अखिलेश के बूथ पर पहुंचते ही मुर्दाबाद के नारे

छिबरामऊ, कन्नौज। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा प्रत्याशी व पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने सोमवार को मतदान के दौरान क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान छिबरामऊ शहर के पूर्वी जूनियर हाईस्कूल के कम्पोजिट विद्यालय के बूथ संख्या 171, 172, 173, 174, 175, 176 पर पहुंचकर मतदान के बावत पार्टी के बूथ प्रभारी आरिफ खां से जानकारी ली। तभी भाजपा समर्थक झंडा लेकर अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इससे आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने शुरू कर दिए। इस मौके पर मौजूद पुलिस ने लाठी पटक कर मामला शांत कराया। अखिलेश ने उप निरीक्षक अभिनेश कुमार से वोटिंग को लेकर जानकारी ली।

बूथ प्रभारी से वार्ता करते अखिलेश यादव। अमृत विचार

मोदी टोपी लगाने पर टेंपो चालक को पीटा

कन्नौज। मोदी की टोपी लगा कर टेंपो चला रहे चालक की दो अज्ञात लोगों ने पिटाई कर दी। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुखरु निवासी राज कुमार पुत्र हर दयाल ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह बिल्हौर से कन्नौज के बीच टेंपो चलाता है। शनिवार को वह टेंपो लेकर बिल्हौर से कन्नौज आ रहा था। जैसे ही वह गांगूपुर थाना अरौल पहुंचा उसी समय दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके टेंपो को रोक कर गालीगलौज करते हुए उसके सिर पर लगी मोदी टोपी निकाल कर फेंक दी। रोकने पर उसे लात घूसों से पीटने लगे। जान से मारने की धमकी भी दी।

केके कालेज में मतदान की जानकारी लेते आईजी कानपुर जोगेंद्र कुमार व अन्य।

आईजी ने केके कालेज पहुंच परखी मतदान की हकीकत

कन्नौज। लोकसभा क्षेत्र कन्नौज के सोमवार को हुए मतदान की हकीकत जांचने के लिये आईजी जोगेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान वह शहर के केके कालेज मतदान केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने सीओ सदर कमलेश कुमार के साथ निरीक्षण किया। मतदान अधिकारी व पुलिस को निर्देश दिये कि वह प्रत्येक मतदाता की आईडी चेक करने के बाद ही मतदान कक्ष में प्रवेश दें। उन्होंने शहर के कई अन्य मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

जनता खुद डालने निकली वोट : अखिलेश

छिबरामऊ। छिबरामऊ पहुंचे अखिलेश यादव बोले जनता खुद निकल पड़ी वोट डालने। इस बार जनता बदलाव चाहती है और केंद्र से भाजपा का सफाया हो जाएगा। भाजपा के लोग हार के डर से बूथों पर वोटरों को धमका रहे हैं। छिबरामऊ पहुंच कर अखिलेश यादव ने कहा मैं आना नहीं चाहता था लेकिन बीजेपी के लोग जगह जगह घूमकर वोटरों को हड़का रहे हैं और वोट डालने से रोक रहे हैं। बोले, बेईमानों से देश को बचाने को जमकर आप लोग जमकर मतदान करें। ये तो चौथा चरण है अभी और बढ़ेगी नाराजगी लोग महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। इन्होंने लोधी समाज को अपमानित किया और पाल समाज के नेता से गालीगलौज की।

रंधीरपुर के मतदान केन्द्र पर विवाद पर पहुंचे अखिलेश

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के मतदान केन्द्र रंधीरपुर में फर्जी वोटिंग को लेकर सपा व भाजपा समर्थकों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फर्जी वोटिंग पर नाराजगी जाहिर की। मोके पर मौजूद सेक्टर मजिस्ट्रेट से घटना की जानकारी लेते हुए नियमानुसार मतदान कराने की बात कही। सपा प्रत्याशी के जाने के बाद भाजपा विधायक अर्चना पांडेय पहुंच गयी। सपाइयों का आरोप है कि भाजपा विधायक के इशारे पर सपा के बूथ प्रभारी अवनीश कुमार व बूथ एजेंट अभिषेक कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

विधानसभा के दो बूथों पर खराब निकली ईवीएम

छिबरामऊ। विधानसभा के ग्राम मिंघौली में बूथ संख्या 43 पर ईवीएम मशीन खराब निकली जिससे मतदान कुछ देर बाधित रहा। ईवीएम मशीन बदलकर वोटिंग चालू कराई गई इसके अलावा बूथ नंबर 124 प्रानपुर पल्योरा में ईवीएम मशीन तकनीकी खराबी के चलते शुरू नहीं हो पाई वोटिंग। काफी समय बाद ईवीएम मशीन ठीक हुई और 7 बजकर 40 मिनट पर मतदान शुरू हो सका।

मतदान कक्ष में दो सर्प निकलने से मचा हड़कंप

हसेरन। कस्बा के प्राथमिक विद्यालय में चल रहे मतदान के समय मतदान कक्ष 226 में दोपहर के समय दो सर्प निकलने से हड़कंप मच गया। मतदान कर्मी इधर-उधर होते हुए दिखाई दिए। सपेरा समाज के व्यक्ति ने पहुंचकर दो सांपों को पकड़ कर बाहर निकाला।

इंटर में आकृति वर्मा, हाईस्कूल में भाव्या दुबे ने किया टॉप

सीबीएसई की ओर से जारी हुआ बोर्ड परीक्षा परिणाम, स्कूलों ने बताए मेधावी

सीबीएसई परिणाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार को इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। मतदान का अवकाश होने से ज्यादातर विद्यालयों में छात्र-छात्राएं नहीं पहुंच सके।

कुछेक ही बच्चे पहुंचे तो उनका मुंह मीठा कराया गया। शहर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, कानपुर पब्लिक स्कूल की ओर से परीक्षा परिणाम जारी किया गया। सेंट जेवियर्स की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाईस्कूल में भाव्या दुबे ने 97 और इंटरमीडिएट आकृति वर्मा ने 98.4 फीसदी अंक पाकर टॉप किया।



हाईस्कूल में 95 फीसदी अंक लाने वाले मुनीब खान को मिठाई खिलाते उनके पिता मुजीब खान। अमृत विचार

केपीएस में 12वीं में रिषिता दुबे अव्वल

कानपुर पब्लिक स्कूल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इंटरमीडिएट में 66 विद्यार्थी पंजीकृत थे, उसमें 50 परीक्षार्थियों ने 75 फीसदी से अंक प्राप्त किए। रिषिता दुबे 92.6 प्रतिशत नंबरों के साथ अव्वल रहीं। इसी तरह हाईस्कूल में पंजीकृत 82 परीक्षार्थियों में से 37 ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। सौम्या व मोहम्मद जयान ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

हाईस्कूल में एकता और इंटरमीडिएट में वंश दुबे ने फहराया परचम

- **छिबरामऊ, कन्नौज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबद्ध जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कामयाबी का परचम फहरा दिया। हाईस्कूल में एकता पांडेय 93 प्रतिशत व इंटरमीडिएट में वंश दुबे ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया। इंटर में सक्षम सक्सेना ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय प्रबंधक हिमांशु सक्सेना तथा प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। निदेशक डॉक्टर आत्माराम शर्मा तथा कोऑर्डिनेटर संदीप प्रताप वर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट के प्रथम बैच का रिजल्ट है। शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन में छात्रों ने सफलता प्राप्त की है।

केपीएस के इंटर के मेधावी

रिषिता दुबे **92.6%**

प्रत्यूष कटियार **92%**

चिराग शर्मा **90.4%**

अंशिका मिश्रा **90%**

सैफ अली **90.2%**

केपीएस के हाईस्कूल के मेधावी

सौम्या सिंह **96%**



मोहम्मद जयान **96%**

अनिका गुप्ता **95.8%**

उन्नति यादव **95.4%**

जिकरा फातिमा **95%**

प्रबल मिश्रा **92%**

अन्नया गुप्ता **92.6%**

अब्दुल आहद **92%**

आरव अग्निहोत्री **92.4%**

कृत्या वर्मा **90.6%**

एकता पांडे **93%**

वंश दुबे **91%**

भाजपाइयों ने चुनाव में पैसा बांटने का आरोप लगा पीटा

छिबरामऊ, कन्नौज। लोकसभा चुनावों में पैसा बांटने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो लोगों को घेरकर जमकर पीटा। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निगोह निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल साथी रेशू यादव के साथ फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के नगला मांधाता बाइक से गए थे। लौटते समय कुछ देर के लिए प्रेमपुर रुके और साथी से फोन पर बात करने बाद गांव के लिए चल दिए। रास्ते में कार सवार मनोज यादव और बृजेन्द्र ने अपने साथियों के मिलकर प्रमोद व रेशू को घेरकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और कहा कि चुनाव में पैसा बांटते हो, आज ठीक कर देंगे। मारपीट में रेशू गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि प्रमोद ने भागकर जान बचाई और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रेशू को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे सैफई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी प्रशांत वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। तभी मोहल्ले के रवि राठौर, सुमित, मूलचंद्र, पन्नालाल अपने साथियों के साथ आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए उसके भाई शशांक व निशांत वर्मा से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपितों ने उसकी सोने की चेन भी छीन ली। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

जेएनवी के छात्रों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में मारी बाजी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। सीबीएसई में जवाहर नवोदय विद्यालय में हाईस्कूल के छात्र कल्पेंद्र ने 94.5 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक ने 94 प्रतिशत, इरम ने 93.6 प्रतिशत, प्रियंका कटियार ने 92.8 प्रतिशत, अभिजीत, सचिन ने 91.8 प्रतिशत, अभय व प्रतिक्षा भट्ट ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुजनों व परिजनों का मान बढ़ाया।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट में छात्र कुमुद यादव ने 92.4 प्रतिशत, निखिल राजपूत ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विवेक कुमार ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संदेश कुमार पांडेय ने सफल छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। जेपी स्कूल की छात्रा व नेत्र चिकित्सक सुधीर दीक्षित की पुत्री शांभवी दीक्षित ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुजनों व परिजनों का नाम रोशन किया।

छात्रा शांभवी दीक्षित।

सीबीएसई का परीक्षा परिणाम आते ही मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले परिजनों ने कराया मुंह मीठा, दी शुभकामनाएं

छात्रा प्रतिक्षा भट्ट को मिठाई खिलाती मां सुमनलता। अमृत विचार

सूची में नाम न होने से सैकड़ों वोटर का अधिकार छिना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सैकड़ों मतदाता वोट नहीं डाल सके। उनका नाम सूची में नहीं था। इससे मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद भी उदास होकर लौट गए।

तिर्वा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अन्नपूर्णानगर निवासी हरीशंकर उर्फ गुड्डू ने बताया कि इस बार उनकी मतदाता पर्ची नहीं आई। जब वह सोमवार को लोकसभा क्षेत्र का मतदान करने के लिए डीएन इंटर कॉलेज के बूथ पर पहुंचे तो मतदाता सूची में नाम नहीं मिला। इंटरनेट के जरिए पहचान पत्र का नंबर डालकर खोज किया तो वोट कटने की जानकारी मिली। इससे वह मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गए। शहर के मोहल्ला बालापीर निवासी मुन्नी देवी राठौर हाथ में फ्रैक्चर होने के बाद भी वोट डालने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि बेटे पंकज राठौर ने तो सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज के बूथ नंबर 289 पर वोट डाल दिया, पर वह वंचित रह गईं। उनकी न तो बीएलओ के पास मतदाता पर्ची थी और न ही सूची में नाम मिला। अन्य बूथों पर भी इस तरह की शिकायतें मिलीं। दूसरी ओर अधिकारियों का तर्क है कि वोट बनाने से लेकर मतदाता सूची प्रकाशन तक खूब प्रचार-प्रसार होता है, उस समय जो वोटर या अन्य लोग नाम नहीं देखते हैं उनको ही ऐसी दिक्कत होती है। अगर समय रहते सूची देख ली जाए तो वोट बनवा सकते हैं।

हरीशंकर उर्फ गुड्डू।

मुन्नी देवी राठौर।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया

छिबरामऊ, कन्नौज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जब पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं तो नवीन मंडी स्थल पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था करते हुए नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम भी कराया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आरओ वॉटर की भी व्यवस्था की तथा नगर पालिका परिषद मतदान केंद्र को पिंक बूथ के रूप में सजाया गया। सेल्फी प्वाइंट महिलाओं के आंचल केंद्र और पूरे मतदान केंद्र को गुलाबी कलर के गुब्बारे से सजाकर आकर्षक गेट तथा बीच में गमला आदि रखवा कर प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम करने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करने की कोशिश की गई।

बीच मतदान में 49 ईवीएम दे गई दगा, मतदान हुआ बाधित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन कई ईवीएम में खराबी आई। सुबह मॉकपोल के दौरान 115 ईवीएम में खराबी की सूचना मिलीं, जिन्हें बदल दिया गया। वहीं, मतदान के दौरान 49 ईवीएम में खराबी आई, जिन्हें भी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा बदल दिया गया।

सोमवार को मतदान के दिन सुबह साढ़े पांच बजे से पोलिंग बूथों पर मॉकपोल किया गया। पूरे लोकसभा क्षेत्र में 26 बैलेट यूनिट, 38 कंट्रोल यूनिट व 51 वीवीपैट में खराबी की सूचना मिली। पीठासीन अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में सूचना दी, जिस पर कंट्रोल रूम प्रभारी अनुपम रॉय ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को मौके पर भेजकर ईवीएम को बदलवा दिया।

सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। कई बूथों पर मतदान के दौरान ईवीएम दगा दे गई तो कहीं वीवीपैट की लाइट बंद हो गई। इन मशीनों को बदलकर दूसरी की व्यवस्था की गई। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम रॉय ने बताया कि मतदान के दौरान 9 बैलेट यूनिट, 14 कंट्रोल यूनिट व 26 वीवीपैट को बदला गया। इस दौरान काफी देर तक मतदान प्रभावित रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि रैंडमाइजेशन में बीयू व सीयू को 120 प्रतिशत तथा वीवीपैट को 135 प्रतिशत रिजर्व रखा गया था। इस वजह से ईवीएम को रिप्लेस करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

विधानसभा क्षेत्रवार बदलीं गईं ईवीएम

विधानसभा क्षेत्र	बैलेट यूनिट	कंट्रोल यूनिट	वीवीपैट
छिबरामऊ	03	03	07
तिर्वा	01	01	02
कन्नौज	02	02	05
बिधूना	02	07	09
रसूलाबाद	01	01	03
योग	09	14	26

वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम सरैया के पास किसी वाहन की टक्कर लगने से बुजुर्ग की मौत हो गई। अस्पताल रोड निवासी 60 वर्षीय हरिराम हलवाई पुत्र नंदलाल गोलगप्पे और पापड़ी का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। रोज की भांति वह रविवार की सुबह गोलगप्पे व पापड़ी का ठेला लेकर घर से निकले थे। रात करीब 9 बजे अकबरपुर की तरफ से घर जाते समय एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम सरैया के पास किसी वाहन की टक्कर लगने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। काफी देर सड़क पर पड़े रहने के बाद राहगीरों की नजर पड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

सार-संक्षेप

जयंती पर भंडारा वितरित करते देवेन्द्र देव व मयंक गुप्ता। अमृत विचार

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा श्रीगोपाल की मनाई जयंती

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान पर शंभूदयाल गुप्ता व भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा स्व. श्रीगोपाल गुप्ता की जयंती पर भण्डारा किया। देवेन्द्र देव ने बताया कि दादा श्री गोपाल ने समाज के विकास व उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए। शिक्षा की अलख जगाने के लिए अपनी भूमि देकर नगर में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना कराई। इससे पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, मानव गुप्ता, हरिओम गुप्ता, नीरज मिश्रा, भैयालाल दुबे, दीपक गुप्ता, दीपू शर्मा, शिवा गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, शिवम, आंचल, अखिल, विकास, अमन वर्मा, निहाल, रामू, अतुल आदि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को श्रद्धांजलि दी।

एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता से बची महिला की जान

कन्नौज। छिबरामऊ के गांव कैरदा निवासी शशिकला को अचानक सांस में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया। सीएचसी सौरिख में खड़ी एंबुलेंस को जानकारी मिली। इस पर एंबुलेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन आमोद और पायलट राहुल कुमार दोनों मरीज के घर पहुंच गए और मरीज को अपनी एंबुलेंस में शिफ्ट किया और चेकअप किया। परेशानी देख ईएमटी ने ईआरसीपी सौरभ से बात की और डॉक्टर द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए मरीज को 100 बेड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। परिजनों ने एंबुलेंस कर्मचारियों की सराहना की।

एंबुलेंस में महिला की जांच करता ईएमटी आमोद। अमृत विचार

चौकी इंचार्ज पर अभद्रता कर तोड़फोड़ का आरोप

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

अमृत विचार। भाजपा के बस्ते पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने अभद्रता कर वोटर लिस्ट फ़ाड़ दी और कुर्सियां तोड़ दीं।

प्राथमिक विद्यालय चटोरापुर मतदान केंद्र के बाहर नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव चटोरापुर निवासी छविराम राजपूत के दरवाजे पर भाजपा का बस्ता लगा था। नादेमऊ चौकी इंचार्ज राजकुमार गौतम फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने वहां वोटर लिस्ट फाड़ी एवं कुर्सियां तोड़ दी। कुछ पुलिसकर्मी मकान के ऊपर चढ़ गए और मोदी की तस्वीर हटाकर नीचे फेंक दिया और गालीगलौज की। महिलाओं का कहना है चौकी इंचार्ज सपा को वोट देने का दबाव बना रहे थे। देर शाम तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत मौके पर पहुंच गए और उच्च अधिकारियों से शिकायत की। चौकी इंचार्ज राजकुमार गौतम ने बताया, सेक्टर मजिस्ट्रेट संतोष सिंह अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग वहां पहुंचे थे उन्होंने बैनर हटाने के लिए कहा तो ग्रामीण नाराज होने लगे। प्रभारी निरीक्षक की सूचना पर वह पहुंचे और लोगों को शांत कराकर बैनर हटा दिया गया। लगाए गए आरोप निराधार हैं।

फर्जी वोटिंग पर भिड़े सपाई-भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। फर्जी मतदान को लेकर सपाइयों व भाजपाई आमने सामने आ गये। सपाइयों ने फर्जी मतदान तो कहीं एजेंटों को बूथ से जबरन हटाने के आरोप लगाये। वहीं बसपा प्रत्याशी ने भी एक गैंग पर उनके वोटरों को धमकाने का आरोप लगाया है।

सपाइयों ने ट्वीट कर चुनाव आयोग से शिकायत की है कि भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के भाई छोटू पाठक ने मोहनपुर रतनपुर ब्लाक गुगुरापुर के बूथ 78 पर पहुंच कर सपाइयों को धमकी दी है। इससे सपा भाजपा के लोग आमने सामने आ गये। शहर के सुशीलादेवी गर्ल्स इंटर कालेज मतदान केंद्र पर पर सपाइयों ने भाजपाइयों पर फर्जी मतदान का आरोप लगाया। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द को दी। इस पर वह भारी पुलिस बल के साथ गर्ल्स कालेज पहुंचे तो मामला झूठा पाया गया। सपाइयों ने यह भी आरोप लगाया कि एसडीएम व सीओ सदर ने उनके मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिये। यह मामला भी जांच में झूठा निकला। इसी तरह सपाइयों ने आरोप लगाये कि सहजापुर ब्लाक कन्नौज के मतदान केंद्र पर करीब तीस मतदाताओं के वोट काट दिये गये। जब वह मतदान करने पहुंचे तो उनको जानकारी हुई। इसके अलावा आरोप है कि ब्लाक जलालाबाद के तेरारागी मतदान केंद्र पर भाजपाइयों ने एजेंटों को मतदान परिसर से बाहर निकाल दिया। बस्ता हटवा दिया। जेपी कालेज कन्नौज में भी फर्जी मतदान का आरोप लगाया गया है।

कोतवाली प्रभारी से नोकझोंक करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपाइयों से कोतवाली प्रभारी की हुई नोकझोंक

कन्नौज। फर्जी मतदान को लेकर सपाइयों की शिकायत पर कोतवाली सदर प्रभारी दिग्विजय सिंह पुलिस बल के साथ सरायमीरा पहुंचे। यहां पुलिस ने भाजपाइयों को मतदान केंद्र के बाहर से हटाने का प्रयास किया। इस पर भजपाइयों की कोतवाली प्रभारी से तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस समझा कर वापस चली गई।

समस्या समाधान | कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में निगरानी करते रहे अधिकारी, अधिकतर बूथों से आतीं रहीं फर्जी वोटिंग की शिकायतें

दिन भर बजता रहा फोन, रही शिकायतों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में दिन भर फोन बजता रहा। अधिकारी शिकायतों की निगरानी करते रहे। सी-विजिल एप, हेल्पलाइन नंबर 1950 व सोशल मीडिया पर शिकायतों की भरमार रही। अधिकारियों ने तत्काल जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया और शिकायतों का निस्तारण कराया। सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया, जिसमें सी-विजिल एप पर महज तीन शिकायतें आईं। सी-विजिल प्रभारी संजय कनौजिया ने बताया कि तीन शिकायतों में एक महिला ने की, जिसमें पति द्वारा शराब पीकर वोट न डालने देने का आरोप लगाया गया। मौके पर एसडीएम व सीओ को भेजा गया था। वहीं, हेल्पलाइन नंबर 1950 पर आठ शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें अधिकतर फर्जी वोटिंग और मतदान कार्मिकों की रहीं। शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी अमन शर्मा ने बताया कि कई शिकायतें वोटर पहचान पत्र को लेकर की गईं थी। जिस बूथ की शिकायत मिली, वहां के पीठासीन अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट को बताकर उनका निस्तारण करवा दिया गया। इसी प्रकार एनआईसी ऑफिस में जिला निर्वाचन अधिकारी के एक्स हैंडल की निगरानी की गई, जिसमें 120 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें भी फर्जी वोटिंग को लेकर शिकायतें की गईं थीं। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु शेखर ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों में शाम तक सभी शिकायतों का निस्तारण करवा दिया गया।

सोशल मीडिया पर शिकायतों को देखते जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु शेखर।

कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में शिकायतों की निगरानी करते अधिकारी।

बद्री विशाल डिग्री कालेज में वोट डालने पहुंचे 83 साल के राम बाबू मिश्रा। अमृत विचार

अपनी पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी।

ढिलाबल मतदान केंद्र पर घूंघट की ओट में मतदान करने पहुंची महिलाएं।

बद्रीविशाल में छह बजे रोका गया मतदान।

आठ उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटियों में हुई बंद

बदलते चुनावी समीकरणों के चलते भाजपा और सपा के बीच हुआ सीधा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आज यहां हुए लोकसभा चुनाव में आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। लेकिन मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और भाजपा के बीच हुआ है। वहीं बसपा शुरू से ही बेजान दिखाई पड़ी।

फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में आज हुए चुनाव में बसपा से क्रांति पांडे ,इंडिया गठबंधन से नवल किशोर शाक्य, और भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत तथा भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह ,शक्ति चेतना मोर्चा से दिनेश सिंह और भारतीय जवान किसानपार्टी से विद्या प्रकाश तथा भारतीय नागरिक पार्टी से श्याम सिंह और निर्दलीय हरिनंदन सिंह चुनाव मैदान में थे । लेकिन बदलते चुनावी समीकरणों के चलते यहां सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश राजपूत और इंडिया गठबंधन उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के बीच हुआ है। जिसका परिणाम घोषित होने के बाद पता चल सकेगा की इन दोनों में किसका पड़ला भारी रहा। फिलहाल सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। सबसे खास बात यह हैं कि सभी प्रत्याशी अपनी लड़ाई भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत से ही बता रहे हैं।

क्रांति पांडे।

मुकेश राजपूत।

नवल किशोर शाक्य।

ईवीएम की खराबी की सूचना पर दौड़ा प्रशासन

कायमगंज फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन कई जगह ईवीएम की खराबी को लेकर प्रशासन दौड़ता रहा। विधानसभा कायमगंज में बूथों पर दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर लाइनें लग गयीं। लोकसभा चुनाव के 13 मई चौथे चरण में विधानसभा कायमगंज में कम्पिल थाना क्षेत्र के बरखेड़ा पोलिंग 91 पर ईवीएम मशीन खराब हो गयी। दूसरी ईवीएम मशीन को मंगा कर आधा घण्टे वाद वोट पड़ सके । वहीं थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव बसईखेड़ा के बूथ संख्या 243 में आठ बजे तक मतदान चालू नहीं हो सका था। उसके बाद मतदान चालू हुआ। इनायतनगर परिषदीय स्कूल में बने बूथ संख्या 186 पर 7 बजकर 5 मिनट पर ईवीएम खराब हो गई। इसकी जानकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई, जिसपर साढे सात बजे के बाद मतदान शुरू हो सका। कई जगह मतदान के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की सूचना आई जिस पर प्रशासन दौड़ता रहा और कमियों को दूर करने में जुटा रहा। सुबह नगर के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या कम रही। दोपहर बाद मतदाताओं की लाइन देखी गई। ग्रामीण इलाकों में लोगों ने खूब अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्यामागेट स्थित उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय पाठक, एसएनएम इंटर कालेज में कई बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। दस बजे के बाद मतदाता घरो से निकले और लाइन देखी गई। कई मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट लगाए गए। नए व युवा मतदाताओं ने सेल्फी लेकर अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की गई।

सपा प्रत्याशी ने मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाया

फर्रुखाबाद। मतदान करके बाहर निकले सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर पत्रकारों से रूबरू होते हुए सपा प्रत्याशी ने मतदान कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि ग्राम सोता बहादुरपुर के पांचाल घाट मतदान केंद्र पर मुस्लिम महिलाओं को वोट डालने में मतदान कर्मी समस्या उत्पन्न कर रहे है। उन्होंने कहा कि अलीगंज विधानसभा के कतरापुर और लाडमपुर कटारा से सूचना आ रही है कि वहां पर दबंग जाति के लोग दलित और पिछड़े समाज के लोगों को वोट नहीं डालने दे रहे हैं । सपा प्रत्याशी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकारसे मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि मेरा चुनाव बहुत अच्छा हुआ है।

जिले में शांति पूर्ण ढंग से 59.06 फीसद वोट पड़े

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- मतदाताओं ने लाइन में लगकर बड़े ही आराम से डाले वोट

अमृत विचार। जिले मे लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान मे पहले मॉकपोल हुआ। उसके बाद मतदाताओं ने लाइन में लगकर अपने मत का प्रयोग किया। सुवह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 59.06 फीसद वोट पड़े।

सुबह 9 बजे तक विधानसभा अलीगंज में 13.90 फीसद, अमृतपुर में 12.95 फीसद, भोजपुर में 13.53 फीसद फर्रुखाबाद में 11.65 फीसद कायमगंज में 13.75 फीसद वोट पड़े। सुबह 11 बजे तक अलीगंज 29.58 अमृतपुर 26.98 भोजपुर 28.94 फर्रुखाबाद 25.46 कायमगंज 28.87 फीसदी मतदान हुआ। दोपहर 1 बजे तक, अलीगंज 42.41 अमृतपुर 39.59,भोजपुर 41.30 फर्रुखाबाद 36.98 कायमगंज 41.73 फीसद मतदान हुआ। शाम 3 बजे तक अलीगंज 51.77 अमृतपुर 48.24 फर्रुखाबाद 44.32कायमगंज 51.39 शाम 5 बजे तक अलीगंज 59.57 अमृतपुर 55.54 भोजपुर 57.86, फर्रुखाबाद 51.87 कायमगंज 59.7 फीसदी हुआ।

सात से 6 बजे तक आठ घंटे में कुल 59.06 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया

अलीगंज – 61.00 फीसदी,
अमृतपुर – 57 .45 फीसदी,
भोजपुर –59 .89 फीसदी
फर्रुखाबाद – 53 .99 फीसदी
कायमगंज – 62 .02 फीसदी
कुल– 59 .06 फीसदी वोट पड़े।

जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया है । कहीं भी हिंसक घटना की खबर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कम्पिल क्षेत्र में छुटपुट घटना की खबर मिली है जिसकी जांच कराई जा रही है।

मतदान केंद्रों पर मुस्लिम महिलाओं में दिखा जोश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- मतदान केंद्रों पर मुस्लिम मतदाताओं की लगीं कतारें

अमृत विचार। फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में सुवह 7 बजे से शुरू हुए मतदान में मुस्लिम महिलाओं का खासा उत्साह देखने को मिला।

मुस्लिम महिलायें सुवह से मतदान केंद्रों पर लाइन में लग गई। वह दोपहर बाद तक लाइन में लग कर मतदान करती रहीं । भयंकर धूप में भी मुस्लिम महिलायें लाइन में लग कर मतदान कर रही है। जिसकी खास वजह है की इंडिया गठबंधन से सलमान को टिकट न मिलने से नाराज मुस्लिम मतदाताओं का रातों-रात समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर के पक्ष में ध्रुवीकरण हो गया है। जो मुस्लिम मतदाता बसपा प्रत्याशी क्रांति पांडे के साथ चुनाव प्रचार में लगे थे । उन्होंने भी रातों-रात अपना विचार बदलकर सपा के पक्ष में मतदान शुरू कर दिया है। सबसे खास बात यह है कि मुस्लिम मतदाताओं ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सुबह से ही अपनी महिलाओं को वोट करने के लिए लाइन में लगा दिया है। जिसकी वजह से अन्य महिलाएं अभी वोट करने के लिए लाइन में लगी हुई है। और मुस्लिम महिलाएं पहले से लाइन में लगकर वोट डाल रही हैं। इस संबंध में मुस्लिम नेता मोहम्मद यूनिस अंसारी से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि भाजपा को हराने के लिए मुस्लिम किसी हद तक जा सकता है। मुसलमानों ने रातों-रात बैठक करके अपनी महिलाओं को सुबह से ही मतदान केंद्र पर भेज दिया। जब तक अन्य जाति वर्ग के मतदाता केंद्र पर पहुंचे तब तक वह लाइन में लग गई। सभी मतदान केंद्रों पर मुस्लिम महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई दिखीं, जिन्हें देखकर राजनीतिक पंडित अनुमान लगा रहे हैं की अधिकांश मुस्लिम मतदाता सपा प्रत्याशी की झोली में चला गया है।

एनकेपी डिग्री कालेज में लगी मुस्लिम महिला मतदाताओं की लाइन।

मतदान केंद्र पर दबंगई करते कांग्रेस नेता को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज के निकट गांव नगला दाऊद के बूथ संख्या 194, 195 पर दबंगई करते पुलिस ने अखलाख खां दबोचा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों को मतदान केंद्र के आसपास से खदेड़ दिया। थांनाध्यक्ष राजेश राय को मतदान में गड़बड़ी करने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश राय ने पुलिस फोर्स के साथ युवक अखलाक खाँ को थाने भेज दिया हैं।

भाई का वोट डालने पहुंचे शिक्षक को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना कम्पिल क्षेत्र के बूथ संख्या 71 पर अपने भाई का मत डालने गए शिक्षक को गेट पर सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया । इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों के पथराव करने पर हड़कम्प मच गया । आरोप है कि एक सुरक्षा कर्मी की राइफल ग्रामीणों ने छीन ली । इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने हवाई फायरिंग की। थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव भागीपुर उमरा में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के अंतर्गत सोमवार को मतदान हो रहा था। शाम करीब 5:00 बजे गांव निवासी शिक्षक प्रदीप अपने भाई अभय का फर्जी वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचा। मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को जब शक हुआ तो जांच पड़ताल की। इसके बाद फर्जी वोट डालने का मामला सामने आया।

मामले की जानकारी जब ग्रामीणों को मिली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान केंद्र की तरफ आ गए और पथराव कर दिया। ग्रामीणों ने पुनः सुरक्षा कर्मियों के हिरासत में बैठे फर्जी वोट डालने आये शिक्षक को छुड़ाने के लिए पथराव कर छुड़ाने की कोशिश शुरू की। उसी दौरान ग्रामीणों की तरफ से भी फायरिंग हुई। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने हमलाकर एक सुरक्षा कर्मी की राइफल भी छीन ली। इसके बाद पैरामिलिट्री के जवानों ने मोर्चा संभाला और हवाई फायरिंग कर ग्रामीणों को खदेड़ा। चंद मिनट में ही थानाध्यक्ष कपिल क्षेत्र के पुलिस फोर्स में पैरामिलिट्री के फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। जानकारी मिलने पर सीओ और डीएम-एसपी भी पहुंचे।

पलक ने पैर टूटे होने के बावजूद किया मतदान

पलक तिवारी।

फर्रुखाबाद। पैर पर प्लास्टर क्या होने के बाद भी प्रांत सह मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत पलक तिवारी ने मतदान केंद्र जनता इंटर कॉलेज पहुंचकर अपना वोट डाला हाला की पलक तिवारी के पूरे पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ है और वह पूरी तरह से चलने फिरने में लाचार हैं लेकिन लोकतंत्र के इस पर्व पर उन्होंने अपनी बीमारी ना देखते हुए वोट देना उचित समझा और उन्होंने अपना वोट देकर सरकार चुनने में अहम भूमिका निभाई।

लोकतंत्र बचाने के लिए डाला वोट : लुईस

लुईस खुर्शीद।

फर्रुखाबाद। वोट डालकर निकली पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी और कांग्रेस नेता लुईस खुर्शीद बोली इस बार लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करके भाजपा को सत्ता में आने से रोकना बेहद जरूरी। उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबन्धन तय करेगा कि सरकार किसकी बननी है। उन्होंने भाजपा पर तीखे प्रहार किए और

लुईस के बयान पर रजनी सरीन का पलटवार

फर्रुखाबाद। कांग्रेस नेता लुईस खुर्शीद के बयान पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद की सदस्य डॉ. रजनी सरीन ने पलटवार किया है। डाक्टर सरीन ने कहा कि संविधान को खतरा बताने वालों की खुद की राजनैतिक विरासत खतरे में है। भाजपा नेत्री डॉ रजनी सरीन बोली भारतीय संबिधान को खतरे में बताने वालों की असल में खुद की राजनैतिक विरासत खत्म होने की कगार पर पहुंच गई है। भाजपा नेता डॉ रजनी सरीन ने लुईस खुर्शीद के बयान को बताया बेतुका बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को मजबूत करने का भाजपा ने 10 साल काम किया है। भाजपा राष्ट्रीय परिषद की सदस्य डॉ रजनी सरीन ने मतदान के दिन को लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व बताया।

नए मतदाता बने युवक-युवतियों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पहली बार मतदाता बनी युवतियों में वोट डालने का भारी उत्साह दिखा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केदों पर पहली बार मतदाता बने युवक युवतियों के वोट मतदान केंद्रों पर जमकर बरसे ।

शहर क्षेत्र के मतदान केंद्र बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में पहली बार मतदाता बनी युवतियां सबसे पहले वोट डालने पहुंच गई और उन्होंने कहा कि वह इसी सरकार को बनाना चाहती है ।जो मौजूदा समय में सरकार कार्यरत है। युवतियों ने कहा कि मोदी की तीसरी बार सरकार बनने पर वह उन्हें पत्र भेजकर महंगाई कम करने की गुजारिश करेगी । उन्होंने बताया कि उन्हें आज मतदान करने पर पता चला है कि उनका वोट सरकार बनाने का कार्य कर सकता है। इस वजह से वह बेहद खुश हैं और सबसे पहले उन्होंने यहां आकर अपना मतदान किया है। इसी तरह से ढिलाबल मतदान केंद्र पर भारी संख्या में पहली बार मतदाता बने युवक युवतियां लाइन में लगे पाए गए ।उन्होंने बहुत ही उत्साह के साथ मतदान किया । ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवक युवतियों में भारी उत्साह देखा गया और वह लाइन में लग कर वोट डालते नजर आए ।ग्रामीण क्षेत्रों में 2:00 बजे के बाद मतदान केदो पर सन्नाटा छागया ।यहां सुबह 7:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक किसी मतदेय स्थल पर 69 तो किसी पर 80 फीसदी मतदान नोट किया गया। समाचार लिखे जाने तक शहर क्षेत्र में नए मतदाता बने युवा युवतियों के वोट जमकर बरसे।

ढिलाबल मतदान केंद्र पर लाइन में लगीं नवयुवतियां। अमृत विचार

मुकेश बोले हर विधान सभा में मिला समर्थन

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने बद्री विशाल डिग्री कॉलेज मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपनी पत्नी सौभाग्यवती के साथ मतदान किया ।

भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने बताया कि वह इस चुनाव में चार लाख से ज्यादा मतों से विजई होंगे । उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से खुश है। इस एवज में मतदाता उनके पक्ष में खुलकर मतदान कर रहा है ।सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेता की जरूरत है। उन्होंने भारत की छवि को देश में ही नहीं उभारा है । बल्कि पूरे विश्व पटल पर भारत को नए क्षितिज नया आयाम दिया है। मुकेश राजपूत ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में उन्हें पूरी तरह से मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है ।उन्होंने कहा कि वह भारी मतों से विजई होंगे और जनता की सेवा के लिए हर समय तैयार रहेंगे।

मुकेश राजपूत ने कहा कि पिछले 10 साल में उन्होंने जो विकास कार्य किए हैं ।उसका लाभ उन्हें इस चुनाव में मिल रहा है। इस दौरान उनकी पत्नी सौभाग्यवती ने भी जीत का भरोसा दिलाया।

वोट डालने के बाद सांसद मुकेश राजपूत अपनी पत्नी सौभाग्यवती के साथ।

सार-संक्षेप

डीएम और एसपी मतदान केंद्रों का लेते रहे जायजा

मतदान केंद्र का जायजा लेते डीएम व एसपी।

कायमगंज फर्रुखाबाद । डीएम डॉ. वीके सिंह, एसपी विकास कुमार फोर्स के साथ पित्योरा में बूथ के अंदर जाकर पीठासीन से जानकारी की। घसिया चिलौली स्थित परिषदीय स्कूल में बने मतदान केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने मतदान का जायजा लिया। लाइन में लगे मतदाताओं के पहचान पत्र भी चेक किए। वही पीने के पानी की भी व्यवस्था देखी। उसके बाद डीएम वहां स्थापित हैल्थ डेस्क पर पहुंचे। जहां दवाईया आदि के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद डीएम ब्लाक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। जहां मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह ने नगर पालिका, रुटौल व कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

सीबीएसई बोर्ड

दसवीं में उत्तम व बारहवीं में रुद्र प्रताप सिंह को मिला दूसरा स्थान, खुशी से झूमे मेधावी

10वीं में तन्मय व 12वीं में अभिनव रहे जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फर्रुखाबाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) का परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। दसवीं में वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर के छात्र तन्मय 98.2 व 12वीं में सेंट लॉरेंस स्कूल के छात्र अभिनव राजपूत 98.6 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉपर रहे। हाईस्कूल में गायत्री इंटरनेशनल स्कूल के छात्र उत्तम पांडेय ने 97.8 व इंटरमीडिएट में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने मेधावियों को शाबासी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रिजल्ट घोषित होने की जानकारी लगते ही छात्र-छात्राओं को स्कूलों में पहुंचना शुरू हो गया। पहले इंटरमीडिएट और फिर हाईस्कूल का रिजल्ट आया। स्कूलों में मेधावियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। शिक्षकों व अभिभावकों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। हाईस्कूल में सेंट लॉरेंस स्कूल की छात्रा तान्या सिंह 97.6 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं।

वहीं सेंट एंथोनी के छात्र सर्वज्ञा सिंह परिहार ने 97.4 फीसद अंक पाकर चौथा स्थान पाया। इंटरमीडिएट में इसी स्कूल की छात्रा नंदिनी 97.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। राजपुताना पब्लिक स्कूल की हाई स्कूल की छात्रा अंशिका चौहान ने 80 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मेधावी छात्र-छात्राओं के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बच्चों की कामयाबी पर मां-बाप भी बेहद खुश नजर आ रहे थे। वह कह रहे थे कि उनकी तो सारी पूंजी उनके बच्चे ही हैं।

खुशी मनाते मेधावी बच्चे। अमृत विचार

- शिक्षकों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को दीं शुभकामनाएं
- मेधावियों के घर पर बधाई देने वालों का लगा तांता

सपा की झोली में गया भाजपा मतदाता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- भाजपा के भितरघातियों की वजह से मुकेश राजपूत से छिटका शाक्य मतदाता

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के अंदर विभीषणों के भितरघात के चलते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को लड़ाई में ला दिया है।

पार्टी के दिग्गज नेताओं के भितरघात की वजह से शाक्य मतदाता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य की झोली में चला गया है। जिससे भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच कांटे की लड़ाई होना तय हो गया है। बताते चले की अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक शाक्य मतदाता है जो की भारतीय जनता पार्टी का समर्थित वोटर था। पार्टी के भितरघातियों की वजह से इस विधानसभा क्षेत्र का 95 फ़ीसदी शाक्य मतदाता इंडिया गठबंधन की झोली में चला गया है । इन मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। आज वही भाजपा समर्थित वोटर सपा की झोली में चले गए हैं । राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि जिन लोगों को शाक्य मतदाता को साधने के लिए लगाया गया था । उन्होंने दिखावे के लिए तो शाक्यों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रयास किया। लेकिन बाद में उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि वह पार्टी से बंधे हैं। इस वजह से यहां वोट मांगने आए हैं। अब उनके ऊपर निर्भर है वह जो चाहे प्रत्याशी को मतदान कर सकते हैं । मौजूदा समय में मतदान के वक्त जो समीकरण सामने आए हैं उन समीकरणों के तहत भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के बीच कांटे का मुकाबला होना तय हो गया है। जिसकी खास वजह है कि मुकेश राजपूत के साथ पार्टी के ही दिग्गजों ने भितरघात किया है। भितरघात की वजह से भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंदर आने वाले जहानगंज थाना क्षेत्र के कुर्मी समुदाय के मतदाता भी इंडिया गठबंधन की तरफ करवट लेतेनजर आए हैं । एक तरफ चुनाव जीत रहे भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत के साथ अब इंडिया गठबंधन की लड़ाई होना तय हो गया है ।हालांकि लोगों का कहना है कि भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत के पास पार्टी का अपना मतदाता है। इस वजह से मुकेश राजपूत को चुनाव में डिफीट देना लोहे के चने चबाने के बराबर साबित होगा। अमृतपुर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां चुनाव प्रचार के लिए सजाती मतदाता आते रहे और खाना पूरी करके लौट जाते रहे । जिससे नवल किशोर शाक्य आज लड़ाई में आ गए हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

सौर ऊर्जा में प्रगति

भारत समृद्ध सौर ऊर्जा संसाधनों वाला देश है। सरकार का लक्ष्यः नवीकरणीय ऊर्जा पर भरपूर जोर देकर स्वच्छ ऊर्जा के हिस्से में बढ़ोतरी करना है। भारत में नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा उपयोग के मुख्य वाहक ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कमी, ऊर्जा पहुंच, वित्तीय प्रोत्साहनों जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संतोषजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है कि 2015 में भारत का स्थान नौवां था। ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का सर्वे किया, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करते हैं। सौर ऊर्जा की बात करें तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है। इस बढ़त से यह दृष्टिगत होता है कि दुनिया के बहुत से देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं।

भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है। उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिहाज से चौथे स्थान पर आ गया है। स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं। केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। गौरतलब है ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी की हैं। हाल में ही देश में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जाएगी। ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है। सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हाइड्रोजन ऊर्जा से भी भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं। कहा जा सकता है कि इन प्रयासों से ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापकता आएगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

आवश्यक है खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

एक ओर जहां भारत में आज भी 19 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज का एक बड़ा वर्ग भोजन को फेंककर बर्बाद करने में लगा है। विश्व भूख सूचकांक 2023 के अनुसार भारत का स्थान 111 वां है और यह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भी पीछे है। जाहिर है देश में लोगों को मिलने वाले पौष्टिक और पर्याप्त भोजन की कमी है। एक वर्ग के पास इतना ज्यादा खाद्य पदार्थ है कि वह इसे फेंकता है, बर्बाद करता है और एक बड़ा वर्ग भूखों सोता है। यह सामाजिक असमानता की भी निशानी है। यद्यपि सरकार ने इस ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं, जो उचित भी है।

देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू हो जाने से देश की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या को मुफ्त अनाज सरकार द्वारा दिया जा रहा है, परंतु अभी भी एक बहुत बड़ा वर्ग पौष्टिक और पर्याप्त भोजन को तरस रहा है, लेकिन दूसरी तरफ मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग अपनी बढ़ती संपन्नता के साथ ही खाने के प्रति असंवेदनशील होते जा रहे हैं। खर्च करने की क्षमता में वृद्धि के साथ ही खाना फेंकने और ज्यादा से ज्यादा लुटाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वे इसे अपनी तथाकथित रईसी में शामिल करते हैं। इसका सबसे शानदार उदाहरण विवाह स्थलों के पास रखे कूड़ाघरों से पता चलता है, जहां 40 प्रतिशत से अधिक खाना फेंका हुआ मिलता है। वास्तव में अपने यहां कोई ऐसा कानून नहीं है, जो भोजन की इस बर्बादी पर रोक लगा सके। वास्तव में भोजन की बर्बादी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। भोजन की बर्बादी से न केवल सरकार, बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। दुनियाभर में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है, उसका एक-तिहाई यानी लगभग 1 अरब 30 करोड़ टन बर्बाद हो जाता है।

विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 10 प्रतिशत लोग यानी करीब 83 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, जिन्हें पेटभर खाना नसीब नहीं होता है। दुनियाभर में हरेक वर्ष लगभग 250 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है, अगर इस बर्बादी या अपव्यय को रोकने में सफलता मिल जाए तो सभी लोगों का पेट भरा जा सकता है। देश में हरेक साल लगभग 25.1 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है, लेकिन खाद्य उत्पाद का 40 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अनुसार भारत में हरेक वर्ष 23 करोड़ टन दाल, 12 करोड़ टन फल और 21 करोड़ टन सब्जियां वितरण प्रणाली में कमियों के कारण खराब हो जाती हैं। इस अपव्यय का दुष्प्रभाव हमारे देश के प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। औसतन हर भारतीय 1 साल में 6 से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। विश्व में तीन अरब से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्यकर एवं पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता है। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक भोजन की बर्बादी के मामले में चीन पूरे विश्व में प्रथम और भारत दूसरे स्थान पर है।

भारत में हर वर्ष 6 .87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18 .9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार हैं।

भारत में हर वर्ष 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18.9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार है। दुनिया में अनुमानतः 17 प्रतिशत भोजन हर वर्ष कचरे में फेंक दिया जाता है जिससे करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। इसमें से लगभग 57 करोड़ टन अकेले घरों द्वारा कचरे में फेंका गया भोजन होता है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार दुनिया का लगभग 14 प्रतिशत फसल कटाई के बाद और दुकानों तक पहुंचने के पहले नष्ट हो जाता है, जो लगभग 400 अरब डॉलर का है। ऐसा माना जाता है कि भोजन बर्बादी का संबंध अमीर या विकसित देशों से ज्यादा है, परंतु संयुक्त राष्ट्र संघ के सर्वेक्षण ने इसे गलत प्रमाणित कर दिया है। विकसित देशों के मुकाबले पश्चिम एशिया और अफ्रीकी देशों में सालाना प्रति व्यक्ति खाने की बर्बादी ज्यादा होती है। एक ओर अफ्रीका के कई देश भुखमरी का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नाइजीरिया जैसे देश भी हैं, जहां हर व्यक्ति वर्ष में लगभग 189 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। रूस में सबसे कम भोजन बर्बाद किया जाता है, वहां प्रति व्यक्ति करीब 33 किलोग्राम भोजन को हर वर्ष कचरे में फेंका जाता है यानि यहां भोजन के सदुपयोग के प्रति संवेदनशीलता अपनाई जाती है।

खाद्य पदार्थों का अपव्यय या बर्बादी दो तरह की होती है। पहला जो खेतों में फसलों की कटाई से खुदरा दुकानदारों तक पहुंचने के बीच होने वाले खाद्य पदार्थों की हानि को "फूड लॉस" या भोजन का नुकसान कहते हैं। दूसरे खुदरा दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के मध्य में जो भोजन की हानि होती है, उसे भोजन की बर्बादी या "फूड वेस्टेज" कहा जाता है। भोजन के अपव्यय या बर्बादी का सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में दस प्रतिशत तक हिस्सा सड़े-गले और खराब भोजन का होता है, जो तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। सड़े गले खाद्य पदार्थ से हानिकारक व प्रदूषणकारी मीथेन गैस का उत्पादन होता है। साथ ही फसलों की पोषण गुणवत्ता भी कम होती है और फूड चेन भी प्रभावित होता है। भोजन की बर्बादी से इसके उत्पादन में लगने वाले पानी, परिवहन के लिए ऊर्जा और भूमि जैसे सभी संसाधनों का भी नुकसान होता है।

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2015 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने भी शादी-विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने के आदेश दिया था। पाकिस्तान में यह कानून है कि शादी या अन्य समारोहों में एक से ज्यादा मुख्य व्यंजन नहीं परोसा जा सकता है। इस कानून के उल्लंघन पर एक महीने की सजा और 50 हजार से दो लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। भारत में भी वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची व धन की बर्बादी को रोकने के लिए एक कानून बनाने का विचार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने दिया था। इसमें विवाहों में मेहमानों की संख्या नियंत्रित करने से लेकर कई अन्य बातें भी शामिल थीं, मगर इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। इधर हाल में बिहार से कांग्रेसी सांसद रंजीता रंजन ने शादियों में खाने की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ विवाह के पंजीकरण को कानूनन अनिवार्य बनाने वाला एक निजी विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद भाजपा सांसद गोपाल चिन्नया शेट्टी और कांग्रेसी सांसद जसबीर सिंह गिल ने भी शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित करने, खर्च सीमित करने आदि से संबंधित विधेयक पेश किया है। हालांकि देश में प्रदर्शन और फिजूलखर्च पर प्रतिबंध की दृष्टि से विवाह समारोह अधिनियम 2006 तो मौजूद है, लेकिन इसका सख्ती से अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

विश्वभर में होने वाली भोजन की बर्बादी और अपव्यय को रोकने के लिए विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन, अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एकजुट होकर एक परियोजना शुरू की है। आजकल मारवाड़ी समाज में फिजुलखर्ची, वैभव प्रदर्शन एवं दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं भोजन के व्यंजनों को सीमित करने के लिए आंदोलन चल रहे हैं। वैवाहिक समारोहों के अतिरिक्त मृत्यु पश्चात आयोजित किए जाने वाले सामूहिक भोजों के विरुद्ध भी अनेक जातीय समाजों द्वारा प्रचार-प्रसार एवं आह्वान किया जा रहा है। भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दिसंबर 2017 में 'सेव फूड, शेयर फूड, ज्वाय फूड' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था जिसका उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकने और उसे जरूरतमंदों से इसको साझा करने को लेकर जागरूकता फैलाना था। प्राधिकरण ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों और कारोबारों में भोजन की बर्बादी रोकने और भोजन दान करने को प्रोत्साहित करने के लिए नियम बना दिए। इसके लिए अलग-अलग खाद्य वितरण एजेंसियों और दूसरे स्टैक होल्डरों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया "ईट राइट इंडिया मूवमेंट" भोजन की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों तक पौष्टिक खाना पहुंचाने की दिशा में एक अच्छी पहल है।

प्रसंगवश

स्वार्थ की बलि चढ़ती झील

प्रकृति की अनुपम नैसर्गिक छटा से भरपूर नैनीताल जनपद का भीमताल नगर पर्वतीय सभ्यता व संस्कृति का केंद्र बिंदु होने के साथ ही पर्वत श्रृंखलाओं के मनोहारी दृश्यों के बीच सौंदर्य बिखेरती टापू वाली झील के लिए प्रसिद्ध है। 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील नैनीताल की झील से बड़ी है, लेकिन मानवीय हस्तक्षेप, पर्यावरण प्रदूषण और अनियंत्रित व अंधाधुंध विकास तथा कंक्रीट के बढ़ते जंगल के कारण अपनी पहचान खोते हुए तेजी से सिमट रही है।

भीमताल झील की लंबाई लगभग 1677 मीटर तथा चौड़ाई 454 मीटर है। निरंतर गंदगी और गाद जमा होने से झील की गहराई घटती जा रही है। 1871 में झील की गहराई 39 मीटर आंकी गई थी, जो 1975 में घटकर 27 मीटर तथा 1985 में 20 मीटर तक पहुंच गई। वर्तमान में झीलों की औसत गहराई 20 मीटर से घटकर लगभग 12 मीटर ही रह गई है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मियां आते ही झील का स्वरूप बदल जाता है। यदि आप इस समय भीमताल जाएं तो आप देखेंगे की झील के मल्लीताल वाले क्षेत्र में झील का पानी सुखकर एक बड़े मैदान का रूप ले चुका है। एक सुंदर झील की गोद में यह सुखा-उजाड़ मैदान एक बदनुमा दाग की तरह नजर आता है, जो हर साल गर्मियां शुरू होते ही उभर आता है, लेकिन ऐसा न हो इसके प्रयास सरकारी स्तर पर कभी होते नजर नहीं आते।

देख-रेख के अभाव और उपेक्षा के कारण यह झील जवानी में ही बुढ़ापे के दिन देख रही है। भीमताल क्षेत्र को प्रकृति ने सौंदर्य की अमूल्य धरोहर मुक्त हस्त से प्रदान की है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र एक सफल पर्यटक स्थल के रूप में नहीं उभर सका है। कभी भीमताल इलेक्ट्रॉनिक घाटी के रूप में प्रसिद्ध था। यहां कई छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां खोली गई थीं जिनका मलबा सीधे झील में जाता था। उस दौर में यह झील सबसे ज्यादा प्रदूषित हुई। अधिकांश फैक्ट्रियां तो अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन झील के दोनों ओर की पहाड़ियां अब कंक्रीट के जंगल में तब्दील होने लगी हैं। झील में लगातार जा रहे मलबे से न केवल इसके प्राकृतिक क्षेत्रफल में कमी आई है, बल्कि बढ़ते प्रदूषण से इसके पानी में भी ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आंकी गई है। फैलते हुए किनारों और सिकुड़ते हुए जल विस्तार को दर्शाती इस झील की जल ग्रहण क्षमता में कमी का एक मुख्य कारण झील के दक्षिण पूर्व किनारे पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए विशाल मेहराबदार तटबंधों के खुलने से भी जुड़ा है। सन् 1895 में अंग्रेजों द्वारा पास किए गए आदेशों के तहत आज भी इन तटबंधों से हल्द्वानी व भावर क्षेत्र को सिंचाई और पेयजल हेतु पानी दिया जाता है। झील में जल स्तर के कम होने का यह भी एक कारण है। इसी का परिणाम है कि पर्यटक मौसम के समय यह झील पश्चिम उत्तर किनारे पर जल विहीन होकर गायों की चरागाह में तब्दील हो जाती है।

इसके अलावा झील से लगी पहाड़ियों पर निरंतर बड़े-बड़े होटल, रिजॉर्ट, कॉटेज और मकान बनाने का जो बेरोकटोक सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है और बरसात में इस कथित विकास का, जो मलबा झील में जा रहा है, उसके कारण भी झील के कई प्राकृतिक स्रोत सूख गए हैं। कुछ साल पहले कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार भीमताल झील से जुड़े सतर प्रतिशत पानी के चश्मे या तो सूख गए हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं।

अपने वर्षों के इतिहास में लोगों ने इस झील से बहुत कुछ पाया है। चाहे वह जीविकोपार्जन का साधन हो अथवा मनोरंजन का परंतु प्रगति, विकास, असुरक्षा, अपेक्षा व आधुनिकीकरण के नाम पर इस झील ने बहुत कुछ खोया है। विकास के नाम पर इस घाटी के पर्यावरण संतुलन से खेलने वाले दिमाग पता नहीं क्यों तिल-तिल मरती इस झील को देखकर भी विचलित नहीं होते। अपने नैसर्गिक सौंदर्य और टापू के लिए प्रसिद्ध इस झील के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां देखी जा सकती हैं।

झील के चारों ओर अनियोजित विकास हो रहा है। पहाड़ खोदने से उपजा मलबा, बरसात का गंदा पानी, नालियां सब झील में ही समा रही है। अपने स्वरूप को जिस तेजी से इस झील ने खोया है, वह इसका दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। झील को देखकर इसके प्रारंभिक अद्भुत रूप और आज उसके चेहरे पर व्याप्त झुर्रियों की पीड़ा को साफ महसूस किया जा सकता है। खेद का विषय है कि जो झील लाखों साल से पारिस्थितिक भूगर्भिक हलचलों के मध्य भी सुरक्षित बनी रही, उसे हमने तीन दशक से भी कम समय में संकट की कगार पर पहुंचा दिया है।

मजहब और अयुक्तिवाद


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक।

सभी मजहबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद (तर्कहीनता) का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत कीमत चुकाकर, कई विद्वानों और वैज्ञानिकों को चौराहों पर जिंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हजार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज को समझा और पुनर्जागरण, धर्मसुधार तथा ज्ञानोदय की आग से तपकर औद्योगिक क्रांति तक की यात्रा की। उन्होंने शायद यह भी समझ लिया हो कि सारे संगठित मजहब और संप्रदाय दरअसल सत्ता-संगठन हैं और सामूहिक ताकत बनाए रखने और बढ़ाने के काम आते हैं। अगर ईश्वर है तो व्यक्ति से उसका सीधा संबंध है-उसकी अंतरात्मा से होकर। उसे किसी मजहबी व्यवस्था का गुलाम बनने की कोई जरूरत नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने आर्थिक और भौतिक शक्ति से सत्ता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मजहब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं, जो पिछड़े देशों में मजहब के प्रचार के काम में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज को सबसे स्पष्ट तरीके से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक किस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक किस्म का। जैसे हमारे यहां हिंदुत्व के प्रति 'राजनीतिक किस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। माने अब तक। भविष्य को कौन जानता है, ज्योतिषियों और दलीय राजनीति का खेल खेलने वालों के सिवा? अमेरिकी प्रवास में एक अमेरिकी सज्जन से वार्तालाप के दौरान किसी संदर्भ में मैंने अज्ञानवश पूछ लिया-आप कैथलिक हैं या प्रोटेस्टैंट? उन्होंने मेरी ओर ध्यान से देखा। फिर जैसे मेरे प्रश्न की निरर्थकता को नजरअंदाज करते हुए सपाट स्वर में बोले, मैं चर्च नहीं जाता।

अपने प्रश्न की अप्रासंगिकता के एहसास से मैं थोड़ा असहज हो उठा, जो शायद वे नहीं चाहते थे-उस समय वे मेरे मेजबान थे। असहजता को दूर करने के लिए उन्होंने कहा- यहां के अधिकांश लोग चर्च नहीं जाते। मेरी सहजता थोड़ी लौटी और बात इतर मुद्दे पर सरक सकी, जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी या नास्तिक वगैरह मानते हैं। कभी-कभी अजीब नासमझी की बात कर बैठते हैं। कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मजहबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मजहब के अयुक्तिवाद को दूसरे मजहब के अयुक्तिवाद से ज्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को गलत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है, किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है, जो ज्यादा बड़ा झूठ बोलकर लोगों से उसे सही मनवा लेने की कला में अधिक प्रवीण होता है। सीधी बात है। विवेकवाद के आधार पर किसी मजहब को सही या गलत ठहराने का क्या तुक? जो जैसा है, वैसा है।

विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है, उसमें भी तो बहुत कुछ मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना होता है- इस बारे में फिलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा, जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है। नहीं भी हो सकता, लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से रहा जा सकता है।

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अतः विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

सोशल फोरम

शक्ति की स्रोत मां

मां धरती पर सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। होश संभालने पर सबसे पहले देखा चेहरा मां का ही याद आता है। स्कूल छोड़ने भी मां ही जाती थी और लेने भी, बहनें भी साथ होती थीं। याद है काली मिर्च वाले पराठे के साथ आम या नींबू के आचार की एक फांक रखकर रुमाल में बांधती और फिर भीतर से कलई की हुई पीतल की डिब्बिया में रख बस्ते में ठूंस देती। पिताजी नौकरी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। घर-बाहर और हम भाई-बहनों को मां ही संभालती थी। याद आता है आलमबाग की चंदर नगर मार्केट के दुमंजिले पर घर, वेजिटेबल ग्राउंड की रामलीला रात दो-ढाई बजे तक चलती थी। लौटकर घर आता तो घुप्प अंधकार होता। नीचे से आवाज देता-माताजी। अंधेरे की अभ्यस्त मां, मैं आई कहते हुए दौड़ी चली आती। कॉपी-किताब चाहिए या कैंडी आइसक्रीम चूसनी है या फिर सिनेमा देखना है। मां ही काम आती। गलती करने पर पिताजी के कुफ्र से मां ही बचाती। एक अखबार में लेख छपा। सात रुपए मिले थे। कलम से पहली कमाई। मां के चरणों में ही रखी थी। मां ने सिर्फ चवन्नी रख बाकी पैसे मुझे दे दिए थे। शादी के बाद जब मैंने मां के चरणों में अपना वेतन रखा था मां ने भारी मन से कहा था- अब मुझे इसकी जरूरत नहीं। इसे और तुझे संभालने वाली आ गई है। मां की यादों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है। बताने बैठूं तो महाग्रंथ तैयार हो जाए। मां का जिस्म बहुत भारी था। जब कभी उनकी तबियत खराब होती तो मैं मजाक करता था-माता जी आपको उठाने के लिए क्रेन मंगानी पड़ेगी, लेकिन जिंदगी के अंतिम छह साल तक खूब सेवा कराई मां ने, सूखकर कांटा हो गई थीं। उनकी खराब अवस्था को जो भी देखता यही कहता था-भगवान से प्रार्थना कर कि मां को मुक्ति दे, लेकिन मैं जब भी भगवान की मूर्ति के सामने खड़ा हुआ तो मुंह से यही निकला - मुझे ताकत दे मां की खूब सेवा करूं। टूटने न पाऊं, लेकिन भगवान ने मेरी नहीं सुनी। मैंने भगवान को मानना ही छोड़ दिया। सच कह रहा हूं, पूरे दिल से - मेरे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले पाया, पत्नी भी नहीं। आज भी जब कभी तकलीफ में होता हूं तो पिता से पहले मां को ही याद करता हूं। शक्ति की स्त्रोत हैं वो।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

-फेसबुल वॉल से

बड़ों की छोटी बीवियां

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे। अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंत:पुर में भिजवाया- नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।।

विवाह संबंधों में सामान्यतया पत्नी थोड़ा कम उम्र की ही उचित मानी जाती है। हालांकि इसके अपवाद भी हैं। कहीं बड़ी और कहीं ज्यादा छोटी बीवियां होती रही हैं। साधारण लोगों का तो कोई इतिहास संरक्षित नहीं रहता, किंतु जब ऐसा बड़ों के बारे में हो तो वह रिकार्ड पर आ जाता है। बात करते हैं पतियों से अधिक छोटी पत्नियों की। ऐसी पत्नियां पतियों को अधिक आकर्षित कर ले जाती हैं, कई बार उनके सामान्य कामकाज में बाधा भी पड़ती देखी गई है। भगवान राम और सीता की उम्र में कहीं सात और कहीं नौ साल का अंतर उल्लिखित है। वाल्मीकि के अनुसार विवाह के समय सीता 6 साल की और राम 13 के थे। तुलसीदास ने वन गमन के समय जो दोहा लिखा है, उसके अनुसार तत्समय "वरस अठारह की सिया, सत्ताइस के राम" थे।

यह अंतर नौ साल का है, जो भी हो सीता कम उम्र और अतीव सुंदरी थीं। चूंकि राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे, अतः वे उनकी कमसिनी और रूप में लिप्त तो नहीं थे, पर अति अनुरागमय अवश्य थे। उनके हरण पर राम गजराज से कहते हैं कि 'हे गजराज! तुम्हारी शुण्ड के समान जिसकी जंघाएं हैं, क्या तुमने ऐसी मेरी प्रिया को देखा है?" यही नहीं लंका से वापस मिलने पर भी वे क्षुब्ध तो हुए, किंतु उनके रूप का भान उन्हें भरपूर था। उन्होंने वाल्मीकि के अनुसार, यहां तक कहा कि "तुम इतनी सुंदर हो कि रावण अपने को रोक नहीं पाया होगा!"

श्रीकृष्ण की पत्नी-संख्या तो बहुत बड़ी है, किंतु छोटी और सौन्दर्यशालिनी सत्यभामा की चाहत के लिए वे इन्द्र से लड़े और वहां से पारिजात लेकर पृथ्वी पर आए। यद्यपि सत्यभामा का यह दुराग्रह ही था कि जिसके घर मेहमानी में जाए, उसकी कोई चीज पसंद करके ले चलने का हठ करें। महाभारत की नायिका द्रौपदी अर्जुन से 12 वर्ष और युधिष्ठिर से 14 वर्ष छोटी थीं। रूप का आलम यह कि स्नानागार में उनके खुले सौंदर्य एवं अंग सौष्ठव को देखकर स्नान की सहायिकाओं के मन में पुरुष भाव जागृत हो जाता था। कौरव सभा में अपमानित होने पर उन्होंने अपना वेणी संहार किया जिसकी परिणति तत्कालीन विश्व युद्ध में हुई। जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे।

अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंतः पुर में भिजवाया-नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।। स्पष्ट है कि रानी का यौवन भी तब पूर्ण विकसित नहीं था। खैर! कविता का प्रभाव पड़ा और उन्होंने राजकाज संभाल लिया। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन टी रामाराव ने काफी कम उम्र की लक्ष्मी पार्वती से शादी की, जो उनके राजनीतिक पतन का कारण बनी। "नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा"।

और कितनी महंगाई की मार

बात 2012 की है। अन्ना आंदोलन खत्म होने के बाद यूपीए-2 सरकार के खिलाफ लगातार असंतोष बढ़ रहा था। महंगाई, बेरोजगार भ्रष्टाचार को लेकर जन मानस में रोष दिखाई दे रहा था। गैस के दामों के बढ़ने से सिलेंडर लेकर सड़क पर उतर जाना, बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार... जैसे नारों से पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे बड़े-बड़े होल्डिंग और पोस्टर्स आकर्षण का केंद्र थे, लेकिन इस चुनाव में शायद यह मुद्दे गौड़ हो गए जाति-धर्म और मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में शायद जनता को इनका ध्यान ही नहीं रहा।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हालांकि विपक्ष शिद्दत से इन मुद्दों को उठा भी रहा है, परंतु हाल के दिनों में अखबारों में महंगाई और बेरोजगारी पर खबरे जरूर आए दिन छप रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार बढ़ रही है। प्याज टमाटर, आलू, अंडे, दालों, उपयोगी दवाओं और घरेलू समान के दाम बढ़ने से आम आदमी इस मार को सह नहीं पा रहा है। महंगाई की मार और उधारी बढ़ने से दो समय का भोजन मुश्किल हो गया है। सीनियर सिटीजन को ट्रेन सफर में मिलने वाली छूट बंद हो जाने और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम लगातार बढ़ने से डबल मार पड़ रही है। चुनाव के दौरान एक चर्चा में कुछ लोग बता रहे थे कि अगर चीजों के दाम बढ़ रहे हैं तो सैलरी भी तो बढ़ी है।

ऐसे अविवेकपूर्ण सवाल पूछने वालों को शायद नहीं मालूम की केवल संगठित क्षेत्र में काम करने वालों और बड़े औद्योगिक घरानों के कुछ लोगों को ही वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिला है। शेष 70 प्रतिशत जो असंगठित क्षेत्र में है विशेष कर दुकानों, अस्पतालों में काम करने वालों, मांझा, पतंग बनाने वाले कारीगरों, रेहड़ी लगाने वालों, रिक्शा ऑटो रिक्शा चलाने वालों, खेत मजदूरों, ठेका, संविदा और दैनिक आधार पर मजदूरी करने वालों पर इस भीषण महंगाई का कितना असर होता है इसकी जानकारी भी ली जानी चाहिए।

कड़ी सुरक्षा के बीच पड़े वोट, ईवीएम में प्रत्याशियों की किस्मत हो गई कैद

समाजवादी पार्टी की शिकायत पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को रोका गया

जीजीआईसी मतदान केंद्र पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया व हरसौली मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत

लालपुरा मतदान केंद्र पर परिवार के साथ मतदान करने पहुंची एससी आयोग के सदस्य केके राज। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा लोकसभा की इटावा और भरथना विधानसभाओं में पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण मतदान हुआ। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। हालांकि भाजपा और सपा के नेता एक दूसरे पर जोर जबरदस्ती कर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों की शिकायत चुनाव अधिकारियों से करते रहे।

सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की शिकायत पर गनर के साथ घूम रहे भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य के भ्रमण को रोका गया। वहीं सपा के कार्यकर्ता दौलत सिंह को बेवजह पुलिस हिरासत में लेने की शिकायत भी सपा नेताओं ने चुनाव आयोग से की। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से वोट पड़ते रहे। सुबह हुईं हल्की बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया जिससे सुबह मतदान के प्रति खूब उत्साह दिखाई दिया। मतदान का प्रतिशत भी उत्साहजनक रहा। स्वीप से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों के कारण आम मतदाता मतदान के प्रति जागरूक दिखे। मतदान पूरा होते ही भाजपा, सपा और बसपा समेत सात प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

जिले के इटावा विधानसभा क्षेत्र में कुल 420 बूथों और भरथना के 470 बूथों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। केके महाविद्यालय इटावा मतदान केंद्र के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से करीब एक घंटे देरी से मतदान शुरू हो सका। इस पर मतदाता नाराज भी दिखे।यह पहला अवसर ही कहा जा सकता है जब बसपा द्वारा खड़े किए गए प्रत्याशी के बाद भी दर्जनों मतदान केंद्रों के आस पास बस्ता बसपा का नजर नही आया।

पूठन सकरौली मतदान केंद्र के बाहर मतदान करने पहुंची महिला मतदाता।

56.39%
मतदान 6.00 बजे तक (लगभग)

लालपुरा मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद चेयरमैन ज्योति संटू गुप्ता

इटावा 41 लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024

6 बजे तक का कुल मतदान

विधानसभा भरथना	56.81
विधानसभा सदर इटावा	55.4
विधानसभा सिकंदरा	55.97
विधानसभा औरैया	55.14
विधानसभा दिवियापुर	57.72
टोटल	56.19

पोलिंग बूथों पर नहीं लगीं लंबी कतारें

भरथना,इटावा। संसदीय क्षेत्र इटावा की विधान सभा भरथना क्षेत्र में इस बार बूथों पर मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें नहीं लगी। लोकतंत्र के इस महापर्व पर युवाओं सहित महिलाओं, असहाय बुजुर्गों व दिव्यांगजनों ने भी अपने परिजनों, मतदान कर्मियों आदि का सहारा लेकर मतदान की पूर्णाहुति में भरपूर सहभागिता की। 92 वर्षीय कृष्ण बिहारी ने भी व्हील चैयर पर बैठकर, पालीकला निवासी 95 वर्षीय दुलारी देवी पत्नी दुलीचन्द्र ने परिजनों के साथ चारपाई पर व कंधेसी पचार निवासिनी 86 वर्षीय पार्वती पत्नी स्व महेश चन्द्र ने अपने पुत्र शेखर की गोद में बैठ मतदान केन्द्र तक पहुंचकर लोकतंत्र के प्रति अपना दायित्व निभाया। मुस्लिम महिला मतदाताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ प्रात: ही मतदान केन्द्र पर पहुंचकर वोट डाला।

अधिकारियों ने भी किया मतदान

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार, एडीएम अभिनव रंजन, सीडीओ अजय कुमार गौतम, एसडीएम विक्रम राघव सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

माडर्न बूथ परमतदान के बाद प्रो पदमा त्रिपाठी, डा राजेश एवं अन्य।

सिंडौस व नगला कढोरी बूथ पर दिखा तनाव

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र चकरनगर के 145 बूथों में से 144 बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराया गया। केवल एक बिरौना बाग बूथ संख्या 422 पर ग्रामीणों ने पक्का मार्ग न होने से नाराज होकर चुनाव बहिष्कार कर दिया। तहसील क्षेत्र में मात्र दो बूथ पिपरौली गढ़िया व महाराजपुरा में ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। दोनों स्थानों की मशीनों को समय रहते बदला गया। जिसके चलते दोनों बूथों पर कुछ देर से वोटिंग शुरू हो सकी। उधर क्षेत्र के ग्राम नगला कढोरी तथा सिन्डोस में राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं में छुटपुट वाद विवाद सामने आया। बीहड़ी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कड़ी सजगता के चलते कोई बड़ा बबाल सामने नहीं आया और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपंन कराया गया। चकरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार कुशवाह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर हमराइयों के साथ लगातार राउंड मारते देखे गए।

जीजीआईसी मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंची पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा। व सेल्फी खिंचवाते मतदाता उग्रसेन तिवारी एडवोकेट अमृत विचार

मतदान केंद्र पर समर्थकों के साथ भाजपा नेता अंशुल अशोक दुबे। अमृत विचार

नेताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्र में किया मतदान

इटावा। लोकतंत्र के इस महोत्सव में राजनैतिक दलों के नेताओं ने भी बढ़चढ़कर सहभागिता की। पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा ने जीजीआईसी मतदान केंद्र पर वोट डाला। वहीं नगर पालिका चेयरमैन ज्योति संटू गुप्ता, एससी आयोग के पूर्व सदस्य केके राज, आयुष राज, बबीता राज सहित परिवार के सदस्यों ने वोट डाला। सपा नेता उदयभान सिंह यादव, विधायक प्रदीप यादव, चेयरमैन अजय यादव गुल्लू, पूर्व चेयरमैन रंजना यादव, पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, विधायक सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, अंशुल अशोक दुबे आदि ने वोट डाला।

भरथना के मतदान केंद्र पर लाइन में इंतजार करते मतदाता। अमृत विचार

पारपट्टी में 9 बजे के बाद निकले वोटर

उदी, इटावा। 9 बजे के बाद वोट डालने के लिए लोग घर से निकले और 11 बजे तक मतदान केंद्रों पर लाइन लगी दिखी। क्षेत्र के पूरामुरोंग से लेकर कसौआ तक बीहड़ के ऊबड़ खाबड़ इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य वोट डालने का सिलसिला जारी रहा। तीन बजे के बाद धूप कम होने पर लोग वोट डालने के लिए आते दिखे।

भरथना में मतदान करने के बाद सपा विधायक प्रदीप यादव अमृत विचार

परिवार के साथ मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बात करते अरविंद यादव

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने परिवार के साथ डाला वोट

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाडी व वरिष्ठ प्रबंधक ईडियन ऑयल अरविंद् यादव ने दिल्ली से आकर अपने परिवार के साथ जीजीआईसी मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया। इस मौके पर उनके पिता रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह मां शकुंतला देवी संचालक सहकारी बैंक व भतीजे अथर्व यादव ने अपना पहला वोट डाला।

व्यापार मंडल ने प्रभात फेरी निकाली

कार्यालय संवाददाता, इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए प्रात: 6 बजे ढोल नगाड़ों के साथ बराही टोला, पथवरिया, चौकी समसेरी, करौल आदि मोहल्ले में ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी निकाल कर पहले मतदान फिर जलपान का नारा दिया। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, भाजपा नेता प्रभात दीक्षित, सुधीर शर्मा, परमजीत कश्यप, रितेश कश्यप, पंछी कश्यप, सौरभ कश्यप, शिवम भारद्वाज, सूरज कश्यप, सुरेश राजपूत, आलोक शर्मा, शिवांग तिवारी, सौरभ सविता, संतोष तिवारी, सचिन राठौर आदि रहे।

कहीं कमल खिला तो कहीं साइकिल दौड़ी

उदी। परपट्टी क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदाताओ ने कही कमल खिलाया तो कही साइकिल को दौड़ाया। यहां दो दलों के बीच ही घमासान नजर आया। बीहड़ी इलाके में महिलाओं और पुरुषों के साथ नवयुवकों में भी मतदान के प्रति उत्साह दिखा।

पुलिस की गाड़ी ने छात्र को मारी टक्कर, घायल

संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन फ्रेंड्स कॉलोनी थाने की मतदान ड्यूटी में लगी पुलिस की क्लस्टर मोबाइल कार ने आईटीआई चौराहे के पास सर्विस रोड पर एक छात्र को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे गंभीर हालत में प्रभारी कलस्टर टीम जगदीश भाटी ने आनन-फानन में ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलस्टर ड्यूटी में लगी पुलिस की स्कार्पियो कार मतदान के दौरान भरथना चौराहा से आईटीआई चौराहे की तरफ जा रही थी। तभी साइकिल सवार छात्र शिवा अपने भाई को खाना देकर वापस अपने घर विजय नगर जा रहा था। तभी कार ने सामने से टक्कर मार दी। कार इतनी रफ्तार में थी कि छात्र साइकिल सहित उछलकर काफी दूर जा कर गिरा जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और पैर में फैक्चर हो गया। क्लस्टर मोबाइल के प्रभारी जगदीश भाटी बच्चे को अस्पताल में छोड़कर चले गए।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत होने की जानकारी मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के ग्राम सराय भूपत के रहने वाले करीब 25 वर्षीय दीपक कुमार पुत्र कमलेश कुमार की सराय भूपत के रेलवे स्टेशन के पास विद्युत पोल संख्या 1165/08 के निकट रेलवे लाइन पार करते समय डाउन लाइन पर नेता जी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखते ही कोहराम मच गया। मृतक का विवाह 2018 में प्रीती के साथ हुआ था। उसके एक चार वर्षीय पुत्र डुग्गू भी है। घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- रेलवे लाइन पार करते समय हुआ हादसा

सड़क हादसे में दो लोग घायल

इटावा। शहर के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर कोकपुरा के पास हुई जहां साइकिल से जा रहे शिवा पुत्र सुमित कुमार निवासी विजय नगर को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भतीर् कराया गया है। दूसरी घटना भरथना रोड पर लक्ष्मण वाटिका के पास हुई जहां साइकिल से जा रहे अंजाम अली पुत्र इसरार अली निवासी कुशना को कार चालक ने कार को लापरवाही के साथ चलाकर साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे भी जिला अस्पताल में भतीर् कराया गया है।

दो लोगों ने जहर खा कर दे दी जान

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने घरेलू कारणों से परेशान होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की।

पहली घटना सैंफई थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला हरिनाथ में हुई जहां घरेलू कारणों से परेशान होकर विनीश कुमार यादव ने जहर खा लिया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव लुधपुरा में हुई जहां बृजेश कुमार ने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

12वीं में तेजस, दिव्यांशी 10वीं में निखलेंद्र टॉपर

कार्यालीय संवाददाता, इटावा

- दिल्ली पब्लिक स्कूल, संत विवेकानंद और सुदिति ग्लोबल को मिली उपलब्धि

अमृत विचार। सीबीएसई का 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल सोमवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा फल बेहतर आने से छात्र-छात्राओं में काफी खुशी देखी गई। यह छात्र अपनी सफलता की खुशी नाच गाकर मनाते रहे। जिला स्तर पर इंटर की परीक्षा में डीपीएस के तेजस मिश्रा तथा संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी यादव ने संयुक्त रूप से जिला टॉप किया।

तेजस मिश्रा तथा दिव्यांशी यादव दोनों को 97.2 प्रतिशत अंक मिले। 10वीं की परीक्षा का रिजल्ट भी दोपहर बाद घोषित किया गया। इस परीक्षा में जिले में सुदिति ग्लोबल एकेडमी के छात्र निखलेन्द्र ने टॉप किया है। 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर वे जिले के टापर बने। इंटर में 97 प्रतिशत अंक पाकर सेंट मेरी इंटर कॉलेज के छात्र इच्छित वर्मा ने जिले में दूसरा स्थान पाया। इसी तरह इंटर की परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय में कॉमर्स की छात्रा अंशिका ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में टॉपर्स का मुकाम हासिल किया है और जिले में उसका तीसरा नंबर है। इन परीक्षार्थियों ने बेहतर मुकाम हासिल किया। हाई स्कूल की परीक्षा में सुदिति ग्लोबल एकेडमी के निखिलेन्द्र ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टाप किया। इसी विद्यालय के युवराज सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल करके सफलता पाई।

12वीं के टॉपर तेज और दिव्यांशी

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी राख

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- पीड़ित ने बताया कि करीब 50 हजार का नुकसान हुआ

अमृत विचार। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर के गांव ऊनवा में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। जिसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। लियाकत अली पु के घर में अचानक दोपहर के समय बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे घर के बाहर रखा छप्पर सहित सिलाई मशीन चारपाई साइकिल भूसे का कूप गृहस्थी का सामान आदि सामान जलकर राख हो गया। परिवार सहित गांव वालों ने सबमर्सिबल पंप से किसी तरह आग बूझाकर उस पर काबू पाया। तब तक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने बताया उसका करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत के प्रधान ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

स्वास्थ्य शिविर में 280 मरीजों की जांच

संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। रामलीला रोड पर लोटस टीएमटी मेडिकल ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों की कुशल चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच की गई और दवा वितरण की। कैंप के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने कहाकि गरीब असहाय लोगों की सेवा करना पहली प्राथमिकता है। कैंप में बड़ी संख्या में मरीजों की निशुल्क जांच के साथ दवा भी दी गई। डॉ शफीकुल आलम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहवन राय डेंटिस्ट, हार्दिक गिलानी फिजीशियन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इवैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्त जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा मौजूद रहे।

विरोध के स्वर | आजादी के 70 वर्ष बीतने के बावजूद यह गांव के लोग अभी तक सड़क मार्ग व मूलभूत संसाधनों से महरूम

बिरौनाबाग में चुनाव बहिष्कार, आलाधिकारी मनाने पहुंचे

संवाददाता चकरनगर, इटावा

अमृत विचार। थाना सहसों इलाके में क्वारी नदी मध्यप्रदेश के घने जंगल में बसे बिरौनाबाग गांव के मतदाताओं ने चुनाव वहिष्कार कर दिया। आजादी के 70 वर्ष बीतने के बावजूद यह गांव सड़क मार्ग व मूलभूत संसाधनों से महरूम है।

पोलिंग पर तैनात कर्मचारी सुबह से वाट जोहते रहे। गांव का एक भी मतदाता वोट करने नहीं पहुंचा। एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया से लेकर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह, सीओ नागेन्द्रराव चौबे, एसपी सिटी सुबोध गौतम घंटों प्रयास करते रहे। ग्रामीणों ने एक न सुनी। भाजपा प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया ने भी गांव पहुंचकर ग्रामीणों को बहुत समझाने का प्रयास किया। एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया ने बताया कि बिरौनाबाग पोलिंग बूथ संख्या 422 पर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। लोग वोट डालने नहीं आए,इसके बाद चुनाव ड्यूटी में लगे 15 लोगों ने पोलिंग स्टेशन पर मतदान किया। मतदान बहिष्कार करने की चर्चा क्षेत्र के अन्य गांवों में भी होती रही।

मतदान का बहिष्कार करते हुए बिरौनाबाग गांव के मतदाता। अमृत विचार

- गांव से एक भी मतदाता वोट करने नहीं पहुंचा
- चुनाव ड्यूटी में लगे गांव के 15 लोगों ने मतदान किया

इटावा 41 लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024

पांच बजे तक मतदान प्रतिशत

विधानसभा भरथना	55.01
विधानसभा सदर इटावा	53.58
विधानसभा सिकंदरा	54.08
विधानसभा औरैया	53.38
विधानसभा दिवियापुर	55.68
संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र	54.33

अर्द्धसैनिक बल की सुरक्षा में रखी गईं ईवीएम

इटावा। शाम 6 बजे मतदान समाप्ति के बाद सभी पोलिंग पार्टियां दोबारा मंडी की स्थल पर पहुंची। एक साथ वाहनों के चलते जाम लगने से कुछ पोलिंग पार्टियों को इंतजार करना पड़ा। बड़ी संख्या में वाहनों के पहुंचने और निकलने के चलते यहां जाम की स्थिति बनी थी। ऐसे में कड़ी सुरक्षा के बीच अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी में ईवीएम को इटावा विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व भरथना विधानसभा के लिए अलग से बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने चुनाव सामग्री जमा करते हुए सभी पोलिंग पार्टियों को मशीन सील करने की जानकारी दी।

बच्चों ने बताया नर्स का महत्व

संवाददाता, जसवंतनगर

अमृत विचार। चौ सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर बीएससी नर्सिंग, एएनएम और जीएनएम के बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कॉलेज की निदेशक डॉ रीमा शर्मा ने बताया कि विश्व की सभी नर्सेज की प्रेरणा लेडी लैंप फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस को कॉलेज में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया इसके उपरांत बच्चो ने नर्सेज के महत्व को बताने के उद्देश्य से पोस्टर प्रेजेंटेशन, रील मेकिंग, रंगोली आफ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। रीमा शर्मा ने बताया कि जिंदगीभर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस का अपना बचपन बीमारी और शारीरीक कमजोरी की चपेट में रहा। फ्लोरेंस के हाथ बहुत कमजोर थे इसलिए वह 11 साल की उम्र तक लिखना ही नहीं सीख सकी। नर्स बनने वाले सभी छात्र-छात्राओं का एक ही लक्ष्य होता है कि वह आधुनिक नर्सिंग आंदोलन की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवन दर्शन को समझ कर स्वयं ही उत्कृष्ट सेवा का कार्य करें। इस मौके पर समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के दौरान नर्सों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

जनपद में कुल 58.30 फीसदी वोट पड़े

औरैया व दिबियापुर के मतदाताओं ने किया इटावा के लिए और बिधूना के मतदाताओं ने कन्नौज का चुना सांसद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

55.34% मतदान औरैया विधानसभा में | **57.92%** दिबियापुर में | **61.34 %** बिधूना में | **58.30 %** मतदान जनपद का कुल रहा

अमृत विचार। लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद में संपन्न होने वाले मतदान का प्रतिशत 58.30 रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु स्वतंत्र मतदान करने के लिए कानून व्यवस्था की दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर मतदान संपन्न कराया। उन्होंने अपने भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बीसरमऊ, अछल्दा, प्राथमिक विद्यालय सुरॉयदा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर, गोपाल इंटर कॉलेज औरैया, प्राथमिक विद्यालय शहबदिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय बढिन (कम्पोजिट), प्राथमिक विद्यालय पटना एरवाकटरा, जनता इंटर कॉलेज बरौनाकला, प्राथमिक विद्यालय कुदारकोट प्रथम, प्राथमिक विद्यालय बैबहा एरवाकटरा, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, उच्च प्राथमिक विद्यालय भटौरा कम्पोजिट,गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना, उच्च प्राथमिक विद्यालय रठगाव कम्पोजिट सहित अन्य क्षेत्रों में भी पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी और सभी संबंधितों को आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन को संपादित कराने के निर्देश दिए।

बुलेटप्रूफ जैकेट में सुरक्षाबलों के साथ गश्त करतीं पुलिस अधीक्षक चारु निगम।

बिधूना संवाददाता के अनुसार सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के चौथे चरण के सम्पन्न हुए चुनाव में मतदाताओं ने घरों से निकल कर जमकर मतदान किया। सुबह से शाम पांच बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम में कैद कर दिया। इस अवसर पर बिधूना विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 203पुसौली के मतदाताओं ने बिधूना बेला मार्ग से गांव तक जाने वाले संपर्क मार्ग की दुर्दशा को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। सुबह से लेकर 10-45 बजे तक एक भी मतदाता ने वोट नहीं डाला। जैसे ही यह जानकारी भाजपा नेता पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर को हुई तो उन्होंने गांव पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मतदान करने को राजी किया जबकि राज्य सभा सांसद गीता शाक्य ने भी ग्राम प्रधान अमित शर्मा से दूरभाष पर बात कर मतदान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर एसडीएम हरिश्चंद्र तहसीलदार रणवीर सिंह ने भी ग्रामीणों को समझा बुझाकर लोकतंत्र के हित में मतदान करने का अनुरोध किया।जिसके बाद ग्रामीणों ने मतदान करना शुरू किया। कस्बे के फीडर रोड स्थित जूनियर हाईस्कूल के बूथ संख्या 126 पर राज्य सभा सांसद गीता शाक्य एवं उनके पति मुकुट सिंह शाक्य ने वोट डाला जबकि सपा विधायक रेखा वर्मा ने अपने पुत्र नवीन वर्मा के साथ अपने गांव पुर्वा सुजान में बूथ संख्या 193पर मतदान किया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश वर्मा गुड्डू ने भी पुर्वा सुजान स्थिति बूथ पर मतदान किया।अम्बेडकर नगर के बूथ संख्या 130 पर पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का ने वोट डाला। किशोर गंज के बूथ पर पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एल एस ने वोट डाला जबकि भटौरा स्थिति बूथ पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रिया शाक्य ने वोट डाला। बिधूना के श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज के बूथ पर सपा नेत्री रचना सिंह सेंगर ने वोट डाला।इस अवसर पर डीएम एसपी आदि रहे।

फफूंद के केंद्रों पर शांतिपूर्वक हुआ मतदान

फफूंद। कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों के मतदान केंद्रों पर शांति पूर्वक मतदान संपन्न हुआ। कस्बे के पांच मतदान केंद्रों के बारह बूथों पर मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। सोमवार को लोकसभा चुनाव को फफूंद कस्बे के मोहल्ला जोगियान के गुलज़ारी लाल बालिका इंटर,प्राथमिक विद्यालय द्वितीय,मोहल्ला बरकी टोला के श्री राधा बल्लभ इंटर कॉलेज,मोहल्ला सैय्यदवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय प्रथम और कटरा मनेपुर के आदर्श मतदान केंद्र पर बने बूथों पर सुबह सात बजे से मतदाताओं की लाईन लग गई दोपहर एक बजे बूथों पर सन्नाटा छा गया शाम तीन बजे से पोलिंग सेंटरों पर मतदाताओं की लाइन लग गई और उन्होंने अपने वोट डाले। कोठीपुर गांव के ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने ग्रामीणों से मतदान करने की अपील करते हुए पोलिंग बूथ पर सेल्फी प्वाइंट बनाया और मतदान के बाद सेल्फी लेकर कोठीपुर ग्रुप पर शेयर करने पर पुरुस्कृत किए जाने को कहा जिस पर तमाम मतदाताओं ने सेल्फी लेकर कोठीपुर गांव के ग्रुप पर शेयर किया।

80 वर्षीय वृद्धा लाठी के सहारे चलती हुई मतदान केंद्र पहुंची और वोट डाला।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने वोट डालते हुए बनाया वीडियो

औरैया। इटावा लोकसभा के अछल्दा में आदर्श इंटर कॉलेज में मतदान के दिन भाजपा मंडल अध्यक्ष राजवर्धन सिंह ने मतदान करते समय का वीडियो बनाया।

वीडियो में कमल की दबाई जाती बटन।

मतदान के दौरान वीडियो बनाते समय अभद्र इशारे भी किए। वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने संज्ञान लिया। हालांकि अमृत विचार किसी ऐसे वीडियो की पुष्टि नही करता है।मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इटावा लोकसभा के अंतर्गत दिबियापुर विधानसभा के अछल्दा कस्बा स्थित मतदान केंद्र आदर्श इंटर कॉलेज में मतदान के समय कुछ भाजपा नेता मोबाइल लेकर चले गए। एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक युवक ईवीएम में मतदान करते समय साइकिल की बटन की ओर उंगली ले जाकर अभद्र इशारा करता है और उसके बाद कमल की बटन दबा देता है। यह वीडियो वायरल हुई तो हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासन ने जांच की तो जांच में पता चला की यह वीडियो अछल्दा भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजवर्धन सिंह का है।

विधायक गुड़िया कठेरिया ने अपने गांव भर्रापुर में वोट डाला और सभी से मतदान करने की अपील भी की। अमृत विचार

सांसद गीता शाक्य ने वोट डाला।

एडीएम एमपी सिंह व एएसपी दिगम्बर कुशवाहा ने भी अपना वोट डाला।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने मतदान करने के बाद महिलाओं के लिए बनी पिंक सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। अमृत विचार

दिव्यांग महिला सुधा कुमारी वोट डालने गईं और लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी की। गांव करोढ़े का पुरवा में जगरानी 100 साल की वृद्ध वोट डालने पहुंचे।

मौसम हुआ सुहाना, सुबह से ही वोट डालने निकले लोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सोमवार की सुबह से ही एक घंटे की बारिश ने तपिश भरी गर्मी से राहत दे दी और तापमान 26 डिग्री पर आ गया। सुहाने मौसम में सुबह से ही मतदाताओं की लाइन लगने लगी। जिले में तीन विधान में औरैया व दिबियापुर के मतदाताओं नें इटावा लोकसभा के लिए वोट किया जबकि बिधूना विधानसभा के मतदाता कन्नौज लोकसभा सीट के लिए वोट का प्रयोग किया। जिले में 857 मतदान केंद्र व 1139 बूथ बनाए गए । डीएम नेहा प्रकाश ने सुबह ही ककोर बुजुर्ग के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग किया। जबकि सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने अपने गांव भर्रापूर के प्राथमिक विद्यालय में वोट डाला।

अजीतमल मतदान केंद्र पर वोट डालने की प्रतीक्षा में खड़े मतदाता। अमृत विचार

- डीएम, एसपी और सदर विधायक ने सबसे पहले डाला अपना वोट

जिले के मतदाताओं ने मतदान करते हुए कन्नौज व इटावा लोकसभा सीट के प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद कर दिया। इस बार के लोकसभा चुनाव में खास बात यह रही कि जिले के 14,483 मतदाताओं ने पहली बार वोट डाले।

आज मतदान के लिए 5,58755 पुरुष व 4,69131 महिला मतदाताओं को वोट करना था। अलग-अलग विधान सभाओं में 10.27 लाख मतदाता थे। जिले की दो विधान सभाएं औरैया व दिबियापुर इटावा लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। जबकि बिधूना कन्नौज लोकसभा में आती है। जिले की तीनों विधानसभाओं के कुल मतदाताओं के लिहाज से 857 मतदान केंद्र व 1139 बूथ बनाए गए।

अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर दी जान

अजीतमल औरैया।तहसील क्षेत्र के अटसू चौकी के गांव डेरा हुकुमपुर में एक अधेड़ महिला ने रविवार की रात घर में छत के कुन्डे से रस्सी का फन्दा लगाकर जान दे दी।घटना के समय पति घर से बाहर सोया हुआ था। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भिजवाया। वहीं अचानक हुयी मौत से परिवारीजनों में शोक छाया रहा। गांव निवासी कुसमा 55 पत्नी का पति सुरेशचंद्र गांव में रहकर मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती रात पति खाना खाकर घर से बाहर लेटने चला गया पत्नी घर में सो रही थी और सुबह अन्दर का नजारा पति ने देखा तो होश उड़ और महिला फन्दे में झूलती मिली।

गांव में सड़क न बनने से ग्रामीण थे नाराज

संवाददाता ककोर,औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर के पास विकासखंड अछल्दा क्षेत्र के पाता के पास मकू पुरवा गांव में आवा गमन की सड़क न बनने से ग्रामीणों का गुस्सा आज फूट पड़ा। जब समस्त ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर मतदान के खिलाफ नारेबाजी तथा वहिष्कार करने का निर्णय लिया । वही जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा आक्रोश जताया। जानकारी के अनुसार सुबह ही ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार की घोषणा कर दी ।जब प्रशासन में को इस बात की जानकारी मिली। तो प्रशासन के हाथों फूल गए ,और तुरंत ही अधिकारियों ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बात की। उनकी आवागमन की सड़क समस्या दो माह में हल करने का आश्वासन दिया । उच्च अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीणों ने अपरान्ह चार बजे से मतदान का फैसला लिया। तब कहीं जाकर वहां वोटिंग शुरू हुई। इस गांव में लगभग 300 वोट है। विरोध करने वालों में संदीप राजपूत राजेंद्र सिंह सुरेश सियाराम राहुल रविंद्र कुमार विकास रमेश संतोष कुमार राजकुमार सौरभ शंभू दयाल महेंद्र तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

मतदान न करने का बैनर लिए खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

उंगली की स्याही दिखा कर कहा, हमने निभाया कर्तव्य: औरैया । लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट देने वाले मतदाता उत्साह से लबरेज नजर आए। सुबह सात बजते-बजते युवा मतदाता पूरे जोश ओ खरोश के साथ मतदान स्थल पर पहुंचे और लाइन में लगकर वोट दिया। युवा मतदाताओं ने पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प पर मतदान किया। नए मतदाता उंगली की स्याही दिखाते हुए उत्साहित दिखे।

युवा मतदाताओं की बात

आलोक अछल्दा पहली बार मतदान में हिस्सा लेकर अच्छा लगा। सुबह जगने के बाद से ही यह सोच रहा था कि कब मतदान केंद्र पहुंचू और मताधिकार का प्रयोग करूं। देश की सरकार चुनने पर गर्व की अनुभूति हो रही है। सभी को दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। -आलोक अछल्दा

सुबह नाश्ता-पानी करने के पहले ही मतदान केंद्र पहुंच गया था। लाइन में लगकर बारी का इंतजार किया। पहली बार वोट देकर उत्साहित हूं। सभी युवाओं को देश-समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए।

- रामजी अछल्दा

मतदान का अपना महत्व है। इससे हम देश, समाज में अपनी भागीदीरी निभाते हैं। सबको मतदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। यह हम सबकी पहली जिम्मेदारी है। हम तो पहली बार मतदान कर गर्व महसूस हो रहा है। -मारुति

पहली बार मतदान करने के लिए कई दिनों से उत्सहित था। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही थी, वैसे-वैसे खुशी बढ़ती जा रही थी। पहली बार मतदान कभी न भूलने वाला पल बन गया।

-हिमांशु यादव, अछल्दा

पहली बार वोट डालने के बाद वर्षा ने बताया कि पहली बार वोट देकर हमें अच्छा लगा और महसूस हुआ कि देश की सरकार चुनने में मेरे वोट की भी भूमिका है। हमने महिला सुरक्षा महिला हित में वोट दिया है। जिससे हम महिलाएं को शिक्षा मिल सके सुरक्षा मिल सके और कहीं भी आने-जाने में दिक्कत ना हो दिक्कत। कानून व्यव्सथा पूरी तरह से सुदृढ़ रहे। -वर्षा

पीबीआरपी स्कूल में 12वीं के हिमांशु ने पाये 95 फीसद अंक

औरैया। सीबीएससी बोर्ड रिजल्ट पीबीआरपी जसवंतपुर स्कूल के कक्षा 10 व 12 आया है। जिसमे कक्षा 12 छात्र का नाम हिमांशु पुत्र मनोज कुमार 95 प्रतिशत इन्होने पीबीआरपी मे पहला रेंक पाया हैं।बीहड़ क्षेत्र का नाम रोशन किया ओम जी दुबे कक्षा 10 पुत्र मनोज कुमार 90 प्रतिशत तिबरलालपुर बहेड क्षेत्र का नाम रोशन किया इसमें मैनेजर दिनेश कुमार पाण्डेय तथा प्रधानाचार्य श्याम पाठक इन्होने बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं हिमांशू के घर पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता।

पत्नी का शव छोड़कर बुजुर्ग पहुंचा मतदान बूथ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- पहले डाला वोट फिर किया अंतिम संस्कार

अमृत विचार। लोकतंत्र शायद इसीलिए जिंदा है। पत्नी का शव सामने रखा और बुजुर्ग पति अंतिम संस्कार करने की जगह पहले मतदान केंद्र गया और वोट डाला। इसके बाद अंतिम संस्कार की तैयारी की। यह जिसने भी सुना और देखा वह यही कहते दिखे की ऐसे लोग ही लोकतंत्र के प्रहरी है।

यह वाक्या इटावा लोकसभा के दिबियापुर कस्बे का है। यहां एक बुजुर्ग अपनी पत्नी के शव का दाह संस्कार करने से पहले वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र गए। संजय नगर निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग रामलखन की 78 वर्षीय पत्नी सरोज कुमारी का रविवार की शाम देहांत हो गया था। परिजनों एवं रिश्तेदारों के इकट्ठा न होने के कारण शाम को सरोज कुमारी का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। सोमवार सुबह अंतिम संस्कार किए जाने की बात तय हुई।

राम लखन।

सुबह घर पर सभी अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही तभी रामलखन ने रिश्तेदारों को बताया कि वह वोट डालने जाएंगे। रिश्तेदारों ने पत्नी की अंत्येष्टि करने के बाद वोट डालने के लिए समझाया। लेकिन रामलखन ने पहले मतदान की बात कही। इसके बाद सुबह तकरीबन साढ़े आठ बजे उन्होंने दिबियापुर के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद लगभग 11 बजे दिबियापुर के मुक्तिधाम में पहुंचकर पत्नी का अंतिम संस्कार किया।

इयूटी पर आये पंजाब के होमगार्ड का टूटा पैर

अयाना,औरैया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण को शांति पूर्वक तरीके से करवाने के लिए अर्धसैनिक बल के साथ दूसरे प्रदेश के जवान बुलाए गये थे। सोमवार को अयाना थाना क्षेत्र स्थित सदर लोकसभा के बूथ 232 भाषौन पर पंजाब के फाजलपुर निवासी गुजार सिंह की ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी के दौरान शाम 4 :45 बजे पर शौच क्रिया के लिए जाने के दौरान उनका पैर फिसलने से वह घायल हो गए। साथी जवानों ने उन्हें सीएचसी अयाना पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद होमगार्ड को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि होमगार्ड जवान का पैर टूटने के साथ सिर में मामूली चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम | 98 फीसद अंक पाकर छात्रा पलक गुप्ता ने नाम किया रोशन, अध्यापकों और परिजनों को बताया है अपना आदर्श, मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने किया सम्मानित

गेल डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता औरैया

- छात्रा पलक गुप्ता ने जिले में टॉप कर किया नाम रोशन

अमृत विचार। औरैया शहर के विद्यालय शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई बोर्ड की 12वीं और 10वीं कक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

12वीं कक्षा में स्कूल की शुभि सिंह 94.6 परसेंट अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही हैं और विद्यालय के साथ औरैया शहर का मान भी बढ़ाया है। दूसरे स्थान पर उत्कर्ष गौतम रहे हैं जिन्हें 93 परसेंट अंक मिले हैं। 10वी कक्षा में आर्यन पोरवाल 94 परसेंट के साथ टॉप पर रहे जबकि आर्यन सिंह और अर्जुन पोरवाल को क्रमशः 93.4 व 93 परसेंट मार्क्स मिले। वात्सल्य सिंह को 90.4 प्रतिशत अंक मिले और सुनंदा ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

पलक गुप्ता। अमृत विचार

शुभि सिंह ने पालिटिकल साइंस में सबसे अधिक 99 अंक प्राप्त किए हैं जबकि इतिहास, सोशियोलाजी और फिजिकल एजूकेशन में उन्हें 95-95 अंक मिले हैं। विज्ञान वर्ग के उत्कर्ष गौतम ने कंप्यूटर में सबसे अधिक 96 अंक हासिल किए हैं। गणित, फिजिक्स और केमिस्ट्री में उन्होंने अति सुंदर प्रदर्शन करते हुए 95-95 अंक प्राप्त किए हैं। अपेक्षा पांडे और नित्य कटियार ने भी विद्यालय की परंपरा कायम रखते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। अपेक्षा को 88.2 और नित्य को 87.2 परसेंट अंक हासिल हुए हैं। 10वीं में आर्यन सिंह ने एसएसी में 100 में 100 नंबर हासिल कर स्कूल के साथ औरैया का भी गौरव बढ़ाया है। साइंस में अर्जुन पोरवाल, आर्यन पोरवाल और वात्सल्य को 98-98 नंबर मिले हैं। आर्यन ने हिंदी में स्कूल में सबसे अधिक 94 अंक और इंग्लिश कोर में 93 अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के चेयरमैन डा. अनिल हाडा ने परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि हम निरंतर बच्चों के साथ कार्य करते हैं जिसका प्रभाव अच्छे परिणाम के रूप में दिख रहा है। विद्यालय के संस्थापक व सचिव और औरैया के ख्यात शिक्षाविद देवेंद्र गुप्ता ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि बहुत ही कम समय में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल ने औरैया शहर में अपनी जगह बना ली है और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन इस बात का साक्षी है कि हम औरैयावासियों के बच्चों को शहर में ही बड़े शहरों वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वाजिब फीस में ही उपलब्ध करा पा रहे हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल डा. मीनाक्षी नरूला ने सफल विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों के अथक परिश्रम की भी प्रशंसा की और भरोसा दिलाया कि स्कूल इसी प्रकार बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की।

बिधूना के छात्रों ने भी दिखया दम

बिधूना। सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं के सोमवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में कस्बे के रैपिड ग्लोबल स्कूल, बिधूना ,संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, ब्राइट मांइड स्कूल का दबदबा रहा। रैपिड ग्लोबल स्कूल, बिधूना का 10वीं कक्षा का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने छात्र/छात्राओं को मिष्ठान खिलाते हुए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंनेइसी तरह भविष्य में और मेहनत व लगन से परीक्षा देने को प्रेरित किया। विद्यालय में 97 प्रतिशत अंक पाकर 'शिवा राजपूत' प्रथम स्थान, 96 प्रतिशत अंक पाकर चैतन्य राजपूत' द्वितीय स्थान, तथा 95 .8 प्रतिशत अंक पाकर 'आदित्य सिंह' ने तृतीय स्थान पर रहे।इसी क्रम में कुल 76 छात्र/छात्राओं ने विभिन्न विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। जिसके लिए प्रधानाचार्य दीप्ती कमल राठौर ने उन्हें बधाई दी। छात्रों ने परीक्षाफल पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय उनके शिक्षकों एवं माता-पिता को जाता है। **ब्राइट माइंड्स स्कूल : बिधूना ।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ब्राइट माइंड्स स्कूल, बिधूना का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। इस अवसर पर प्रबंधक एके सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षण संस्था के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपनी शानदार अकादमिक उपलब्धियों के साथ एक उच्च मानक स्थापित किया है। श्रीविश्वास ने 90% के प्रभावशाली स्कोर के साथ अगुवाई की, उसके बाद देवांश ने 78% मिस यासी गुप्ता ने 77%, और मिस श्रष्टि ने 76% के साथ प्रदर्शन किया। ब्राइट माइंड्स स्कूल की प्रिंसिपल, कल्पना वर्मा, निदेशक, ए.के. सिंह, ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं को उनकी समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए हार्दिक बधाई दी उन्होंने

निदेशक के साथ विद्यालय के टॉपर छात्र। अमृत विचार

विधालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और माता-पिता अविभावकों की भी सराहना करते हुए कहा कि इन सभी के समर्थन और प्रोत्साहन से ही यह सफलता मिली है। आधुनिक अवसंरचना और समर्पित शिक्षकों की टीम के साथ, स्कूल छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने और उन्हें पनपने के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। कस्बे के संत विवेकानन्द पब्लिक स्कूल बिधूना के 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। कक्षा 10वीं में आस्था त्रिवेदी 92%, दीपाशू 90%, मुक्तक गुप्ता 87%, अनुज राजपुत 86%, अग्रिम पोरवाल 81%, तथा ज्यादा से ज्यादा बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किये। वही कक्षा 12वीं में नीलाक्षी सेंगर 90%, आयूष शाक्य 86%, आरुषी 83% ने अंक प्राप्त किये। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक / डायरेक्टर रमेश चन्द्र अग्निहोत्री एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अजय अग्निहोत्री ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण सर्वेश वर्मा, अखिलेश त्रिवेदी, अजमेर सिंह, आर पी सिंह, रवि चौबे, श्री कृष्ण राजपूत, अनिरुद्ध शुक्ला, रिया यादव, रितु तिवारी ने सफलता पाने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

धर्म दर्शन

सृजन के देवता ब्रह्मा

ब्रह्म शब्द से ही ब्रह्मा शब्द बना है। ब्राह्मण शब्द,ब्रह्मराक्षस शब्द और ब्रह्मपुत्र नद और हरियाणा का ब्रह्मसरोवर आदि भी ब्रह्म शब्द से जुड़े हैं। ब्रह्मा को विधाता अथवा सृजन का देवता माना जाता है। उसके चार मुख बतलाए जाते हैं और इन चारों मुखों की एक कहानी यह भी है कि ब्रह्मा शतरूपा को निहारते रहते थे। एक बार वह इनकी परिक्रमा कर रही थी,उसे चारो ओर से देखने के लिए इन्होंने चार मुख धारण कर लिए।

किसी कथा में इनके पांच मुखों का वर्णन है जिसमें से एक मुख रुद्र देवता ने तोड़ दिया था। बहुत सी कथाओं में एक यह भी कथा है कि इन्होंने चार मुखों से चार वेदों का गायन किया था।अंगिरस,पुलस्त्य,मरीचि,अत्रि,दक्ष ,भृगु,वशिष्ठ आदि इसके मानसपुत्र माने गए हैं। सावित्री की ओर रति-भाव से आकृष्ट होने के कारण ब्रह्मा को अपूज्य माना गया है। ब्रह्मा और शिव के उपासकों के संघर्ष की भी अनेक कथाएं कही-सुनी जाती हैं। उपनिषदों में वे ब्रह्मविद्या के आचार्य हैं। अजमेर में पुष्कर में ब्रह्मा का मंदिर है।

तीर्थराज पुष्कर में एक पहाड़ी के ऊपर ब्रह्मा की पत्नी सावित्री का मंदिर बना हुआ है। इसमें अकेली सावित्री को मूर्ति है,ब्रह्मा की नहीं। दूर पहाड़ी पर सावित्री अकेली क्यों बैठी हैं,इसे लेकर बड़ी प्रसिद्ध अनुश्रुति चली आ रही है। एक बार ब्रह्मा ने तीर्थराज पुष्कर में यज्ञ रचा। यज्ञ में आहुति देने का समय निकट आ गया,पर सावित्री अपने घर में श्रृंगार करने में लगी हुई थी। बार-बार सावित्री को बुलावा भेजा गया। उनका श्रृंगार ही समाप्त ही नहीं हो रहा था। लगा कि अब यज्ञ का शुभ मुहूर्त ही टल जाएगा,ब्रह्मा चिंतित हो उठे। उधर से उन्हें एक गूजर स्त्री जाती दिखी। ब्रह्मा ने उस गुजरिया स्त्री के साथ गठजोड़ा बांधकर यज्ञ में आहुति देते अपने साथ बैठने की विनती की। गूजरी ने स्वीकार कर लिया। जब सावित्री आई तो ब्रह्मा के वामांग में एक स्त्री को देखकर क्रोधित हो गई।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रूठ कर वहां से चली गई और पास की एक पहाड़ी पर अकेली जाकर रहने लगी। इसीलिए वहां रूठी हुई सावित्री का मंदिर बना हुआ है।

श्रीमद्भागवत में वैदिकदेवता इन्द्र के पराभव की तरह ही वैदिक देवता ब्रह्मा के मोह का प्रसंग है। ब्रह्मा ने वन में गोचारण कर रहे श्रीकृष्ण के ग्वाल-बाल और गाय-बछड़ों को चुरा लिया था। बाद में उसे अपनी भूल का अहसास हुआ और इन्द्र की तरह ही उसने श्रीकृष्ण की वंदना की।

अनेक दैत्यों-दानवों को ब्रह्मा ने अजेय होने का वरदान दिया था। वे ब्रह्मा के उपासक थे। सरस्वती ब्रह्मा की मानस कन्या मानी जाती है ।

कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा का नाभिकमल तीर्थ है,पिहोवा में प्राचीन ब्रह्मा मंदिर तथा ब्रह्म योनी तीर्थ है,चौमुहां गांव में ब्रह्मा का मंदिर है और कानपुर के पास भी एक ब्रह्म का मंदिर बतलाया जाता है। ब्रह्मा के संदर्भ को लेकर शत-सहस्र कथाएं पुराणों में हैं,किंतु ब्रह्मा को पूज्य नहीं माना गया।

वैशाख महीने में जलदान का महत्व

शास्त्रों में तो हर माह और तिथियों की महत्ता वर्णित है। इसके पीछे ऋषियों-मुनियों का मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला से अवगत कराना प्रमुख उद्देश्य था। लोग हर दिन और हर पल सदाचार का पालन करें ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द्र का भाव रहे। इसी क्रम में गर्मी के इस मौसम में अशक्त और असहाय लोगों की मदद और भूख-प्यास से पीड़ित लोगों खासकर समाज के वे सदाचारी लोग जो लोकहित के लिए शास्त्र आदि के अध्ययन में लगे रहते हैं, उन्हें जलकुंभ, गर्मी से बचाव के लिए वस्त्र, शीतल हवाओं के लिए पंखा, जूता-चप्पल, खाद्य-पदार्थ आदि देने का विधान बनाया। समाज में जो लोग सामर्थ्यवान हैं वे अपने से नीचे का जीवन जीने वाले लोगों की मदद जब करेंगे तो वक्त-जरूरत पर इन लोगों की मदद प्राप्त कर सकेंगे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस स्थिति में पूरा गांव या इलाका कुटुंब बन जाएगा और भाईचारा का वातावरण बनेगा। गांव या इलाके में किसी पर दैवी, प्राकृतिक या जंगली हिंसक जीव-जंतुओं से कोई विपत्ति आती है तो उसका मुकाबला सामूहिक भावना से पूरा इलाका करने में लग जाएगा।

इसी के मद्देनजर विभिन्न पुराणों में व्रत-उपवास के साथ दान का विधान किया गया। स्कंदपुराण के वैष्णवखंड में वैशाख माह की श्रेष्ठता के लिए 13 अध्यायों में राजा कीर्तिमान को वशिष्ठ के उपदेश,नारद का अपने सभासदों के उपदेश तथा ऋषि श्रुतदेव का जनक से संवाद का उल्लेख अत्यंत रोचक ढंग से वर्णित है। इसमें विभिन्न तिथियों में नदी-सरोवर में स्नान, भगवान विष्णु का पूजन तथा ग्रीष्म से बचाव की वस्तुओं के दान की बात कही गई। इस माह की महत्ता के संदर्भ में स्कंद पुराण में कहा गया है कि 'न माधवसमो मासो न कृतेन युगं समम्, न च वेदसमम् शास्त्रं न तीर्थं गंगया समम्'। वैशाख माह में सूर्योदय में नदी-सरोवर स्नान करने से भगवान मधुसूदन प्रसन्न होते है। इस महीने में प्याऊ लगाना, छाते, जूते, सत्तू, चटाई का दान सामाजिक समरसता की दृष्टि से भी जरूरी है। इसके अलावा भगवान शंकर के मंदिर पर जलधारा (जलहरी) की व्यवस्था भी सूक्ष्म जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक बताया गया है। ये जीव-जंतु पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं।

अतः श्रद्धालुजन इन तिथियों में आध्यात्मिक विधानों का पालन कर समाज में भाईचारा का संदेश देते हुए ग्रीष्म ऋतु की जटिलताओं से मुकाबला करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर अपनी तैयारी भी करें, क्योंकि इन तौर-तरीकों में ब्रह्म-मुहूर्त में स्नान पहली अनिवार्यता है। यह मुहूर्त स्वास्थ्य की दृष्टि से अति लाभप्रद है। मेडिकल साइंस के साथ देश के कोने-कोने में एक लोकोक्ति प्रचलित है कि 'जो सोवत है सो खोवत है,जो जागत है सो पावत है'। इस लोकोक्ति में 'सो' का आशय 'सौ' से है। यानि सौ प्रतिशत खोना या 'सौ' प्रतिशत पाना इसका आशय लेना चाहिए। पूरे विश्व के चिकित्सक तक अब यही कहने लगे है कि ब्रह्म-मुहूर्त में शरीर के हार्मोन्स स्वास्थ्य के अनुकूल शरीर को बनाते हैं।

कल्याणकारी अग्निदेव

सब पदार्थों को प्रकाशित करने वाले तेजस्वी सूर्यदेव इस लोक में सहज दर्शनीय हैं तथा विभिन्न प्रकार से धन-ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए शोभायमान होते हैं। उसी प्रकार ये अग्निदेव श्रेष्ठ शक्ति-संपन्न, अमृत स्वरूप, दुःखनाशक आयुष्य के संवर्धक हैं। वरणीय, त्रिकालदर्शी सवितादेव उषा काल के बाद विशेष प्रकाश बिखेरते हैं जिससे सभी पदार्थ अपने स्वस्थ स्वरूपों को धारण करते हैं। मनुष्यों के साथ सभी प्राणियों को कल्याणकारी मार्ग में प्रयुक्त करते हैं। हे अग्ने! आप आकाश में मेघों के मध्य विद्युत के रूप में चमकते एवं गर्जना करते हुए पृथ्वी को गुंजायमान करते हैं। प्राण पर्जन्य के रूप में वृक्ष-वनस्पतियों को अंकुरित करते हैं। शीघ्र उत्पन्न और प्रज्वलित होकर सभी को प्रकाशित करते हैं।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे वरुणदेव! आप तीनों ताप रूपी बंधन से हमें मुक्त करें। आधिदैविक, आधि भौतिक और आध्यात्मिक पाश हमसे दूर हों तथा मध्य एवं नीचे के बंधन हमसे अलग करें। हे सूर्यपुत्र! पापों से रहित होकर आपके कर्मफल-सिद्धांत में अनुशासित हम दयनीय स्थिति में न रहें। सबमें चैतन्य स्वरूप, पवित्रता में विद्यमान रहने वाले, अंतरिक्ष में वायु के रूप में, यज्ञवेदी में देवताओं के वाहक, सबके पूज्य, प्राणाग्नि के रूप में सभी मनुष्यों में, आकाश में विद्युत रूप में स्थित, जल में बड़वानल रूप में, भूमि में ज्वालामुखी फूटने के रूप में,पत्थरों में चिंनगारी रूप से उत्पन्न होने वाले ऐसे सर्वव्यापक अग्निदेव की महिमा प्रशंसनीय है। आपके जो सूर्य, अग्नि और बड़वा तीन तेज हैं, उन्हें हम जानते हैं। आपका जो मंत्र-स्थित गुप्त नाम है, उसके भी हम ज्ञाता हैं और आपके विद्युत रूप में चमकने वाले जलस्रोत से उत्पन्न स्थान को भी हम जानते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमान को श्रेष्ठ यज्ञकर्म में प्रतिष्ठित करें। उपासक यजमान सूर्यदेव एवं आपके प्रीति पात्र हों तथा पुत्र पौत्रादि सभी संतानों के सुख से समृद्ध हों। हे ऋत्विजों! आप समिधाओं द्वारा अग्निदेव को प्रसन्न करें। अतिथि रूप अग्निदेव को घृत आहुतियों से प्रदीप्त करें तथा इस प्रदीप्त अग्नि में हवन सामग्री की आहुतियां प्रदान करें। हे भस्मरूप अग्निदेव! आप जल में बड़वाग्नि रूप में स्थित हैं। शमी आदि औषधियों में विद्यमान रहते हैं और अरणि मंथन से बार-बार आप प्रकट होते हैं। आप अपनी सामर्थ्य शक्ति के साथ यज्ञ स्थल पर पुनः पधारें। इच्छायुक्त इंद्रदेव ने सहस्त्रों के उपयोग में आने योग्य आनंददायक और तृप्तिप्रद सोमरस को जिस माध्यम से उदर में धारण किया, वह माध्यम, ये अग्निदेव ही हैं।

मानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता

अनेक पुराणों एवं परवर्ती साहित्य में देवों के प्रति अनन्य भक्ति या सम्मान के कारण ही उनके विरोधी असुरों को घृणित और निंदनीयमान,'असुर'(दैत्य,दानव,राक्षस) शब्द दुष्टात्मा, आततायी, परपीड़क, दस्यु, आदि का सूचक/प्रतीक बन गया। यही नहीं भूत, प्रेत, पिशाच आदि हीन कोटि के समूह इनके साथ जुड़ गए। निशाचर, निश्चर, रजनीचर, नरभक्षक, श्मशानवासी, दैत्य, दैतेय, दनुज, सुरारि, इन्द्रारि, देवारि, शुक्रशिष्य, देवरिपु आदि शब्द असुर के बहुप्रयुक्त पर्याय बन गए। स्पष्ट है कि श्रीहरि विष्णु के सोलह कलाओं के पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण ने पार्थ अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र के लिए सुग्राह्यमार्ग दर्शन का निर्देश दिया है। विषय का प्रारंभ वह निम्नलिखित श्लोक से करते हैं: "द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च। दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं पार्थ मे श्रृणु।।"

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अर्थात् इस लोक में देव गुण संपन्न एवं राक्षस गुण संपन्न दो प्रकार के मनुष्य रहते हैं। असुर गुण संपन्न लोगों के विषय में आगे कहता हूं। बाद के परवर्ती श्लोकों मे भगवान, असुर मनुष्य के लक्षणों एवं दुर्गुणों का विस्तृत उल्लेख करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होता हैं। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता। वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे। श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है।

प्रदेश

तलाकशुदा पुत्री मृतक पर आश्रित होने की स्थिति में अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में कहा कि कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु की तिथि पर अगर तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया जाता है कि एक विवाहित पुत्री उस पर निर्भर है या अगर उसे अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है तो मृतक की विधवा और उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल विवाहित पुत्री द्वारा की जा सकती है, ऐसे दावे पर विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति की मांग करते समय अधिकारियों के समक्ष तलाक के तथ्य और पिता की मृत्यु से पहले उन पर निर्भरता साबित करनी होगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने अख्तरी खातून की याचिका को खारिज करते

हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि याची खुद को पारिवारिक पेंशन की हकदार सिद्ध करने में असफल रही, साथ ही उसने मृतक के परिवार की देखभाल के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। अतः इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसका दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी नोट किया कि याची ने अपने हलफनामे में खुद को अपने दिवंगत पिता की बेटी कहने के बजाय खुद को उस पति की पत्नी के रूप में दर्शाया, जिसे कथित तौर पर उसने तलाक दे दिया है। इस प्रकार हस्ताक्षरित और शपथयुक्त दस्तावेज होने के कारण इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

दरअसल, याची के पिता पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में बतौर सेंट्रीफ्यूगल मैकेनिक बस्ती में कार्यरत थे। शरीयत कानून के अनुसार, याची का तलाक जनवरी 2008 को हो गया था, लेकिन उसने सक्षम क्षेत्राधिकार वाली कोर्ट से तलाक की डिक्री प्राप्त नहीं की। पिता की मृत्यु के बाद उसने एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अनुकंपा नियुक्ति तथा सेवानिवृत्ति बकाए के लिए अभ्यावेदन दिया।

सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियम, 1974 के नियम 2(सी)(iii) के तहत उसने अनुकंपा नियुक्ति का दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति का हकदार उस स्थिति में माना जा सकता है, जब वह कर्मचारी की मृत्यु से पहले उस पर अपनी निर्भरता सिद्ध कर सके।

प्रत्यक्ष आरोपों के अभाव में दहेज हत्यारोपी सास को किया रिहा

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज हत्या मामले में विशिष्ट आरोपों के अभाव में मृतका की सास को रिहा करते हुए कहा कि वह पीड़िता की मृत्यु से पहले ही परिवार से अलग हो गई थी, जो दहेज की कथित मांगों में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी को नहीं दर्शाता है। हालांकि कोर्ट ने मृतका के पति की सजा को बरकरार रखते हुए आईपीसी की धारा 304-बी के तहत ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई, आजीवन कारावास की सजा को संशोधित कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने आईपीसी की धारा 304-बी, 498-ए और 201 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषसिद्धियों के खिलाफ वेदराम और दो अन्य की अपीलों पर विचार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि मृतका की अप्राकृतिक मृत्यु शादी के सात साल के भीतर हुई थी और अभियोजन पक्ष के गवाहों का कहना था कि दहेज की मांग के लिए उसे लगातार परेशान किया जा रहा था।

अफजाल अंसारी की अपील पर अगली सुनवाई 20 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को फिलहाल कोई राहत न देते हुए गाजीपुर की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई चार साल की सजा के खिलाफ दाखिल उनकी अपील पर करीब दो घंटे की सुनवाई के बाद अगली तारीख 20 मई को सुनिश्चित की है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुबह 10 बजे से लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अफजाल अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। गौरतलब है कि गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में अंसारी बंधुओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिस पर गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है। कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील की है। राज्य सरकार की तरफ से भी ऐसे ही आग्रह के साथ एक और अपील दाखिल की गई है। कोर्ट इन सभी मुकदमों में एक साथ सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंसारी की सजा स्थगित करते हुए हाईकोर्ट को उनकी अपील पर 30 जून 2024 तक निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 मई 04.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 13.05 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। कानूनी मामले आपके पक्ष में हो सकते हैं। अपने से बड़ों के आग्रह और सलाह की अवहेलना न करें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर अवश्य करें।

वृष — आज आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा। कारोबार में बड़ा धन लगा सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। शाम के समय किसी भी तरह के वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

मिथुन — आज परिवार को पर्याप्त समय दें वरना परिजन नाराज हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। फाइनेंस से जुड़ी गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कर्क — आज पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको व्यवसाय को लेकर अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता को अपनाएं।

सिंह — आज साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। धन से जुड़े मामलों में थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

कन्या — आज आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ दूसरी किसी नई विधा को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। किसी मित्र के बारे में सनसनीखेज खबर सुनने को मिल सकती है। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

तुला — आज पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे होने से प्रसन्न रहेंगे। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी सलाह से किसी व्यक्ति का रुका हुआ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। ननिहाल पक्ष में कुछ परेशानियां हो सकती है। गूढ़ विद्याओं में रुचि लेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना लाभकारी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

धनु — आज महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे गलत आदतों की तरफ प्रवृत्त न हों इसका ध्यान रखें। ज्योतिष और आध्यात्म की तरफ रुचि जागृत होगी। घर में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है।

मकर — आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध मजबूत होंगे।

कुंभ — आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। यदि जॉब इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। माइग्रेन के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। साहित्य से जुड़े लोगों का सम्मान बढ़ेगा। घर में किसी उत्सव को लेकर तैयारी हो सकती है।

मीन — आज रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी की निंदा करने से आपका ही अपमान हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में लें। व्यापार को शुरू करने में मित्र आपको सहयोग करेंगे। घर के कार्यों में आप व्यस्त रहने का प्रयास करेंगे।

वर्ग पहेली-69

बाएं से दाएं

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

ऊपर से नीचे

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान, सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।



वर्ग पहेली -68 का हल

		1 अ				2 जा
3 म		ड़ि		4 ना	दे	य
य		य		का		ज़
5 मं	ग	ल	का	म	ना	
त		प		या		
		न		6 ब	टु	आ
7 म	ग					

सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1					2	3		
	4		3	5				
	6		7					
7				8				
2								4
5				1				
		8			5			
		5		2	3			
		9	4					

सुडोकू -147 का हल

1	9	4	2	5	3	7	6	8
7	8	2	9	1	6	4	5	3
5	3	6	7	8	4	1	2	9
3	5	7	6	9	1	8	4	2
4	2	8	5	3	7	6	9	1
9	6	1	4	2	8	5	3	7
6	1	5	3	7	9	2	8	4
8	4	3	1	6	2	9	7	5
2	7	9	8	4	5	3	1	6

आज की फिल्में

इलाका
सुबह : 10.37
कातिलों के कातिल
रात : 07.00

एंटरटेनमेंट
सुबह : 10.52
स्क्वाड
रात : 08.00

मोर्टल कॉम्बेट
सुबह : 10.39
ज़ॉम्बीलैंड
रात : 07.48

जीते हैं शान से
सुबह : 09.20
सागर
शाम : 06.45

मेरा कर्तव्य माय ड्यूटी
सुबह : 09.04
आवारा पागल दीवाना
शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- हमें तो अपनों ने लुटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती ही वहां डूबी जहां पानी कम था।
पत्नी- तुम तो थे ही गधे... तुम्हारी अक्ल में कहां दम था वहां किश्ती लेकर ही क्यों गए, जहां पानी कम था।

मरीज-डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है। खाने के बाद भूख नहीं लगती,सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

हारी हुई सीटों पर जीत के नए समीकरण बनाने में जुटी भाजपा

गाजीपुर, जौनपुर और लालगंज में बसपा और आजमगढ़ में जीती थी सपा, 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ सीट सपा से छीनी थी

विनय जायसवाल, मऊ

पूर्वांचल की चार सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर इस चुनाव में जीत के लिए भाजपा समीकरणों को साधने में जुटी हुई है। पार्टी इन सीटों पर जीत दर्ज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन चार सौ पार को पूरा करने लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाए हुए है। पार्टी की ओर से पिछले चुनाव में कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है तो बूथों पर पन्ना प्रमुखों के साथ ही मतदाताओं को घर से लाने के लिए टोलियां भी बनाई जा रही हैं। इन सबके साथ ही पार्टी का फोकस बसपा के परंपरागत मतदाताओं पर है जो 2014 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ थे लेकिन 2019 में गठबंधन के साथ चले गए थे। ऐसे मतदाताओं को साधने के लिए न सिर्फ जातीय आधार पर बड़े नेताओं की तैनाती की गई है बल्कि उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ को भी याद दिलाया जा रहा है। हालांकि काग्रेस के साथ गठजोड़ कर मैदान में उतरी सपा भी कम नहीं है। पार्टी के रणनीतिकार संविधान बचाने और आरक्षण बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं।

आजमगढ़ में सपा ने की मजबूत घेरेबंदी: समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ सीट पर भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की जबरदस्त घेरेबंदी की है। 2019 में यह सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव जीते थे पर उनके त्यागपत्र के बाद जब 2022 में चुनाव हुआ तो निरहुआ जीत गए। निरहुआ की जीत में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। जमाली ने तब 2.66 लाख वोट काट लिए थे। यही सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। इस बार जमाली सपा के साथ हैं। बसपा ने पहले भीम राजभर को उतारा और बाद में उनका टिकट काटकर मशहूद अहमद को उतार दिया है। सपा इस सीट को जहां भाजपा से छीनने के लिए पार्टी छोड़ चुके नेताओं को साथ लाने में जुटी है तो भाजपा ने भी पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को साथ ले लिया है। सपा को विधायक रमाकांत यादव की कमी खल रही है।

जौनपुर में धनंजय का साथ मिले तो बने बात

जौनपुर सीट पर बसपा के श्याम सिंह ने पिछला चुनाव जीता था। इस बार बसपा ने पहले उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को दिया और बाद में उनका भी काट कर श्याम सिंह को टिकट दे दिया। पत्नी का टिकट कटने से धनंजय नाराज हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे भाजपा में शामिल होंगे। धनंजय यदि भाजपा में जाते हैं तो इसका सीधा लाभ पार्टी के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह को मिलेगा। यह बात पार्टी के रणनीतिकार भी मान रहे हैं कि उनके आने से बात बनेगी। हालांकि यहां से सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। कुशवाहा बुंदेलखड क्षेत्र के रहने वाले हैं और उन्हें भाजपा और बसपा के लोग बाहरी बताने में जुटे हुए हैं। यहां राजपूत मतदाताओं की मजबूत स्थिति को देखते हुए भाजपा तो धनंजय पर डोरे डाल ही रही है सपा की कोशिश भी है कि वे साथ आ जाएं।

गाजीपुर में सहानुभूति बनाम गुंडागर्दी पर चुनाव

- गाजीपुर सीट पर सपा ने वैसे तो 2019 में बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी को मैदान में उतारा है, लेकिन यहां अभी अफजाल का भविष्य अधर में है। गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अगर वहां से अफजाल की सजा माफ होती है तो वह चुनाव लड़ सकेंगे अन्यथा उनकी बेटी यहां से मैदान में होगी।
- पिता- पुत्री ने नामांकन तो कर दिया है पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस बात से नाराज हैं कि अफजाल अंसारी अपनी पुत्री को आगे बढ़ा रहे हैं। उमर अंसारी खुद ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने यहां से पारसनाथ राय को उतारा है। पारसनाथ राय गुंडागर्दी के खात्मे के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो अफजाल और उनकी पुत्री मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताते हुए सहानुभूति के नाम पर वोट पाने की कोशिश में हैं। भाजपा के लोग यह बताने में जुटे हैं कि गुंडागर्दी के समापन और विकास के लिए भाजपा की जीत जरूरी है।

लालगंज में दो पूर्व सांसदों के बीच कड़ा संघर्ष

- आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर भी मुकाबला कड़ा है। यहां भाजपा की पूर्व सांसद नीलम सोनकर और सपा के पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के बीच मुकाबला कांटे का दिख रहा है। इस सीट को पिछले चुनाव में बसपा की संगीता आजाद ने जीता था। संगीता आजाद अब भाजपा के साथ हैं और कमल खिलाने के लिए रात- दिन एक कर रही हैं। संगीता को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें विधान परिषद भेज देगी। इसलिए उन्होंने न सिर्फ बसपा के परंपरागत मतदाताओं को भाजपा के पाले में लाने का प्रयास शुरू किया है बल्कि वे बसपा के बड़े नेताओं को भाजपा में लाने का प्रयास कर रही हैं। बसपा ने यहां डॉ. इंदू चौधरी को उतारा है।

चौथे चरण के मुद्दे चार, जिनसे वोटर ने किया ईवीएम पर वार

तीन चौथाई मतदाता तय करके आए थे, किस दल या प्रत्याशी के लिए दबाना है बटन

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान ने प्रदेश में बीते तीन चरणों में कम मतदान को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा लगाए जा रहे हिसाब-किताब पर विराम लगा दिया। इस चरण में ज्यादा तो नहीं पर कुल मिलाकर मतदान प्रतिशत कमोबेश 2019 के लोकसभा चुनाव जैसा ही रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यही रहा कि आखिरकार मतदाताओं ने किन मुद्दों पर वोट डाले।

हालांकि मतदाता के मन को परखने वाली ज्यादातर सर्वेक्षण एजेंसियों के लोगों मुताबिक बूथ पर पहुंचने से पहले ही तीन चौथाई वोटर तय करके आए थे, कि उन्हें किस दल या प्रत्याशी के लिए ईवीएम का बटन दबाना है। बातचीत में इतना जरूर पता लगा कि अधिकतर मतदाताओं ने प्रमुख रूप से चौथे चरण में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, कानून-व्यवस्था, जातीय समीकरण और विकास जैसे चार मुद्दों को मतदान में सबसे ऊपर रखा। इसके बाद मतदान के दौरान कहीं-कहीं ध्रुवीकरण, बेरोजगारी और संविधान या आरक्षण जैसे मसलों पर भी लोग बात करते नजर आए।

मुफ्त राशन और आवास मिला : अकबरपुर लोकसभा के एक शहरी मतदान केंद्र के बाहर मिले महिलाओं के समूह ने कहा कि सरकार से मुफ्त राशन मिल रहा है, कई परिवारों को पक्का आवास भी मिला है।

कुछ ऐसी ही बात मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के बिल्हौर इलाके में आने वाले वाले मतदान केंद्र के बाहर कई मतदाताओं ने कही, इसके साथ यह भी जोड़ दिया कि उन्हें किसान सम्मान निधि की किश्त मिल रही है। मतदान प्रक्रिया में उत्साह के साथ शामिल हुए तमाम मतदाताओं ने यह पूछने पर कि किस मुद्दे पर वोट दिया?, सीधा जवाब तो नहीं दिया लेकिन बातचीत में यह साफ नजर आया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाला लाभार्थी मतदाता जो फायदा मिल रहा है, उसे खोना नहीं चाहता है। यह बात कानपुर, उन्नाव, अकबरपुर, मिश्रिख, कन्नौज और फर्रुखाबाद लोकसभा सीटों के कई मतदान केंद्रों के बाहर मिले मतदाताओं में एक तरह से कॉमन जैसी दिखी।

महिलाओं, छात्राओं ने कानून-व्यवस्था को सराहा : इसके साथ ही खासकर महिला मतदाताओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था या कानून व्यवस्था का मुद्दा सिर चढ़कर बोलता नजर आया। अधिकतर महिलाओं ने अपने इलाके में अपराध, गुंडागर्दी या अराजकता कम होने की बात कही। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की सख्ती को महिलाओं ने बढ़िया कदम बताया। कई छात्राओं ने इसमें जोड़ा कि कानून व्यवस्था पिछली सरकारों से बेहतर है। स्कूल-कॉलेज जाने वाली ग्रामीण लड़कियों ने तो यहां तक कि अगर कोई दूसरी सरकार आती है तो हो सकता है कि कानून व्यवस्था फिर पहले जैसी न हो जाए। इसी मुद्दे पर कई व्यापारियों ने धंधा थोड़ा मंदा होने की बात तो कही, लेकिन अपराध नियंत्रण पर खुशी जताई।

कानपुर के एक मतदान केंद्र पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़। अमृत विचार

भाजपा समर्थक बोले, मोदी-योगी पर भरोसा बढ़ा

मोदी के नाम और सरकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा समर्थक मुखरता से बोलते नजर आए। उनका कहना था कि विपक्षी दलों के सिर्फ सत्ता के लिए गठबंधन करने से मोदी-योगी पर जनता का भरोसा और बढ़ गया है। लेकिन ऐसा भी नहीं नजर आया कि मतदाता सिर्फ इन्हीं दो मुद्दों पर वोट कर रहे हैं।

जातीय समीकरण ने ओढ़ी खामोशी की चादर

- अकबरपुर और मिश्रिख और यहां तक कि कानपुर और उन्नाव में भी जातीय समीकरण भी काम करता नजर आया। तमाम मतदाताओं ने अपनी बिरादरी के प्रत्याशी को वोट देने का फैसला पहले नंबर पर रखा। हालांकि ऐसे मतदाता ज्यादा जल्दी बोलने के लिए तैयार नहीं हुए। पोलिंग बस्तों पर बैठे पर्ची बनाने वाले कार्यकर्ताओं ने इस ओर खुलकर इशारा किया। अमृत विचार की टीम से दो-तीन स्थानों पर कुछ युवाओं ने बेरोजगारी का सवाल उठाते हुए सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। लेकिन युवाओं या फर्स्ट टाइम वोटर के बीच बेरोजगारी अथाव अग्निवीर योजना का मुद्दा सबसे ऊपर था, ऐसा कहीं नजर नहीं आया। इसी तरह जमीन पर यह भी नजर आया कि विपक्षी दल मतदाताओं तक यह संदेश पहुंचाने में सफल रहे हैं कि संविधान और आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है। लेकिन इस बात का कोई व्यापक असर है, ऐसा भी नहीं है।

संविधान और आरक्षण पर खतरे की चिंता भी दिखी

- मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाले एक मतदान केंद्र के बाहर दलित खासकर जाटव समुदाय के मतदाताओं ने संविधान और आरक्षण खत्म होने की आशंका को लेकर चिंता तो जताई लेकिन क्या इसी मुद्दे पर मतदान किया है, यह पूछने पर बात टाल दी। बात ध्रुवीकरण की करें तो मुस्लिम मतदाताओं में इस मुद्दे के असर से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा ने भले ही यह समझाने की कोशिश की हो कि सरकारी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ मुसलमानों को ही मिला है पर यह बात मानने के लिए इक्का-दुक्का ही लोग तैयार हुए। मुस्लिम बहुल मतदान केंद्रों के बाहर लगभग हर कहीं लोगों ने बहुतायत में सत्ताधारी दल के खिलाफ ही अपनी राय जताई और गठबंधन प्रत्याशियों की वकालत करते नजर आए।

जब पूर्व पीएम ने भरी थी संचार क्रांति व पंचायती राज की हुंकार

अतीत के झरोखे में चुनाव

राजेश सिंह, हमीरपुर

- हमीरपुर के राठ कस्बे में राजीव गांधी ने किया था स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा का किया था अनावरण

अमृत विचार। जनपद में 33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी ने जनसभा में संचार क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को लेकर हुंकार भरी थी। आधी रात को जनसभा में आए पूर्व पीएम को देखने के लिए भारी जनसैलाब भी उमड़ा था। जनसभा के बाद राजीव गांधी ने नगर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम किया था।

वर्ष 1984 के आम चुनाव में केंद्र में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। वह 1989 तक पीएम रहे। लेकिन 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को विपक्ष में बैठना पड़ा था। करीब सोलह महीने महीने बाद ही नौंवी लोकसभा भंग हो गई। पूरे देश में मंडल कमीशन और राम मंदिर के मुद्दा लोकसभा चुनाव में छाया था। इसके बावजूद केंद्र की सत्ता में कांग्रेस आई थी। लेकिन कांग्रेस को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। राजीव गांधी की आम चुनाव से पहले ही आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले राजीव गांधी बुंदेलखंड के हमीरपुर की धरती पर भी कदम रख गए थे। उन्होंने आधी रात के बाद यहां जनसभा में हुंकार भरी थी। कुछ महीने बाद 21 मई 1991 को राजीव गांधी की हत्या की खबर से यहां पूरे शहर के लोग दुखी हुए थे। समाजसेवी जलीस खान, रफीक, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी समेत तमाम लोगों ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या से घरों में चूल्हे नहीं जले थे। बताया कि राजीव गांधी ऐसे नेता थे जिन्होंने हमीरपुर में सभा के दौरान किसी भी राजनैतिक दल के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की थी। वह सिर्फ गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास की ही बातें की थी। इसके पूर्व राठ कस्बे में 25 मार्च 1991 को स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया था। उन्होंने जनसभा में भारी जन सैलाब को सम्बोधित भी किया था। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन स्वरूप पाठक, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद सिंह समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया था। इसके बाद राजीव गांधी का काफिला हमीरपुर शहर में देर रात पहुंचा था जहां जिला पंचायत परिसर में बने मंच से राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को संचार क्रांति से जोड़ने की बात कही थी।

बताई गारंटी

पीएम मोदी ने बिहार के मुजफ्फरनगर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने गारंटी के बारे में बताया और मतदाताओं से राष्ट्र को सशक्त बनाने के नाम पर वोट मांगा।

सांसद रमेश बिंद ने सपा का दामन थाम लिया और मिर्जापुर से उम्मीदवार बन गए, भाजपा ने यहां सांसद का टिकट काटकर विधायक विनोद कुमार बिंद पर जताया था भरोसा

सांसद की बगावत से बदला समीकरण, मुकाबला हुआ रोचक

भदोही संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। भदोही संसदीय सीट पर भाजपा को जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ा संघर्ष करना होगा। टिकट कटने से नाराज चल रहे सांसद रमेश चंद्र बिंद के सपा में जाने की वजह से अब यहां का समीकरण बदल गया है। भाजपा ने भले ही यहां से मझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतार कर निषाद वोटों की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है लेकिन अब यहां लड़ाई दिलचस्प मोड़ पर आ गई है। रमेशचंद्र बिंद जहां खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। रमेश को सपा ने मिर्जापुर संसदीय सीट से उम्मीदवार बना दिया है। वे भले ही वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए हैं पर उनकी टीम भदोही में सपा की जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते दिख रही है।

भदोही संसदीय सीट का गठन 2008 के परिसीमन में हुआ था। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में इस सीट पर बसपा के गोरखनाथ पांडेय जीते थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां से किसान नेता वीरेंद्र सिंह मस्त को उतारा था तो उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। इस चुनाव में वीरेंद्र सिंह मस्त को 4,03,693 मत मिले थे तो राकेश धर को 2,45, 554 वोटों से संतोष करना पड़ा था। इस तरह 1.58 लाख वोटों से वीरेंद्र मस्त को यहां जीत मिली थी। 2019 में वीरेंद्र सिंह के स्थान पर रमेश बिंद चुनाव लड़े थे। तब उनके सामने सपा-बसपा के गठजोड़ की चुनौती थी। तब बसपा ने यहां से राकेश धर त्रिपाठी को उतारा था। राकेश धर को हराकर रमेश बिंद सांसद बने थे। हालांकि उनकी जीत का अंतर मात्र 43, 615 वोटों का था। इस चुनाव में भाजपा को लग रहा था कि वह आसानी से मैदान मार लेगी, क्योंकि उसके सामने सपा- बसपा जैसा मजबूत गठबंधन नहीं है। सपा के साथ कांग्रेस का गठजोड़ है। सपा ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस को दिया है। तृणमूल कांग्रेस का यहां कोई जनाधार नहीं है। हां पार्टी ने ललितेश पति त्रिपाठी को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास जरूर किया है। बसपा से यहां हरिशंकर मैदान में हैं पर मुकाबला ललितेश और विनोद कुमार के बीच ही दिख रहा है। हरिशंकर जरूर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में लगे हैं। रमेश बिंद के सपा में जाने के बाद भाजपा को यहां अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। पार्टी के बड़े नेता जल्द ही यहां रैलियां करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का खासा प्रभाव माना जाता है। उनकी रैली तो होगी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन से चार सभाएं कराने की योजना पर चर्चा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आना तय माना जा रहा है।

ललितेश पति त्रिपाठी।

विनोद कुमार बिंद।

कुर्मी मतदाताओं पर भी भाजपा की नजर

- यहां निषाद वोटों के साथ ही कुर्मी मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। यही वजह है कि पार्टी कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई अन्य बड़े कुर्मी नेताओं को यहां लगाएगी ताकि इस जाति के वोटों में कोई सेंधमारी न कर सके।

लाभार्थियों से घर- घर संपर्क

- पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना समेत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी के नेता घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। उन्हें यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि उनका हित भाजपा की जीत में ही सुरक्षित है।

2019 का जनादेश -भदोही

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	रमेशचंद बिंद	510,029	49.05
बसपा	रंगनाथ मिश्र	4,66,414	44.85
कांग्रेस	रमाकांत यादव	25,604	2.46

2014 का जनादेश - भदोही

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	वीरेंद्र सिंह मस्त	4,03,695	41.10
बसपा	राकेशधर त्रिपाठी	2,45,554	25.00
सपा	सीमा मिश्रा	2,38,712	24.30
जद(यू)	तेज बहादुर यादव	26,995	2.75
कांग्रेस	सरताज इमाम	22,573	2.30

जातीय समीकरण अनुमानित

ब्राह्मण	3.10 लाख	मौर्या	1.0 लाख
बिंद	2.95 लाख	वैश्य	1.40 लाख
दलित	2.65 लाख	पाल	85 हजार
मुस्लिम	2.50 लाख	पटेल	75 हजार
यादव	1.50 लाख	अन्य	1.60 लाख
राजपूत	1.05 लाख		

आंकड़े पार्टी नेताओं वार्ता पर आधारित

हरी-भरी अमेठी मेरे पिता की देन : प्रियंका

अमेठी के ठेंगहा में आयोजित जनसभा में प्रियंका गांधी का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता अमेठी

- पिता नहीं रहे, लेकिन मां ने रिश्तों को निभाया
- झूठ फैलाती हैं स्मृति इरानी, मीडिया में जो दिख रहा वह सच्चाई नहीं

अमृत विचार: बचपन में जब अमेठी आती थी तो यहां की जमीनें सफेद दिखती थीं तो पिता ने बताया कि यहां की मिट्टी में नमक है। जिससे यहां की जमीन ऊसर है। आज देखिए अमेठी की जमीन हरी- भरी दिखती है। यह ऐसे ही अपने आप नहीं हुआ। पिता ने ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए योजना बनाई। तब जाकर यहां की जमीन उपजाऊ हुई है।

यह बात कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाधी ने अमेठी के ठेंगहा महादेवन में आयोजित जनसभा में कहीं। प्रियंका ने कहा कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा जानते है कि यहाँ की समस्या क्या है। आप सब के बीच रहकर घुले-मिले है। अमेठी और गांधी परिवार का प्रेम और श्रद्धा का रिश्ता है। पिता नहीं रहे, लेकिन मां ने उस रिस्ते को निभाया बड़े-बड़े उद्योग लगवाए। माता जी के बाद भाई आये और विकास की बड़ी कोशिशें की। यहाँ पर फूड पार्क खोलने जा रहे थे भाजपा ने बन्द करा दिया। अगर फूडपार्क खुल जाता तो आज किसानों की स्थिति ऐसी न होती जैसी है।

उन्होंने कहा मैंने अपने खुद आंखों से देखा है यहां की जनता को प्रधानमंत्री को डांटते। भाजपा अत्याचारियों को बचाने का काम करती है किसान परेशान हैं। आवारा पशु उनके फसल को चौपट कर रहे हैं। किसान हर चीज पर टैक्स दे रहा है कांग्रेस सरकार बनी तो किसानी और खेती की सामान टैक्स मुक्त होंगे। नौजवान बेरोजगार खड़े हैं देश में 70 लाख पद खाली पड़े हैं ।सरकार की नीयत सही होती तो नीतियां भी सही होतीं। पिताजी की नीयत सही थी यहां आते थे और श्रद्धा से विकास करते थे।

कैसरगंज: ब्राह्मण-कुर्मियों का रुख होगा निर्णायक

पयागपुर में ब्राह्मण तो कैसरगंज में ब्राह्मणों और कुर्मियों को साधने में लगी भाजपा

पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी तो कैसरगंज में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा पर बड़ी जिम्मेदारी

सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्रा दोनों विस क्षेत्रों में दे रहे भाजपा को चुनौती

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार : देश में सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में से एक कैसरगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचार करके राजनैतिक माहौल को गर्म कर दिया है। भाजपा किसी भी स्थित में इस सीट को हाथ से गवाना नहीं चाहती, वहीं सपा हर हाल में इस सीट को अपने पाले में लाना चाहती है। यहां पर वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह हैं, जो लगातार इस सीट पर कमल खिलाते रहे हैं। अब उनका बेटा करण भूषण सिंह मैदान में है। विश्लेषकों के मुताबिक भाजपा के लिए ब्राह्मण और कुर्मी साधना बहुत जरूरी है, वह भी तब, जब समाजवादी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतार रखा हो।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें तरबगंज, कटरा बाजार, करनैलगंज, कैसरगंज और पयागपुर आते हैं। कैसरगंज क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य क्षेत्र है, जबकि बाकी चारों विधानसभा क्षेत्र ब्राह्मण बाहुल्य हैं। वैसे तो सांसद बृजभूषण सिंह का प्रभाव सभी वर्गों में बताया जा रहा है, लेकिन सपा द्वारा ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के कारण दो विधानसभा सीटों पयागपुर और कैसरगंज में ब्राह्मणों का रुझान कम होने की आशंका है। भाजपा यह मानकर चल रही है कि तरबगंज, करनैलगंज और कटरा बाजार के ब्राह्मण भाजपा को ही वोट करेंगे। लेकिन, पयागपुर और कैसरगंज में भाजपा को चुनौती मिल सकती है। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव जनसभा करने के लिए ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र पयागपुर को चुना। पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी भी ब्राह्मण समाज से हैं। यहां ब्राह्मणों की आबादी 60 हजार के करीब बताई जा रही है। सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्रा पयागपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी है। भगतराम सर्वसुलभ नेता के रूप में भी चर्चित है। ऐसे में ब्राह्मणों के अलावा अन्य वर्गों का झुकाव उनकी तरफ होना स्वाभाविक भी है। आने वाले दिनों में भाजपा पयागपुर और कैसरगंज में बड़े ब्राह्मण नेताओं को प्रचार में उतार सकती है।

उधर, सांसद बृजभूषण शरण सिंह की ब्राह्मणों में अच्छी पहुंच बताई जा रही है। काफी संख्या में कुर्मी समाज के लोग उनसे व्यक्तिगत रूप से जुड़े हैं। इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। कैसरगंज में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और उनके बेटे गौरव वर्मा को कुर्मियों को साधने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चूंकि मुकुट बिहारी वर्मा जनपद के बड़े और सर्वमान्य नेता माने जाते हैं, इसलिए उनका इस्तेमाल भाजपा आसपास के सभी संसदीय क्षेत्रों में भी कर रही है।

करण भूषण सिंह

भगतराम मिश्रा

- भाजपा किसी भी स्थिति में सीट को हाथ से गंवाना नहीं चाहती
- लगातार इस सीट पर कमल खिलाते रहे हैं सांसद बृजभूषण शरण सिंह

आ सकते हैं जेपी नड्डा

कैसरगंज सीट पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा करके जनता से वोट मांग चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को बलरामपुर पहुंचकर श्रावस्ती और कैसरगंज दोनों साधेंगे। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कैसरगंज सीट पर प्रचार करने की सूचना आर रही है। स्थानीय भाजपा नेताओं का कहना है कि जेपी नड्डा के आने की सूचना मिल रही है। हालांकि अभी तक पार्टी लाइन से कोई प्रोटोकॉल नहीं आया है।

60 हजार के करीब बताई जा रही है पयागपुर के ब्राह्मणों की आबादी

अपनी ढपली अपना राग

इलेक्टोरल बांड से साबित हुआ कि बसपा को छोड़ सभी दलों ने धन्नासेठों से पैसा लिया। हमारी पार्टी केवल कार्यकर्ताओं से थोड़ा पैसा लेती है। – मायावती

देश की जनता ने परिवारवाद, गुण्डागर्दी, अपराधीकरण व तुष्टीकरण की राजनीति को नकार कर भाजपा को आशीर्वाद दे दिया है। –भूपेन्द्र चौधरी

विरोधी कह रहा है रुपया बांटकर चुनाव जीतेंगे, रूपया कहीं गाड़ी में दिखे तो लपककर छीन लो, मुझे बताओ मैं भी आ जाऊंगा। –ओपी राजभर

इंडिया गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता लोकतंत्र को बचाने को तानाशाही भाजपा से लड़ रहे हैं, उनकें देशहित के उद्देश्य को और मजबूत करें। –अविनाश पांडेय

आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊ: आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त कर लिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से 4716 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 27,45,476 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिनमें से 25,11,561 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस विभाग के जरिये 9335 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9432 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद कर सीज किये गये हैं। अवैध शस्त्र बनाने वाले 4262 स्थलों पर छापे में 178 स्थलों को सीज किया गया है।

उप चुनाव : पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व इंडी गठबंधन में मुकाबला

40 वर्षों तक कांग्रेस का रहा है कब्जा वापसी के लिए कर रही संघर्ष

1991 से बरकरार है भाजपा की जीत का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुकेश सिंह चौहान के लिए भाजपा का दबदबा खत्म करना बड़ी चुनौती
- पूर्वी विधानसभा सीट पर 1951 में कांग्रेस के चंद्रभानु गुप्ता चुने गए थे विधायक

अमृत विचार: पूर्वी विधान सभा के उपचुनाव में अबकी बार कांटे की टक्कर देखने को मिल रही हैं। एक ओर जहां भाजपा से ओपी श्रीवास्तव मैदान में है तो वहीं इंडी गठबंधन के कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ताल ठोके हुए हैं। मुकेश सिंह चौहान के लिए भाजपा के 30 वर्षों से अधिक जीत के किले को भेदने की चुनौती हैं। मुकाबला रोचक इसलिए भी हो जाता है क्योंकि दोनो प्रत्याशी नए है। वहीं बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा ने भी अपने तेवर दिखाए है। हांलाकि मुकाबला भाजपा और इंडी गठबंधन का ही है। लेकिन कब क्या हो ये कौन जानता है।

कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान जनता के बीच जाकर काम के नाम पर वोट मांग रहे है जो वह पार्षद रहते हुए करवाएं है। मुकेश सिंह चौहान 2012 में ईस्माइलगंज वार्ड एक से पार्षद रहे है। 2017 में इनकी पत्नी पार्षद हुई और 2022 में फिर मुकेश सिंह चौहान पार्षद चुने गए। 2001 में कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में जिम्मेदारी संभाली।

2009 में राहुल गांधी के आंतरिक चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए लखनऊ की लोकसभा उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। इसके बाद शहर के अध्यक्ष का दायित्व मिला और वर्तमान में प्रदेश महासचिव के पद पर कांग्रेस कमेटी में काम कर रहे हैं।

ओपी श्रीवास्तव

मुकेश सिंह चौहान

आलोक कुशवाहा

जानकारों का भी कहना है कि इस बार उपचुनाव में जीतना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा। क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी जो कि पार्षद का चुनाव जीतने व जिताने का अनुभव रखते है और कांग्रेस में सक्रिय पद पर भी है। मुकेश सिंह चौहान का जनता के बीच भी अच्छी पैठ होने से कमतर आंकना भाजपा के लिए मुश्किल भरा सौदा हो सकता हैं।

ओपी श्रीवास्तव वर्तमान समय में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य होने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि विभाग के प्रदेश संयोजक भी हैं। ओपी श्रीवास्तव क्षेत्रीय अवध क्षेत्र में कोषाध्यक्ष पद की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

पूर्वी विधानसभा सीट पर 1951 में कांग्रेस के चंद्रभानु गुप्ता विधायक चुने गए थे। तब से लेकर 1991 तक कांग्रेस समेत अन्य दलों के विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे। करीब 40 साल बाद 1991 में पहली बार कमल खिला था। जिसमें भगवती प्रसाद शुक्ला ने जीत दर्ज की थी। तब से लेकर अभी तक इस सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार है।

लखनऊ लोकसभा मतदाता



इलेक्शन बायस्कोप

राजधानी लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में उनके प्रचार में जुटे उत्साही कार्यकर्ता शहरभर में अपने नेता को विजयी बनाने की अपील लोगों से कर रहे हैं। इसी क्रम में हुसैनगंज स्थित हिवेट रोड पर कैमरे में कैद हुए कुछ उत्साही भाजपा कार्यकर्ता। –अमृत विचार

7वें चरण के चुनाव के लिए अनुप्रिया पटेल समेत 71 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ: ।प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को 71 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए तीन नामांकन हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में चार, कुशीनगर में पांच, देवरिया में आठ, बांसगांव (अजा) में दो, घोसी में आठ, सलेमपुर में दो, बलिया में छह, गाजीपुर में छह, चंदौली में आठ, वाराणसी में सात, मिर्जापुर में 10, राबर्ट्सगंज (अजा) सीट पर चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए अब तक कुल 183 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अभय समाज पार्टी से बृजेश ने नामांकन किया। गोरखपुर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से जितेन्द्र, भारतीय सर्वजन पार्टी से श्रवण व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक व सुधांशु ने नामांकन किया। कुशीनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण चौहान, देवरिया सीट से बहुजन समाज पार्टी से संदेश, बांसगांव (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रामसमुझ, मिर्जापुर सीट से अपना दल (सोनेलाल) से अनुप्रिया पटेल व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र ने नामांकन किया। राबर्ट्सगंज (अजा) सीट से समाजवादी पार्टी से छोटेलाल ने नामांकन किया। इसके अलावा सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रवि सिंह, समाजवादी पार्टी से विजय सिंह व कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से दिनेश कुमार ने नामांकन किया।

वर्षों से बंद चीनी मिल किसान मतदाताओं के लिए बड़ा मुद्दा

नेताओं पर भगीरथ प्रयास न करने का आरोप

बीते चुनाव पर चुनाव, लेकिन मतदाताओं के हाथ सिर्फ लगे वादे

विवेक शुक्ला, रामनगर/बाराबंकी

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध महादेव की धरती रामनगर की तराई बेल्ट में वर्षों से बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल हर चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरता रहा है। तमाम सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन बुढ़वल चीनी मिल को शुरू कराने के नाम पर जनता के हाथ सिर्फ वादे लगे। इस लोकसभा चुनाव में एक बार फिर बुढ़वल चीनी मिल का मुद्दा रामनगर व यहां की तराई बेल्ट के किसान मतदाताओं ने उठाया है। विगत वित्तीय वर्ष में अनपूरक बजट पास किए जाने की घोषणा के बावजूद मिल का ना चलना इस क्षेत्र में भाजपा के गले की फांस बना हुआ है। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में भी यह मुद्दा भाजपा के मुसीबत खड़ी कर सकता है।

1930 में कानपुर के एक व्यवसायी द्वारा बुढ़वल शुगर मिल की स्थापना की गई थी। मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 50 हजार कुंतल और चीनी उत्पादन 5 हजार कुंतल थी। मिल से लगभग एक हजार लोगों को रोजगार भी मिला था। रामनगर क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को इसका सीधा लाभ मिलता था।

1990 में सपा सरकार बनने पर चीनी मिल के विस्तारीकरण के नाम पर कई दर्जन किसानों की लगभग 85 एकड़ भूमि शासन द्वारा अधिग्रहित कर ली गई। मौजूदा मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने बुढ़वल आकर मिल के विस्तारीकरण व की घोषणा की जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। मिल कई वर्षों तक मुनाफे में रही, लेकिन चीनी निगम में अधिग्रहित होने के चलते वर्ष 2007 से मिल फायदे के बजाय घाटे की तरफ जाने लगी। नतीजा यह रहा की साल 2013 में यहां ताला लग गया। जिसके चलते क्षेत्र के हजारों लोग बेरोजगार हो गए व गन्ना किसानों को भी भारी नुकसान हुआ।

उसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव की जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्याशी जीतने व सरकार बनते ही चीनी मिल का संचालन होगा। प्रत्याशी भी जीता और सरकार भी बनी, लेकिन कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद भी मिल चालू नहीं हुई।

2022 के विधानसभा चुनाव की जनसभा में भी सीएम योगी ने दोबारा मिल को चालू करवाने का वादा यहां की जनता से किया। फिर सरकार बनी और अनपूरक बजट में चीनी मिल चालू करने के लिए 50 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की गई। कुछ दिनों के बाद प्रशासन द्वारा मिल के विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के चारों ओर खंभे व तार लगाकर जमीन सुरक्षित की गई। यह देख लोगों में फिर खुशी की लहर दौड़ी। लोगों ने माना मिल अब हर हाल में चलेगी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद जब कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो क्षेत्रीय लोगों ने जनसूचना के द्वारा विभागीय अधिकारियों से बजट के बारे में जानकारी की। तब पता चला कि मिल चलाने के लिए कोई भी बजट नहीं मिला है।

लोगों का कहना है कि जब बस्ती की बंद पड़ी मुंडेरवा चीनी मिल व छाता मथुरा की बंद चीनी मिल प्रदेश सरकार द्वारा चालू कर दी गई है। तो अब तक यहां की क्यों नहीं।

बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल। अमृत विचार

ग्राम बिछलखा निवासी रमाशंकर का कहना है कि बुढ़वल चीनी मिल क्षेत्र में एक बार फिर बड़ा चुनावी मुद्दा बनकर खड़ा हुआ है। तमाम वादों के बाद भी आज तक मिल शुरू नहीं हुई है। ऐसे में हम लोग सरकार की बात और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर विश्वास कैसे करें।

रमाशंकर

चचरी निवासी रविंद्र का कहना है कि पहले हम लोग गन्ने की फसल पैदाकर अच्छी कमाई करते थे। जबसे मिल बंद हुई। क्षेत्र के किसानों में मायूसी छाई है। तमाम सरकारें आईं और वादा करके चली गईं, लेकिन मिल आज तक बंद पड़ी है।

रविंद्र

हेतमापुर सुंदर नगर निवासी ओमकार राजपूत और सूरतगंज के मनीष गुप्ता का कहना है कि अगर सरयू नदी पर पुल बन जाए तो बहराइच की कई किलोमीटर दूरी कम हो सकती है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने सैकड़ों बार मांग की लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला।

ओमकार राजपूत

मनीष गुप्ता



भवानी शंकर

वहीं बिछलखा निवासी भवानी शंकर का कहना है कि क्षेत्र में मिल बड़ा चुनावी मुद्दा है। यदि मिल शुरू हो जाए तो लोगों को रोजगार मिलेगा। क्योंकि सालों से मिल बंद होने के चलते यहां के गन्ना किसानों को काफी समस्याएं हो रही हैं।

सरयू नदी पर पुल निर्माण भी बना चुनावी मुद्दा

हेतमापुर गांव के पास सरयू नदी पर पुल निर्माण किए जाने का आश्वासन भी चुनावी मुद्दा बना है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर इस पुल का निर्माण हो जाये तो उन्हें कई किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़े। इसके अलावा आवागमन भी आसान हो जाए। इसे लेकर नेताओं ने जनता से वादे तो बहुत किये लेकिन धरातल पर उतारने का उनका भागीरथ प्रयास अधूरा रहा। इस बात को लेकर स्थानीय स्तर पर आम मतदाताओं में सत्ता पक्ष के प्रति नाराजगी साफ देखी जा रही है। इस नाराजगी का असर लोकसभा चुनाव में कितना पड़ेगा। यह तो समय ही बताएगा। लेकिन एक बात तय है कि इस चुनाव में नेताओं की वादाखिलाफी के चलते यहां के लोगों में आक्रोश है।

चुनावी चक्कर

पहले मतदान फिर किया अंतिम संस्कार : पहले किया मतदान फिर पत्नी का अंतिम संस्कार लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र से संवेदनाओं को छूने वाली एक खबर आयी। हुआ यह कि दिबियापुर के संजय नगर निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग रामलखन की पत्नी सरोज कुमारी (78) का रविवार की शाम मृत्यु हो गई थी। परिजनों एवं रिश्तेदारों के एकत्र न होने के कारण शाम को सरोज कुमारी का अंतिम संस्कार नहीं हो सका तो सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार किए जाने की बात तय हुई। सुबह जब घर पर सभी शोकाकुल परिजन बैठे थे तभी रामलखन ने उन्हें बताया कि वह वोट डालने जाएंगे। हालांकि, रिश्तेदारों ने पत्नी की अंत्येष्टि करने के बाद वोट डालने को लेकिन रामलखन अपनी जिद पर डटे रहे। इसके बाद उन्होंने दिबियापुर के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बाद में क्षेत्र के मुक्तिधाम पहुंचकर पत्नी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया। इस स्थिति में भी उनके मतदान करने का कारण पूछने पर रामलखन ने बताया कि पत्नी के निधन के कारण एक वोट कम तो हो गया लेकिन वह अन्य वोट कम नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने पहले मतदान किया, इसके बाद पत्नी का अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के बाद उन्होंने अपनी बेटी को भी वोट डालने के लिए भेजा। मतदान के प्रति रामलखन की जागरुगता को जिसने भी सुना वह उनकी तारीफ किए बिना नहीं रहा। जब अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली तो वह भी रामलखन के जज्बे को सलाम किया और कहा कि अगर उनकी तरह सब हो जाएं तो शत-प्रतिशत मतदान से कोई नहीं रोक सकता।

पंजाब में इस बार पांच दलों में उलझे मतदाता देख रहे प्रत्याशी का चेहरा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार है। अंतिम चरण में यहां पहली जून को मतदान कराया जाएगा। इस बार राज्य में कोई दलीय गठबंधन चुनाव मैदान में नहीं है। इस कारण यहां का चुनाव पहले से अलग है। सीधे या त्रिकोणीय की जगह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर चतुकोष्णीय और कम से कम चार सीटों बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर नजर आ रही है। शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का नाता क्या टूटा, बसपा ने भी अकाली दल से समझौता तोड़ लिया। अब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह राज्य में चारों पार्टियों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इस माहौल में मतदाताओं के सामने प्रत्याशियों के चेहरे सबसे बड़ा फैक्टर बन गए हैं। लेकिन ये चेहरे भी बड़ी संख्या में इधर से उधर हो गए हैं। राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार लोकसभा चुनाव से पहले इतनी संख्या में नेताओं का दल बदल देखने को मिला है। इससे हालत यह है कि कई सीटों पर आमने-सामने वही पुराने चेहरे हैं, लेकिन दल बदल गए हैं। ऐसे में शिरेमणि अकाली दल जहां इस बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी लोकसभा में अपने नंबर बढ़ाने की कवायद में जुटी है, जबकि कांग्रेस 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने खोए आधार को पुनः पाकर पहले की तरह राज्य से ज्यादा से ज्यादा लोकसभी सीटें जीतने की उम्मीद लगा रही है। लेकिन यह काम आसान नहीं है, क्योंकि वर्ष 2019 के चुनाव में पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी और कैप्टन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने राज्य की 13 में से आठ सीटे जीत ली थीं। लेकिन अब कांग्रेस के साथ न तो कैप्टन हैं और न उनकी पत्नी। तमाम अन्य कांग्रेस नेता भी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल राज्य की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का भी है। उसके भी कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

कांग्रेस, आप, अकाली दल और बसपा के सामने चुनौतियों का पहाड़

- लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर पार्टी का प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है, तो संकट आम आदमी पार्टी के सामने भी है, मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। पार्टी ने राघव चड्ढा, डॉ. संदीप पाठक, हरभजन सिंह समेत सात लोगों को पंजाब से राज्य सभा में भेजा था, लेकिन इनमें से पाठक को छोड़कर बाकी सांसदों का लोकसभा चुनाव के समय कोई अता-पता नहीं है। नेताओं की कमी के कारण ही आप को अपने सात मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा है। इस हाल में पार्टी की सबसे बड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जो अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद राज्य में अपने चुनाव प्रचार से पार्टी को संबल प्रदान कर सकते हैं। लेकिन जिन गारंटियों का वादा कर आम आदमी पार्टी राज्य की सत्ता में आई थी, उनमें से अधिकांश अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। किसानों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को एक हजार रुपये हर माह देने और पुरानी पेंशन का वादा पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि मुफ्त बिजली का वादा पार्टी ने सबसे पहले पूरा करके दिखाया है। उधर, अकाली दल प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद पहली बार चुनाव मैदान में है। ऐसे में सुखबीर सिंह बादल के सामने पार्टी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है, वह भी ऐसे समय में जब पार्टी विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीट पर सिमट चुकी है। राज्य की चौथी पार्टी बसपा ने अकाली दल के साथ मिलकर पिछला लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन गठबंधन फेल रहा था। पंजाब बसपा के संस्थापक कांशीराम की जन्मभूमि है। राज्य में दलित आबादी करीब 30 फीसदी है। लेकिन दलित मतदाता अकाली दल और कांग्रेस के बीच भी बंट हुए हैं। ऐसे में सिकुड़ते जनाधार के बीच अपना वोट बैंक बढ़ाकर प्रदर्शन सुधारने की चुनौती से बसपा को जूझना है।



1998
से बसपा का 30 फीसदी दलित अबादी के बाद भी खाता खाली

117
विधायकों में 10 फीसदी से ज्यादा आप-कांग्रेस से उतरे मैदान में

2019 का जनादेश

पार्टी	सीट	वोट
कांग्रेस	08	55,23,066
अकाली दल	02	37,78,574
भाजपा	02	13,25,445
आप	01	10,15,773

2014 का जनादेश

पार्टी	सीट	वोट
अकालीदल	4	36,36,148
आप	4	33,73,062
कांग्रेस	3	45,75,879
भाजपा	2	12,09,004

आरक्षित सीटों पर बसपा बचा पाएगी अपना वोट बैंक

पंजाब में चतुष्कोणीय मुकाबलों को बहुजन समाज पार्टी अपने लिए मुफीद मान रही है। दरअसल राज्य की आरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा का आधार हर चुनाव में नजर आता रहा है। जालंधर, होशियारपुर ऐसी सीटें हैं, जहां बसपा हमेशा चुनावी मुकाबले में रहती हैं। फिरोजपुर में भी बसपा का वोट बैंक है। इसलिए आरक्षित सीटों पर बसपा की ताकत को कम करके आंकना दूसरे दलों के लिए भूल हो सकती है। जानकार राज्य में बसपा का वोट प्रतिशत लगभग भाजपा के जितना ही आठ से दस प्रतिशत के बीच मानते हैं।

अमृतसर सीट बहुकोणीय मुकाबले में बचा पाएगी कांग्रेस

- कांग्रेस के सामने अमृतसर लोकसभा सीट बचाने की चुनौती है। पार्टी की तरफ से दो बार के सांसद गुरजीत सिंह औजला फिर मैदान में हैं। भाजपा यहां बाहरी उम्मीदवार ही उतारती रही है। नवजोत सिंह सिद्धू, अरुण जेटली, आईएएस हरदीप पुरी के बाद इस बार भाजपा ने आईएफएस तरनजीत सिंह संधू को उमीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी से राज्य के कबीना मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और अकाली दल बादल से पूर्व कबीना मंत्री अनिल जोशी जोर लगा रहे हैं। अकाली दल अमृतसर ने सांसद सिमरनजीत सिंह मान के बेटे ईमान सिंह मान पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी तरनजीत अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। कांग्रेस सांसद औजला के सामने एक मौजूदा मंत्री, दूसरे पूर्व मंत्री और ब्यूरोक्रेट के चुनाव लड़ने से यहां मुकाबला कड़ा है।

लुधियाना में अपने ही सांसद का मुकाबला कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष

- लुधियाना लोकसभा सीट इस बार हॉट बन गई है। यहां कांग्रेस छोड़कर आए सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। बिट्टू का मुकाबला कांग्रेस से पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग कर रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल ने यहां पूर्व विधायक रणजीत सिंह तो आम आदमी पार्टी ने लुधियाना सेंट्रल सीट के विधायक अशोक पराशर पप्पी पर दांव लगाया है। चतुष्कोणीय मुकाबले में बिट्टू यहां फंसे नजर आ रहे हैं। लुधियाना कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर कांग्रेस को पूर्व सीएम बेंअंत सिंह की शहादत का लाभ मिलता रहा है, लेकिन उनके पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू के पार्टी छोड़ने से झटका लगा है।



साथियों के साथ छोड़ने से संकट में दिख रही कांग्रेस

- भाजपा के पाले में कांग्रेस के दो वर्तमान सांसद परनीत कौर, रवनीत सिंह बिट्टू और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू चले गए थे। तीनों को भाजपा चुनाव मैदान में उतार चुकी है। शिरोमणि अकाली दल के दिग्गज नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू बठिंडा से भाजपा प्रत्याशी हैं, जबकि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वर्तमान विधायक राज कुमार चब्बेवाल और पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने अकाली दल के पवन टीनू को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक व मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दलबीर सिंह गोल्डी भी आप में शामिल हो चुके हैं। उधर, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के सांसद रहे डॉ. धर्मवीर गांधी को पटियाला से प्रत्याशी बनाया है। शिरोमणि अकाली दल ने कांग्रेस के मोहिंदर सिंह केपी को उम्मीदवार बनाया है। जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतारने से नाराज पूर्व सांसद संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।

नेताओं के दल-बदल से भाजपा को उम्मीद, आधी से ज्यादा सीटों पर अबकी बार खिलेगा कमल

- पंजाब में इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अजीब है। राज्य के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि एक पार्टी किसी प्रत्याशी को टिकट दे, और वह दूसरी पार्टी में चला जाए। मौजूदा विधायक इस्तीफा देकर दूसरी पार्टी का प्रत्याशी बन जाए। तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू तो चार बार सांसद रहीं परनीत कौर कांग्रेस छोड़कर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद सुशील रिंकू को टिकट दी, लेकिन वह भी टिकट ठुकराकर कमल खिलाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार बन गए। नेताओं के इस दलबदल से राज्य में कमजोर खिलाड़ी समझी जाने वाली भाजपा इस बार मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभर चुकी है। पार्टी दूसरे दलों से आए नेताओं की बदौलत इस बार के लोकसभा चुनाव में करिश्माई प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाए बैठी है।

अकालियों से रिश्ता टूटने पर भाजपा ने कांग्रेस की जमीन पर खड़ा किया वोट बैंक

- पंजाब में अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों के सवाल पर भाजपा से करीब ढाई दशक पुराना गठबंधन तोड़ लिया था। इस गठबंधन में रहकर भाजपा को लोकसभा की कुछ सीटें मिल जाती थीं। ऐसे में अकालियों के अलग होने पर भाजपा ने चुनावी जीत के लिए नए रास्ते तलाशे। उसने कांग्रेस के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनकी पत्नी सांसद परनीत कौर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़, कांग्रेस नेता संतोख चौधरी की पत्नी करमजीत कौर, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। माना जा रहा हि कि इस कवायद से भाजपा ने राज्य में हिंदुओं की पार्टी होने की छवि से भी काफी हद तक छुटकारा पा लिया है।

पटियाला में रोचक हुई चुनावी जंग

- पटियाला लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। इस सीट पर भाजपा ने इस बार कांग्रेस छोड़कर आईं कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस ने पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी, आम आदमी पार्टी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह और अकाली दल ने एनके शर्मा पर दांव लगाया है। बसपा से जगजीत छड़बड़ चुनाव मैदान में हैं। यहां चतुष्कोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है।

फतेहगढ़ साहिब में भाजपा ने दिलचस्प बनाया चुनाव

- फतेहगढ़ साहिब सीट लोकसभा आरक्षित सीट पर कांग्रेस से मौजूदा सांसद डॉ. अमर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पंजाब राज्य सफाई कर्माचारी आयोग के अध्यक्ष गेजा राज वाल्मीकि, आप प्रत्याशी पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रमजीत सिंह से है। पिछली बार डॉ. अमर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी को लगभग एक लाखमतों से हराया था। 2014 में यहां आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीता था।

जालंधर में पूर्व सीएम चन्नी के सामने अपनों की ही चुनौती

- जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस छोड़ने के बाद मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू इस बार भाजपा के टिकट पर ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर उनके मुकाबले में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। शिरोमणि अकाली दल ने यहां कांग्रेस के पूर्व सांसद और कद्दावर नेता मोहिंदर सिंह केपी और आप से पूर्व विधायक पवन टीनू यहां प्रत्याशी हैं। यहां साल 2023 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया था, इसके बाद हुए उप चुनाव में आम आदमी पार्टी से उतरे सुशील कुमार सिंह रिंकू ने कांग्रेस प्रत्याशी को 58 हजार मतों से हरा दिया था। जलंधर में दलित मतदाता करीब 40 फीसदी हैं, और जीत-हार तय करते रहे हैं।

खडूर साहिब में अमृतपाल की चुनौती से मुश्किल में अकाली दल

- खडूर साहिब लोकसभा सीट जेल में बंद 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह द्वारा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा फैसला करने के बाद चर्चा में है। यह अकाली दल का गढ़ माना जाता है। राणा गुरजीत सिंह अपने बेटे के लिए कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने यहां कुलबीर सिंह जीरा को मैदान में उतारा है। खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के लालजीत सिंह भुल्लर, भाजपा के मंजीत सिंह मन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। यहां चुनाव अकाली दल बना अमृतपाल और कांग्रेस बनाम आप माना जा रहा है। उधर, आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट पर कांग्रेस के विजय इंदर सिंगला, आम आदमी पार्टी के मालविंदर सिंह कंग, शिरोमणि अकाली दल के प्रेम सिंह चंदू माजरा के बीच मुकाबला हो रहा है।

गुरदासपुर में आखिरकार भाजपा ने कर ली फिल्मी सितारों से तौबा

- गुरदासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने इस बार फिल्म अभिनेताओं से किनारा करते हुए स्थानीय नेता दिनेश सिंब बब्बू पर दांव लगाया है। बब्बू सुजानपुर से तीन बार विधायक और विधानसभा में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। दिवंगत अभिनेता व भाजपा के पूर्व सांसद विनोद खन्ना की पत्नी कविता खन्ना भी यहां से दावेदारी कर रही थीं। भाजपा को यहां मौजूदा सांसद सनी देओल की निष्क्रियता भारी पड़ सकती है। कांग्रेस ने भी इस सीट पर बड़े चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को उतारा है। रंधावा की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। आम आदमी पार्टी ने अमनशेर सिंह कालसी को उम्मीदवार बनाया है। युवा नेता कालसी बटाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल से दलजीत सिंह चीमा चुनाव लड़ रहे हैं।

दलित राजनीति के गढ़ में इस बार दिख रही कांटे की टक्कर

- दलित राजनीति का गढ़ कही जाने वाली होशियारपुर लोकसभा सीट से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और बसपा के संस्थापक कांशीराम सांसद रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी यहां से चुनाव लड़ चुकी हैं। बीते 10 वर्षों से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। होशियारपुर से कांग्रेस ने इस बार युवा महिला नेता यामिनी गोमर को मैदान में उतारा है। वह 2014 में चुनाव लड़ चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने राजकुमार चब्बेवाल पर दांव लगाया है। चब्बेवाल पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़े थे और नजदीकी मुकाबले में हार गए थे। भाजपा से होशियारपुर के मौजूदा सांसद सोमप्रकाश जो केंद्रीय मंत्री हैं, की पत्नी अनिता सोम प्रकाश यहां चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने संगठन को एक रखने की चुनौती है।

संगरूर में दांव पर लगी है मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा

- संगरूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल सिंह खैरा और आम आदमी पार्टी के मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और भाजपा से अरविंद खन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल से पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा मैदान में हैं। बसपा ने मक्खन सिंह और अकाली दल अमृतसर ने मौजूदा सांसद सिमरनजीत सिंह पर एक बार फिर से दांव खेला है। इस सीट पर मुकाबला बहुकोणीय नजर आने से मतदाता उलझन में हैं। आम आदमी पार्टी संगरूर सीट को मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ मानती है, वह दो बार यहां से सांसद रह चुके हैं। लेकिन आप के लिए चुनौती यह है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

फरीदकोट में सूफी गायक और कॉमेडियन के बीच फंसी कांग्रेस

- फरीदकोट में दिल्ली की उत्तर पश्चिम सीट से सांसद हंस राज हंस को भाजपा ने मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी से उनके सामने कॉमेडियन व फिल्म अभिनेता कर्मजीत अनमोल को उतारा है। इस सीट पर अकाली दल से तीन बार के विधायक राजविंदर सिंह उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद मो. सद्दीक के स्थान पर अमरजीत कौर पर दांव लगाया है। इस सीट पर भी बहुकोणीय कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है। यहां किसानों के मुद्दे ज्यादा हावी दिख रह हैं। सुफी गायक अपने गानों से लोगों को रिझा रहे हैं।

- आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ अपनी पुत्री एवं पाटिलपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती के नामांकन जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संविधान बचाने के लिए वोट मांगा। कहा कि मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो न आरक्षण बचेगा और न ही संविधान। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

हरसिमरत इस बार बचा पाएंगी बठिंडा में अकाली दल का गढ़

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। शिरोमणि अकाली दल का गढ़ पंजाब की बठिंडा लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होगा। शिअद की हरसिमरत कौर बादल इस सीट से तीन बार की सांसद हैं, पार्टी ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है। उनके सामने आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने चार बार के विधायक जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू पर भरोसा जताया है। हरसिमरत के सामने खड़े उम्मीदवारों का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जबकि हरसिमरत चौथी बार मैदान में हैं। उनके लिए शिअद के गढ़ को बचाना साख का सवाल बना हुआ है। 2022 के विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी खुड्डियां पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,772 मत के अंतर से मात दी थी। इस बार वडिंग अब बठिंडा की जगह लुधियाना से चुनाव लड़ रहे हैं। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं और बठिंडा से सांसद बनी थीं। चार बार के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू ने शिअद छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।

- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने का काम कांग्रेस और उसके सहयोगी दल कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,776.13	22,104.05
बढ़त	111.66	48.85
प्रतिशत में	0.15	0.22

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 14 मई 2024

निसान मोटर ने स्माइल ट्रेन के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के लिए साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बच्चों और उनके परिवारों के साथ दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वंचित समुदाय के बच्चों की क्लेफ्ट सर्जरी की दिशा में साझा प्रयासों के प्रभाव पर बाच की गई। कार्यक्रम में निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स, स्माइल ट्रेन इंडिया के प्रतिनिधियों और प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. एससी सूद ने भाग लिया।

भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी सुजुकी

नई दिल्ली। जापान की कार विनिर्माता सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन यात्री वाहन खंड में अपनी समग्र बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने के लिए भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी। कंपनी की वर्तमान में मारुति सुजुकी इंडिया में करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में उसकी शुद्ध बिक्री 15.8 प्रतिशत बढ़ी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 32.8 प्रतिशत बढ़ा। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने बयान में कहा, हम भारत में अपने एसयूवी मॉडल के विस्तार को बढ़ावा देना जारी रखेंगे और अपनी कुल यात्री कार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखेंगे। एसयूवी खंड में सीमित विकल्पों के कारण घरेलू यात्री वाहन खंड में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी कुछ साल पहले के 50 प्रतिशत से घटकर करीब 42 प्रतिशत रह गई है।

2004 से 14 के बीच 3.2 गुना बढ़ा विदेशी कर्ज

राहुल गांधी की 'खटा-खट' योजनाओं पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोलीं- राष्ट्रमंडल खेल, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन घोटालों से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा, कई बार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किये बिना निरपेक्ष या पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है। जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है।

सीतारमण ने कहा, क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किये गये ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?'' उन्होंने कहा कि आखिर राहुल गांधी 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत को पूरा करने के लिए कितनी कल्याणकारी योजनाएं बंद करेंगे?

पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो पार्टी देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये डालेगी। उन्होंने कहा, क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी? वित्त मंत्री के अनुसार भाजपा सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। यह स्थिति तब है जब कोविड-19 महामारी का सामना करने के लिए राहत प्रयासों को लेकर काफी संसाधन का उपयोग किया गया था।

संप्रग शासन में 44.5 गुना बढ़ी उधारी

सीतारमण ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान केंद्र की शुद्ध बाजार उधारी 4.5 गुना बढ़ गई थी। कोविड-19 महामारी के बावजूद हमारी सरकार के तहत यह 2.6 गुना बढ़ी। उन्होंने कहा, यह हमारी सरकार के मजबूत वित्तीय प्रबंधन को बताता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के तहत वास्तविक घाटा बजटीय घाटे से कहीं अधिक था। उन्होंने कहा कि वास्तव में संप्रग सरकार ने उच्च राजकोषीय घाटे को छिपाने के लिए आंकड़े छिपाये। अगर ऐसा नहीं होता तो 2008-09 में राजकोषीय घाटा आधिकारिक आंकड़ा 6.1 प्रतिशत के बजाय 7.9 प्रतिशत होता। सीतारमण ने कहा कि संप्रग के शासन के दौरान राष्ट्रमंडल खेल, एंट्रिक्स-देवास, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन में गड़बड़ी जैसे घोटालों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ, हमने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के क्रियान्वयन के कारण, काला-बजारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं।

बाजार भाव अधिक होने से सरकारी गेहूं खरीद सुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी गेहूं खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त है। बाजार में समर्थन मूल्य से ज्यादा मिलने से केंद्रों पर गेहूं की आवक ही नहीं हो रही है। इससे दो माह में पीसीएफ के 31 केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो सकी है।

मार्च में गेहूं खरीद के लिए सबसे अधिक 31 क्रय केंद्र पीसीएफ ने खोले थे। कुल 16,300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन, अब तक केवल 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो पाई है। क्योंकि क्रय केंद्रों पर किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिला रहा है। जबकि बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये प्रति कुंतल में गेहूं खरीद रहे हैं। दाम ज्यादा होने के साथ नमी, गुणवत्ता, साफ गेहूं जैसे मानक लागू नहीं किए गए हैं। इसलिए किसानों को बाजार में ही गेहूं बेचने में ज्यादा फायदा है। वहीं, व्यापारी गांवों में किसानों से सीधा संपर्क कर गेहूं उठा रहे हैं। इससे किसानों का भाड़ा और ढुलाई आदि खर्च बच जा रहे हैं। वहीं आशंका यह भी है कि व्यापारी अधिक दाम देकर गेहूं डंप भी कर रहे हैं।

- दो माह में पीसीएफ के 31 क्रय केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे में सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में अंतिम दौर की लिवाली से बाजार लाभ में रहा।

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान य 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में लिवाली से यह नुकसान से उबर गया। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

- टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट

भारत-ईरान में टर्मिनल के दीर्घकालिक परिचालन पर समझौता

नई दिल्ली। भारत और ईरान ने चाबहार स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में किसी बंदरगाह का प्रबंधन लेगा। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है।

एफटीए भागीदारों से भारत का आयात 38% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा, भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिण पूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है।

- भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में 17वें स्थान पर

हीरो मोटोकॉर्प ओएनडीसी नेटवर्क में हुआ शामिल

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प, ओएनडीसी नेटवर्क में शामिल हो गई है, जिससे यह नेटवर्क में शामिल होने वाली देश की पहली ऑटो कंपनी बन गई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि उसके पास पहले से ही भारतीय ऑटो उद्योग में सबसे बड़ा भौतिक वितरण और सेवा नेटवर्क है। ओएनडीसी के साथ साझेदारी से पहुंच और सुविधा में और वृद्धि होगी, जिससे ग्राहकों को आसानी से उपलब्ध डिजिटल मोड उपलब्ध होगा। ओपन नेटवर्क शुरुआत में दोपहिया वाहनों के पुर्जे, सहायक उपकरण और माल की पेशकश करेगा।

राष्ट्रीय

पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी तो हम पहना देंगे : मोदी

प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेताओं को बताया कायर, बोले- कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता देश

हाजीपुर/मुजफ्फरपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और उसके नेताओं को कायर बताया जो पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार की चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।

फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस दावे के जवाब में टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। मोदी ने तंज कसते हुए कहा, कोई मुंबई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है, कोई सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है, ये वामपंथ वाले भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले ली है। ऐसे स्वार्थी लोग राष्ट्र रक्षा के लिए कडे.फैसले ले सकते हैं क्या। ऐसे दल भारत को मजबूत बना सकते हैं क्या।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और बिहार के लोगों ने दशकों तक नक्सलवाद सहा है। अपराध और नक्सलवाद के कारण बिहार में उद्योग, धंधे सब चौपट हो गए। जंगलराज की जिंदगी भयानक, डरावनी थी। राजद के जंगलराज ने बिहार को कई दशक पीछे धकेल दिया था। ये राजग की सरकार है, जो बिहार में कानून व्यवस्था को पटरी पर लाई है, अब नक्सलवाद प्रभावित जिले भी तेजी से कम हो रहे हैं।

इससे पहले हाजीपुर में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचारियों को खोज करके सजा देने का है। ये जो टीवी पर आप नोटों के पहाड़ देखते हैं। ये राजनेताओं के यहां से पकड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में सिर्फ 35 लाख रुपये जब्त किये थे। जब से हमने सत्ता संभाली है, ईडी ने 2,200 करोड़ की वसूली की है जिसे ले जाने के लिए 70 छोटे ट्रकों की आवश्यकता होगी। इन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन लिखवाकर दिल्ली और देश में जायदाद बनाई है।

- फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने तंज कसा

अगर इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे : खरगे

हजारीबाग। संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जीतते हैं तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। झारखंड के हजारीबाग में चुनावी रैली में खरगे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह अडाणी और अंबानी को गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने दावा किया कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं और लोग भी खतरे में हैं। यदि आपके पास मौलिक अधिकार नहीं रहेंगे तो आप गुलाम बन जाएंगे। यदि इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। खरगे ने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए 'इंडिया' के घटक दलों के सभी नेताओं को रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया सत्ता में मोदी की वापसी असंभव है।

बंगाल की महिलाओं के आत्मसम्मान व गरिमा से खिलवाड़ न करें मोदी.: ममता

बोंगांव (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वह अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। बोंगांव में चुनावी सभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि में कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगा है। हालांकि, सामने आए कथित वीडियो में, संदेशखालि के भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया था कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी के इशारे पर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था और इस पूरी साजिश में उनका हाथ था। अन्य वीडियो में पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए और थाने जाने के लिए मजबूर किया। बनर्जी ने कहा कि हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नहीं है।

- बनर्जी ने कहा- हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश नहीं है

13 मई को ही वामपंथियों से मुक्त हुआ था बंगाल

कोलकाता। ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल आज के ही दिन यानी 13 मई, 2011 को वामपंथियों के अत्याचार से मुक्त हुआ था। बनर्जी ने एक्स पर लिखा, आज 13 साल बाद, लोग दिल्ली के अन्य दमनकारियों को हराने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर कतार में खड़े हुए हैं। इतिहास खुद को दोहराएगा।

एक नजर

कोटा से एक और नीट अभ्यर्थी लापता

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक और नीट अभ्यर्थी लापता हो गया है। इससे करीब हफ्ता भर पहले मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा अन्य छात्र भी लापता हो गया था। पुलिस के अनुसार बिहार निवासी अमन कुमार सिंह (19) पिछले दो साल से यहां प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह 11-12 मई की रात को स्वर्ण विहार कॉलोनी में पेइंग गेस्ट (पीजी) का अपना कमरा छोड़कर चला गया। पुलिस ने बताया कि सिंह ने एक नोट छोड़ा है, जिसमें उसने कहा है कि वह नीट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका और इसे पास नहीं कर पाएगा। उसने अपने नोट में चंबल नदी पर स्थित कोटा बैराज के पास उसकी तलाश करने को कहा। पुलिस के अनुसार बैराज के पास उसका कोई सुराग नहीं मिला।

बिश्नोई-गोदारा गिरोह के पांच शूटर गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़े पांच शूटरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके कब्जे से 10 लाख रुपये से अधिक कीमत की तीन विदेशी 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल समेत पांच स्वचालित पिस्तौल और 55 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार दिनेश उर्फ दीनू, जगदीश उर्फ जग्गू, विष्णु, सागर और प्रदीप को गिरफ्तार कर सोमवार को अदालत में पेश किया गया। अदालन ने उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

ईवीएम-वीवीपैट से जुड़े फैसले की समीक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर 26 अप्रैल के उस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें मत पत्रों से मतदान कराने की प्रणाली फिर से अपनाने और ईवीएम के जरिये डाले गए सभी मतों का मिलान वीवीपैट से करने का निर्देश जारी करने की मांग सर्वोच्च अदालत द्वारा खारिज कर दी गई थी। पुनरीक्षण याचिका अधिवक्ता नेहा राठी के मार्फत अरूण कुमार अग्रवाल ने दायर की है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 26 अप्रैल को, ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार दिया था और मत पत्रों से चुनाव कराने की पुरानी प्रणाली फिर से अपनाने का आग्रह खारिज कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि मतदान के लिए उपयोग में लाये जा रहे उपकरण सुरक्षित हैं और इसने बूथ पर कब्जा किये जाने और फर्जी मतदान की समस्या खत्म कर दी। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के फैसले ने चुनाव नतीजों में दूसरे और तीसरे स्थानों पर रहे असफल उम्मीदवारों को भी कुछ राहत दी तथा उन्हें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम में लगी माइक्रो-कंट्रोलर चिप के सत्यापन का अनुरोध करने की अनुमति दी। हालांकि, इसके लिए उन्हें निर्वाचन आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा और शुल्क का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि एक मई से, चुनाव चिह्न को लोड करने वाली इकाइयों को सील किया जाना चाहिए और एक कंटेनर में सुरक्षित रखा जाए तथा चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए ईवीएम के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में उनका भंडारण किया जाए। अपने इस फैसले के साथ, शीर्ष अदालत ने वे जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मत पत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली फिर से अपनाने के लिए निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया गया था।

- उच्चतम न्यायालय में दायर की गई पुनरीक्षण याचिका
- कोर्ट ने मतदान में इस्तेमाल हो रहे उपकरणों को बताया था सुरक्षित

चंद्रबाबू पर दर्ज मामला रद करने से कोर्ट का इनकार

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने 2010 में महाराष्ट्र में पुलिस कर्मियों पर हमला करने के आरोप में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता नक्का आनंद बाबू के खिलाफ दर्ज मामला रद करने से इनकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति मंगेश पाटिल और शैलेश ब्रह्मे की खंडपीठ ने 10 मई के फैसले में कहा कि इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि कथित अपराध में नायडू और बाबू दोनों की मिलीभगत को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। अदालत ने तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और नक्का आनंद बाबू द्वारा दाखिल याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में धर्माबाद पुलिस में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की अपील की गई थी। प्राथमिकी एक लोक सेवक पर हमला करने या बल का प्रयोग करने सहित कई संगीन आरोपों के तहत दर्ज की गई थी। कोर्ट ने कहा, प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि उसने साथी कैदियों को उकसाया था और यहां तक कि दोनों राज्यों के बीच लड़ाई होने की धमकी भी दी थी।

पुलिस पर हमला

- कहा- अपराध में नायडू व बाबू की मिलीभगत के पर्याप्त सबूत

महिला ने प्रज्ज्वल और एचडी रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप

बेंगलुरु। कर्नाटक की महिला ने जद(एस) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। अज्ञात महिला ने दावा किया कि हासन सांसद प्रज्ज्वल ने पांच साल पहले बेंगलुरु में अपने आवास पर उसकी मां से बलात्कार किया था। उन्होंने एसआईटी को घटनाओं का व्यापक विवरण दिया है। जिसमें दावा किया कि उसे 2020 और 2021 में वीडियो कॉल के दौरान कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया था। महिला ने कहा, "वह मुझे फोन करता था और अपने कपड़े उतारने के लिए कहता था। वह मेरी मां के मोबाइल पर फोन करता था और मुझे वीडियो कॉल का जवाब देने के लिए मजबूर करता था। जब मैंने इनकार किया तो उसने मुझे और मेरी मां को धमकी दी।

स्टिंग वीडियो : भाजपा नेता की अर्जी पर सुनवाई स्थगित

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि से भाजपा नेता गंगाधर कोयल द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

कोयल ने इलाके में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रसारित कथित स्टिंग वीडियो की जांच सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा कि कोयल की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने याचिका में दावा किया है कि प्रौद्योगिकी की मदद से वीडियो में उनकी आवाज से मिलती-जुलती आवाज डाली गई है और उन्हें बदनाम करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- धन शोधन के मामले में तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं पूर्व मुख्यमंत्री

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ इस मामले को गर्मी की छुट्टियों के दौरान या जुलाई में विचार के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी, लेकिन सिब्बल ने सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

शीर्ष अदालत ने सोरेन को अपनी गिरफ्तारी और मामले में हुई देरी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा था, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान सोरेन के अधिकार प्रभावित हुए। सिब्बल ने दलील के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को एक जून तक दी गई अंतरिम जमानत और याचिका की अग्रिम प्रति ईडी के अधिवक्ता को छह मई को पहुंचा दिए जाने का हवाला दिया।

तेजस्वी सूर्य ने राहुल की खुली बहस की चुनौती स्वीकारी

नई दिल्ली। भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खुली बहस की चुनौती स्वीकार कर अपने संगठन के उपाध्यक्ष एवं रायबरेली के नौजवान को इस बहस के लिए नामित किया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्य ने गांधी को सोमवार को पत्र लिखकर सूचित किया कि भाजपा को उनकी खुली बहस की चुनौती स्वीकार है और वह युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को बहस में पार्टी की ओर से भाग लेने के लिए नामित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभिनव अनुसूचित जाति के अंतर्गत पासी समुदाय के शिक्षित नेता हैं, जिनकी संख्या रायबरेली संसदीय क्षेत्र में में 30 प्रतिशत है। वह वर्तमान में दिल्ली विवि के रामजस कालेज में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक हैं। तेजस्वी सूर्य ने कहा कि वह इस बहस के लिए उपयुक्त मंच के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि यह एक राजनीतिक वंशज और एक आम युवा के बीच समृद्ध बहस होगी, जिसने जीवन में कठिन डगर तय की है।

जापान ने राफा पर इजरायली हमले का जताया विरोध

टोक्यो, एजेंसी

जापान ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में पूर्ण पैमाने पर इजरायली सैन्य अभियान का विरोध और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। जापानी कैबिनेट प्रमुख योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि हम राफा में संपूर्ण सैन्य गतिविधियों पर आपत्ति जता रहे हैं।

मानवीय उद्देश्यों के लिए स्थायी स्थिति बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम तत्काल युद्धविराम की मांग कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि युद्धविराम होगा और लंबे समय तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा, टोक्यो ने इजरायली अधिकारियों के सामने राफा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है और यहूदी देश से बहुत धैर्यपूर्वक और सक्रिय तरीके से राजनयिक गतिविधियां शुरू करने का आग्रह किया है। इजरायली सेना ने पिछले हफ्ते राफा के पूर्वी हिस्सों में एक सैन्य अभियान शुरू किया और मिस्र के साथ राफा क्रॉसिंग के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया।

इजराइली टैंक गाजा पट्टी के पास गोला दागता हुआ। ● अमृत विचार

मुंबई हवाईअड्डे पर 13.56 करोड़ का सोना जब्त, 11 गिरफ्तार

मुंबई। सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपये मूल्य का 22.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार और रविवार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह कीमती धातु यात्रियों द्वारा मलाशय, अंतः वस्त्रों, उनके शरीर में और एक कार्डबोर्ड शीट में छिपाकर लाई गई थी। एक मामले में सोने के आभूषण एक यात्री ने उस बुर्के में छिपाए थे जिसे उसने पहना था।

जितना पाक का मिलिट्री बजट, उससे ज्यादा भारत दुनिया को बेच देता है स्मार्टफोन

स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेड इन इंडिया स्मार्टफोन के मामले में भारत लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिससे पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन को जोरदार झटका लगा है। जहां पाकिस्तान में आर्थिक हालात खराब हैं, वही भारत ने रिकॉर्ड नंबर में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट करके चीन की हालात पस्त कर दी है। रिपोर्ट की मानें, तो भारत ने वित्त वर्ष 2023 में 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट किया है, जो पाकिस्तान के मिलिट्री बजट से ज्यादा है। पाकिस्तान का साल 2023 में मिलिट्री बजट 8 बिलियन डॉलर रहा है। इतना ही नहीं, भारत में हर साल करीब 44 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन किया जाता है, जो पाकिस्तान के रक्षा खर्च से कहीं ज्यादा है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईफोन बनाने वाला देश

ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में एक साल करोड़ रुपये के मोबाइल एक्सपोर्ट करके चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। ऐसा माना जा रहा कि साल 2026 तक भारत में आईफोन प्रोडक्शन 26 फीसद हो सकता है, जो अभी 14 से 15 फीसद है। ऐपल का भारत में कुल प्रोडक्शन करीब 14 बिलियन डॉलर (1.2 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

चीन को पीछे छोड़ देगा भारत

चीन दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश है, लेकिन अब भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर बन गया है। एक्सपर्ट की मानें, तो आने वाले दिनों में चीन में मोबाइल मैन्युफैक्चिरिंग में गिरावट देखने को मिलेगी, जबकि भारत में इजाफा होगा।

ऐपल ने भारत में बनाया नया रिकॉर्ड

ऐपल ने मोबाइल एक्सपोर्ट के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। वित्त वर्ष 2025 में ऐपल ने 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपये) के मेड इन इंडिया आईफोन का एक्सपोर्ट किया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 580 मिलियन डॉलर था। मतलब ऐपल ने भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आईफोन में पिछले एक साल में दोगुना का उछाल दर्ज किया है।

एक नजर

कर्नाटक की उडुपी जेल में एक विचाराधीन कैदी की मौत

उडुपी। कर्नाटक की उडुपी जेल में बंद एक 37 वर्षीय विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतक अनूप शेट्टी पर जुलाई 2021 में कुंडापुर के कलावारा गांव में अपने कारोबारी साथी अजेंद्र शेट्टी की हत्या करने का आरोप था। इसी मामले में वह एक विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल में बंद था। अजेंद्र की कथित तौर पर हत्या करने के बाद अनूप छुप गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद उडुपी पुलिस ने उसे गोवा से गिरफ्तार कर लिया था। अनूप का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि वह शनिवार को जेल की कोठरी में बेहोश पाया गया था।

जॉर्जिया में तीन विदेशी सहित 20 प्रदर्शनकारी हिरासत में

त्बिलिसी। जॉर्जियाई पुलिस ने विदेशी प्रभाव पर एक विभाजनकारी विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान त्बिलिसी में 20 लोगों को हिरासत में लिया। गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। विपक्षी पार्टी के सांसद ने बताया कि जॉर्जियाई संसद की कानूनी मुद्दों पर समिति ने तीसरे दौर में विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही, राष्ट्रपति सैलोम ज़ौराबिचविली द्वारा पहले से ही तय वीटो को भी पार करना होगा।

अमेरिका में गोलीबारी में तीन की लोगों की मौत, 15 घायल

अलबामा। अमेरिका के अलबामा में एक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और 15 घायल हो गये। बाल्डविन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि स्टॉकटन समुदाय में शनिवार की रात की कार्यक्रम शुरू होने से पहले तक शांतिपूर्ण माहौल था लेकिन कार्यक्रम समाप्ति के बाद एक व्यक्ति ने भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में 18 लोगों को गोलियां लगी जिसमें तीन की मौके पर ही मौत हो गयी।

कुवैत में 13 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन

कुवैत सिटी। कुवैत में 13 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया गया है। सरकारी कुवैत समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक गत अप्रैल में कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने पूर्व कुवैती तेल मंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया और उन्हें नयी सरकार के लिए उम्मीदवारों का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, अमीर ने अब अल-अहमद अल-सबा के नेतृत्व में एक नयी कैबिनेट के गठन का आदेश दिया, जिसमें 13 मंत्री शामिल हैं।

नेपाल के उप प्रधानमंत्री ने इस्तीफा सौंप प्रचण्ड सरकार को दिया झटका

पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी पार्टी सरकार से अलग हो गई। जिससे प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को झटका लगा है। यादव के साथ ही वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र दे दिया है। वह भी यादव की पार्टी से ही आते हैं।

यादव जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के प्रमुख हैं और इस पार्टी में हफ्ते भर पहले विभाजन हो गया था। वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजवादी पार्टी नाम से नया दल बना लिया है। निर्वाचन आयोग ने नई पार्टी को मान्यता दे दी है।

यादव ने कहा कि मैंने सोमवार सुबह अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री प्रचंड को सौंप दिया। वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, मुझे सरकार के साथ अपना सहयोग जारी रखना अनुचित लगता है। जेएसपी-नेपाल के प्रतिनिधि सभा में कुल 12 सदस्य थे। अब प्रतिनिधि सभा में पार्टी का संख्याबल घटकर पांच रह गया है, क्योंकि राय और छह अन्य सांसद और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य नई पार्टी में शामिल हो गए हैं। प्रचण्ड की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के पास अब भी बहुमत है। गठबंधन में शामिल सीपीएन-यूएमएल के पास प्रतिनिधि सभा में 77, सीपीएन (माओवादी केंद्र) के पास 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 21, नवगठित जनता समाजवादी पार्टी के पास सात और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) के पास 10 सीट हैं।

● उपेंद्र यादव ने कहा - मुझे सरकार के साथ सहयोग जारी रखना अनुचित लगा

गठबंधन को बहुमत के लिए 138 सीट की आवश्यकता

गठबंधन को बहुमत साबित करने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सीट की आवश्यकता है। पूर्व पर्यावरण मंत्री और सत्तारूढ़ सीपीएन (माओवादी केंद्र) की केंद्रीय समिति के सदस्य सुनील मानंधर ने कहा कि पार्टी के सरकार से हटने का प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका दीर्घावधि में सरकार की स्थिरता पर कुछ असर पड़ सकता है।

नेपाल के राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने इस्तीफा दिया

काठमांडू। नेपाल के रष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार चिरंजीवी ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपये के नये नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। चिरंजीवी ने सोमवार को कहा कि मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं, लेकिन कुछ मीडिया संस्थानों ने राष्ट्रपति पद की सम्मानित संस्था को विवाद में शामिल करने की कोशिश करते हुए मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। नये नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे क्षेत्र शामिल किये गए हैं। हालांकि, भारत का यह कहना रहा है कि ये तीनों क्षेत्र उसका हिस्सा हैं।

पश्चिमी देशों में भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के साथ झूठी कहानी गढ़ी जा रही : भरत

वाशिंगटन। एक प्रमुख भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य का कहना है कि भारत में आम चुनावों के बीच पश्चिमी देशों में भारतीय लोकतंत्र के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के साथ झूठी कहानी गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता वाले कुछ लोगों की आलोचना से भारत को रोका नहीं जा सकता।

शिकागो में रहने वाले डॉ. भरत बराई ने अमेरिका सहित पश्चिमी देशों की मीडिया में कई समाचार लेखों और टिप्पणियों में भारत में लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और मानवाधिकारों को लेकर उठाए जा रहे सवालों के संदर्भ में यह बात कही। अग्रणी कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. बराई ने भारतीय लोकतंत्र की आलोचना के सवाल पर कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से गुजरा है और भारत में करीब 66 फीसदी लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। उन्हेंने सवाल किया कि आप कैसे कह सकते हैं लोकतंत्र काम नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि लोगों का एक वर्ग भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है और झूठी कहानी गढ़ रहा है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा मुझे लगता है कि यह पूर्ण रूप से गलत सूचना है, पूरी तरह से गलत कहानी है, चाहे यह जानबूझकर किया गया हो या फिर कम जानकारी या गलत सूचना के कारण। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में लोकतंत्र बेहद जीवंत है।

तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए 23 अरब का पैकेज जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पीओके में पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े। विवादित क्षेत्र में सोमवार को भी पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें जारी रहीं।

बता दें कि दो दिन पूर्व एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों व क्षेत्रीय सरकार के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद, क्षेत्र के लिए तत्काल 23 अरब रुपये प्रदान करने को सोमवार को मंजूरी दी।

पीएमओ ने एक बयान में कहा कि अप्रत्याशित विरोध और इसकी संवेदनशीलता से चिंतित प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को यहां एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक, स्थानीय मंत्री और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने भाग लिया। बैठक में संघीय मंत्रियों और गठबंधन दलों के नेताओं ने भी हिस्सा लिया, बैठक में स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। पीएमओ ने कहा कि नेताओं और सभी प्रतिभागियों ने शहबाज के फैसले की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा- आपसी परामर्श से मुद्दों को हल निकालें

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी हितधारकों से संयम बरतने और बातचीत तथा आपसी परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक दलों, राज्य संस्थानों और क्षेत्र के लोगों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि विरोधी अपने लाभ के लिए स्थिति का फायदा न उठा सकें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कानून के अनुसार क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा किया जाना चाहिए। वह मौजूदा स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने के लिए प्रधानमंत्री शरीफ से इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति ने वर्तमान स्थिति पर खेद व्यक्त किया।

पैराग्लाइडिंग

मनाली व लाहौल घूमने गए पर्यटकों ने ठंडे मौसम का खूब लुत्फ उठाया। एक पर्यटक मनाली के सोलंग वैली में पैराग्लाइडिंग करता हुआ। ● एजेंसी

जर्मनी में टेस्ला संयंत्र का विरोध करने वाले 23 लोग गिरफ्तार

बर्लिन। जर्मनी के पूर्वी प्रांत ब्रैंडेनबर्ग की पुलिस ने नवनिर्मित टेस्ला संयंत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक पांच मामलों में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तारियां की गईं हैं। पुलिस और न्यायिक प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद सभी लोगों को रिहा कर दिया गया।

बयान में कहा गया कि यहां 8 से 12 मई तक कथित रूप से टेस्ला संयंत्र के खिलाफ हजारों लोगों ने कुल 18 विरोध प्रदर्शन किये, जिसमें 27 पुलिस अधिकारी घायल हो गये। बर्लिन के पास टेस्ला गीगाफैक्ट्री में बिजली के खंभे पर पांच मार्च को संदिग्ध आगजनी के हमले के बाद बिजली बाधित हो गई और उत्पादन रुक गया।

चीन के मुद्दे पर देश को गुमराह कर रही कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

● नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना गलत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस चीन पर टिप्पणी करते समय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराती है, और ऐसे दिखाती है कि उसका कोई दोष नहीं है। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण को लेकर जयशंकर ने कहा कि चीन ने 1958 और 1962 में भारतीय जमीन पर कब्जा किया था और कुछ पर तो 1958 से पहले कब्जा किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि अपने ही बलों का मनोबल गिराना बहुत ही दुखद बात है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जब आप कहते रहते हैं कि

चीन ने जमीन ले ली तो वह जमीन तो 1962 में ही चली गई थी। मैं देखता हूं कि देश को गुमराह करने की कोशिशें की जा रही हैं।

चीन और भारत के संबंधों में असहजता देखी जा रही है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी की घटना के बाद रिश्तों में गतिरोध आया जब चीनी और भारतीय सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए। तब से भारत-चीन संबंध असामान्य स्थिति में हैं और दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को तैनात किया है।

निज्जर मामले में ऐसा कुछ मिला नहीं जो काम का हो

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा चौथी गिरफ्तारी किए जाने को लेकर सोमवार को कहा कि भारत को कभी ऐसा कुछ नहीं मिला जो उसकी जांच एजेंसियों के लिए विशिष्ट या काम का हो। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा के पास किसी भी हिंसा से संबंधित कोई ऐसा साक्ष्य या जानकारी है जो भारत में जांच के लिए प्रासंगिक है तो नई दिल्ली जांच के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रक्रिया के तहत जब विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया जाता है तो उनके मूल देश की सरकार या दूतावास को सूचित किया जाता है।

मालदीव की फिर मदद बॉण्ड की अवधि बढ़ाई

माले, एजेंसी

● पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया

भारत ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाकर द्विपीय देश को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने का निर्णय लिया है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड की मियाद एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी है।

मालदीव के राष्ट्रपति और चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के छह महीने पहले पदभार संभालने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बावजूद भारत सरकार ने यह निर्णय लिया। एसबीआई सरकारी स्तर पर इन सरकारी बॉण्ड का ग्राहक बनता है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार से बजटीय समर्थन हासिल करने के मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया। मालदीव सरकार ने सोमवार को भारत को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

विदेश मंत्री मूसा जमीर ने ट्वीट किया कि मैं पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह सद्भावना का एक सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है।

शोध | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने किया खुलासा

भारी बर्फबारी व बारिश बन सकती है भूकंप का कारण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पृथ्वी के गर्भ में टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व दबाव से ही नहीं, बल्कि भारी बर्फबारी व बारिश भी विनाशकारी भूकंप का कारण हो सकती है। जापान के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों के ताजा शोध में इस जानकारी का खुलासा हुआ है।

ज्ञात है कि 1 जनवरी, 2024 को जापान के नोटो प्रायद्वीप पर आए भूकंप के बाद यह शोध किया गया। दरअसल 2020 के अंत में जापान के नोटो प्रायद्वीप पर एक के बाद एक भूकंप आना शुरू हो गया था। जिनका कारण जानने के लिए जलवायु को आधार बनाया गया। शोध में भूकंप और भारी बर्फबारी व बारिश की अवधि के बीच परस्पर संबंध पाया गया है। दरअसल बर्फ और बारिश से उपसतह चट्टान की दरारों में दबाव बढ़ जाता है, जो निरंतर भूकंप के निर्माण में योगदान देता है। सामान्य तौर पर माना जाता है कि भूकंप तब आते हैं जब पृथ्वी की सतह के नीचे हलचल होती है, जो टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व भ्रंश के कारण घटित होते हैं। मगर नए शोध से पता चला है कि कई अन्य कारणों से भी भूकंप उत्पन्न हो सकते हैं। शोध में पिछले कुछ वर्षों में जापान में आए भूकंपों पर केंद्रित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार जापान के नोटो प्रायद्वीप के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में क्रस्टल भूकंपों का निरंतर आना आश्चर्यजनक है। यह क्षेत्र प्रशांत और फिलीपीन प्लेटों की प्लेट सीमाओं से बहुत दूर है। इस क्षेत्र में प्रति दिन सैकड़ों भूकंप आते है। जापान के द्वीपों में अंतर्देशीय क्रस्टल भूकंप मुख्य रूप से अपेक्षाकृत उथली गहराई पर होते हैं और भूकंप लगभग 15 किमी की गहराई पर शुरू होते हैं। शोधकर्ताओं ने 8 मई को साइंस एडवांसेज में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

जापान से सटा समुद्री क्षेत्र।

अन्य क्षेत्रों में भी प्रभाव डाल सकती है बर्फबारी व वर्षा

नैनीताल। शोधकर्ता वैज्ञानिक विलियम फ्रैंक के अनुसार इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी के अन्य हिस्सों में भारी बर्फबारी व बारिश भूकंपीय प्रभाव डाल सकती है। पर्यावरणीय घटनाएं भूमिगत तनाव की स्थिति को प्रभावित करती है। लिहाजा जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है।

अन्य क्षेत्रों में भी प्रभाव डाल सकती है बर्फबारी व वर्षा

नैनीताल। शोधकर्ता वैज्ञानिक विलियम फ्रैंक के अनुसार इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी के अन्य हिस्सों में भारी बर्फबारी व बारिश भूकंपीय प्रभाव डाल सकती है। पर्यावरणीय घटनाएं भूमिगत तनाव की स्थिति को प्रभावित करती हैं। लिहाजा जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है।

पाक के उप प्रधानमंत्री डार बीजिंग दौरे पर पहुंचे

बीजिंग, एजेंसी

● चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर होगी चर्चा

पाकिस्तान के नवनियुक्त उपप्रधानमंत्री इसहाक डार चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह चीन के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे और दोनों देश द्विपक्षीय रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे डार की आगवानी महानिदेशक राजदूत वांग फू कांग और चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी ने की।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि डार अरबों डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के उन्नयन सहित द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा करेंगे। बयान में कहा गया है कि वह अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ पांचवीं पाकिस्तान-चीन विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। वे उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और दौरे, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का उन्नयन और भविष्य की कनेक्टिविटी पहल की भी समीक्षा करेंगे।

दोनों विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बीजिंग यात्रा की संभावना पर चर्चा भी कर सकते हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिजिआंग प्रांत से जोड़ने वाली सीपीईसी का भारत ने विरोध किया है, क्योंकि इसका रास्ता पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर जाता है।